लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 15 फरवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 125 www.janexpresslive.com/epaper

मुंबई में मेट्रो लाइन पर हादसा: कंक्रीट स्लैब गिरने... 12

# देश का बुरा सोचने वाले को कांग्रेस कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे, ऐसा करने वाले पहले पीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था। उन्होंने कहा, आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने।



### असम में बनी पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

मोरन एयरस्ट्रिप एनएच-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। ईएलएफ का मतलब है कि युद्ध और इमरजेंसी जैसे हालात में हवाई जहाजों को हाईवे पर ही उतारा जाए और यहीं से उड़ान भरने की व्यवस्था हो। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है। रोजमर्रा के ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए। डुअल-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर के कॉन्सेप्ट पर तैयार ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर एयरक्राफ्ट और 74 टन तक के मैक्सिमम टेक-ऑफ वेट वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को हैंडल करने में सक्षम है।

### केंद्र सरकार ने असम को 5.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दिए

पीएम ने कहा- कांग्रेस के समय असम को पाई पाई के लिए तरसाया जाता था। असम को टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं। केंद्र सरकार से असम को तमाम विकास परियोजनाओं के लिए 5.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने कहा- जो कांग्रेस असम के विकास के लिए पैसे देने से बचती हो वो कांग्रेस क्या असम का विकास कर सकती है। कभी भी नहीं कर सकती है। आपका भला कर सकती है युवाओं का भला , किसानों का गांव का भला कर सकती है। इस साल के बजट में नार्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूती देने का काम हुआ है कनेक्टिविटी से रोजगार बढ़ता है इसलिए हाईवे के लिए हजारों करोड़ रुपए देना तय हुआ

### प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस कभी देश की रक्षा नहीं कर सकती

पीएम मोदी ने कहा- आज देश को सिर्फ एक और इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी नहीं मिली है। आज भारत सुरक्षा के लिए नए रूप से तैयार हो रहा है। सीमा को मजबूत कर रहा है। साथ दुश्मनों को उनके देश में घुसकर जवाब देता है। आज पुलवामा हमले की बरसी है इस हमले के बाद भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, उसे पूरी दुनिया ने देखा। पीएम ने कहा- कुछ लोग आज भी कांप रहे हैं, आपने ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शक्ति देखी। क्या कांग्रेस में कभी देशहित के लिए इतनी हिम्मत से फैसले लेने की ताकत नहीं थी, वो सिर्फ बयान दे सकते थे। वे सवाल करते है मां भारती क्या होती है। जो मां भारती का अपमान करती हो वो कांग्रेस कभी देश की रक्षा नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था। देश अपनी सेनाओं को मजबूत कर रहा है।

### इन पांच जगह देश में ईएलएफ की सुविधा

- राजस्थान के बाड़मेर (एनएच-925ए)
- उत्तर प्रदेश के आगर-लखनऊ एक्सप्रेसवे
- उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे
- ओडिशा के बालासोर (एनएच-16)
- आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (एनएच-16)

### बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से बीजेपी सरकार बनी

प्रधानमंत्री ने कहा- साथियों असम का इतना विकास इसलिए हो रहा है, क्योंकि यहां आप सभी की मेहनत से बीजेपी सरकार बनी। यहां के लोगों ने भाजपा पर भरोसा किया। आपने मेरा बूथ सबसे मजबूत की भावना से बूथ-बूथ जाकर एक-एक परिवार को मिलकर एक-एक मतदाता को जोड़ा। उन्हें अपने वोट की ताकत बताई, इसलिए असम में भाजपा की सरकार बनी। पीएम ने कहा- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने शौचालय बने पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है। गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला। इसलिए इस बार भी आपको अपने बूथ पर एक एक वोट का ध्यान रखना होगा। आपका बूथ जीतेगा तो बीजेपी जीतेगी।

### टूरिज्म के लिए असम से अच्छी जगह नहीं

पीएम मोदी ने कहा- मैं देश को बताना चाहता था कि टूरिज्म के लिए इससे अच्छी जगह नहीं है, आओ ये मेरा असम है। आज देश की नजर असम पर है। सबने देखा असम का नार्थ ईस्ट का सामर्थ्य क्या है। जब में वायुसेना के विमान से मोरान के हाईवे पर उतरा तो ये नया इतिहास बन गया। प्रधानमंत्री ने कहा- कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे छोड़ो टूटी सड़क निकलेंगे तो कब पहुंचेंगे वो भी एक वक्त था ये भी एक वक्त था। आज सिर्फ गाड़ियां ही नहीं चलतीं हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। मोबाइल फोन निकालकर फ्लैश लाइट जलाकर बताइए कि आपको असम के विकास पर गर्व हुआ है।

### भाजपा संगठन की ताकत में विश्वास करती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस मुकाम पर पहुंची है, उसका पूरा श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की ताकत में विश्वास करती है। उनका मानना है कि देश के जीवन में बदलाव लाने की असली ताकत संगठन से ही आती है। मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले इतने बड़े संख्या में कार्यकर्ताओं से मिलना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी एक ही मंत्र को मानकर चलती है और उसी को पूरा करने में लगी है। वह मंत्र है 'भारत माता की जय।'

### नॉर्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी

पीएम मोदी ने कहा- बजट के बाद असम का नार्थ ईस्ट का मेरा ये पहला दौरा है, जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने हमेशा नजर अंदाज किया उसकी हम सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा- नॉर्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है। बजट में ज्यादा फोकस नार्थ ईस्ट को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर है, असम को टैक्स की हिस्सेदारी के रूप में करीब 50 हजार करोड़ रुपए मिलने वाले हैं।



### पीएम का विमान उतरना ऐतिहासिक पल

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी डिब्रूगढ़ में मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरे। जो कि एक ऐतिहासिक पल रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से ईएलएफ पर उतरे। इसके बाद उन्होंने यहां फाइटर, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टर का हवाई प्रदर्शन (एयर शो) देखा। बता दें कि ईएलएफ पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसके निर्माण से आपात के दौरान सेना और नागरिक विमान की लैंडिंग और टेक-ऑफ में मदद मिलेगी।

### पीएम का विमान उतरना ऐतिहासिक पल

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी डिब्रूगढ़ में मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरे। जो कि एक ऐतिहासिक पल रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से ईएलएफ पर उतरे। इसके बाद उन्होंने यहां फाइटर, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टर का हवाई प्रदर्शन (एयर शो) देखा। बता दें कि ईएलएफ पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसके निर्माण से आपात के दौरान सेना और नागरिक विमान की लैंडिंग और टेक-ऑफ में मदद मिलेगी।

### क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी?

दरअसल, ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी युद्ध और आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे की सुविधा है। जहां हाईवे पर पट्टी बनाई जाती है। जो कि युद्ध या आपातकाल में लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टरों के लिए वैकल्पिक लैंडिंग की जगह देती है। ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम टेक-ऑफ भार वाला परिवहन विमान को संभालने में सक्षम है। बता दें कि देशभर में 28 ईएलएफ की योजना है। फिलहाल असम को छोड़कर देश में ऐसे पांच जगह ऐसी सुविधा है। असम में यह सुविधा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा के काफी पास है। जो कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# 'झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ'

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बयान के बाद सियासत तेज, शाह बोले, किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कराईकल**

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। शाह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की एक रैली में शाह ने कहा कि राहुल गांधी रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ। शाह ने कहा कि लेकिन लोग अब आपकी झूठ फैक्टरी को पहचान चुके हैं।

### कांग्रेस सरकार पर बोला तीखा हमला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में आयोजित रैली में पुडुचेरी के तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि नारायणासामी की सरकार ने पुडुचेरी को गांधी परिवार के लिए एक एटीएम बना दिया था। उन्होंने खुलकर कहा कि पीजी और डिप्लोमा सीटों की नीलामी की गई और अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षित सीटें भी अमीरों को बेच दी गई। उन्होंने कहा कि परिवहन माफियाओं को जनता को परेशान करने की पूरी आजादी दी गई थी।

### शाह ने बताया पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य

उन्होंने बताया कि पिछली पांच साल में कांग्रेस ने पुडुचेरी में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का माहौल बनाया था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे बदलकर व्यवस्था और विकास की ओर ले जाया है। अब अगले पांच साल में पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पहले पुडुचेरी के फैसले गांधी परिवार द्वारा दिल्ली से लिए जाते थे, अब यह निर्णय पुडुचेरी में ही लिए जाते हैं। अमित शाह ने पुडुचेरी में एनडीए, भाजपा और नेता रंगास्वामी के प्रति जनता के विश्वास की बात करते हुए कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को 44% वोट मिले थे, लेकिन इस बार गठबंधन 60% वोट पाने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और समृद्धि को भी जनता के सामने रखा।

### 'पीएम मोदी ने किसानों-मछुआरों का हित सुरक्षित किया'

इसके साथ ही शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यूपीए सरकार के दौरान किसानों के हितों की अनदेखी हुई और उनका फायदा नहीं हुआ। इसके साथ ही अमित शाह ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी।

### यूपी: आधार में जन्मतिथि बदलने के नियमों में होगा बदलाव अलग-अलग जन्म प्रमाण दिखाकर नहीं होगा अपडेट

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** कई लोग उम्र कम दिखाने के लिए आधार में जन्मतिथि बदलवाते हैं। इसमें अलग-अलग जन्म प्रमाणपत्रों को इस्तेमाल किया जाता है। मतलब पहला वाला प्रमाणपत्र निरस्त करवा दूसरा बनवा लिया जाता है। उसके आधार पर आसानी से जन्मतिथि बदलवा ली जाती है लेकिन अब ये हेरफेर नहीं हो सकेगा। इसके लिए नियम को बदलकर सख्त कर दिया गया है। दरअसल जो जन्म प्रमाणपत्र बनते हैं उनमें विशेष जन्म पंजीकरण संख्या दर्ज होती है।

# जेपी नड्डा कोर कमेटी बैठक में शामिल, पुष्कर सिंह धामी ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जौलीग्रांट पहुंचने पर सीएम धामी ने स्वागत किया। उत्तराखंड भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसके मद्देनजर आज जौलीग्रांट स्थित एक होटल में कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा जौलीग्रांट के एक होटल में कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने पहुंचे। जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने सियासी रणनीति को परवान चढ़ाना शुरू कर दिया है। कोर कमेटी की बैठक में भी मुख्य तौर पर विधानसभा चुनाव ही एजेंडा रखा गया है। इसमें तय किया जाएगा कि भाजपा अगले चुनाव को किस तरह से लड़ेगी। क्या मुद्दे होंगे। विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक की रणनीति क्या होगी। ये भी तय किया जाएगा कि हर कार्यकर्ता जनता के बीच कैसे पहुंचेंगे। हाल ही में भाजपा ने प्रदेश में पहले चरण का सर्वे करा लिया है। इस लिहाज से भी कोर कमेटी की बैठक अहम होगी। देखा जाएगा कि कौन सी सीटों पर पार्टी कमजोर स्थिति में है और किन सीटों पर पार्टी की जीत का रास्ता साफ है। विधायकों की स्थिति क्या है। इन सब पर चर्चा के साथ ही रणनीति बनाई जाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पहले ही कह चुके हैं कि जो जहां से विधायक हैं, वहीं से अगले चुनाव की भी तैयारी करें। विधायक हो या मंत्री, किसी की सीट नहीं बदलवाई जाएगी।



### जीत की हैट्रिक पर फोकस

भाजपा प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के लक्ष्य के साथ रणनीति को धार देने में जुटी है। कोर कमेटी की बैठक में मुख्य एजेंडा आगामी विधानसभा चुनाव रहा। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि पार्टी चुनाव किस मुद्दे पर लड़ेगी और किस प्रकार की रणनीति अपनाई जाएगी। विधानसभा स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को कैसे सक्रिय किया जाए, कार्यकर्ताओं को जनता के बीच किस तरह उतारा जाए और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से कैसे पहुंचाया जाए—इन सभी बिंदुओं पर मंथन हुआ।


### सर्वे रिपोर्ट पर भी चर्चा

हाल ही में भाजपा द्वारा प्रदेश में पहले चरण का सर्वे कराया गया है। कोर कमेटी की बैठक में इस सर्वे के निष्कर्षों पर भी चर्चा की गई। किन सीटों पर पार्टी मजबूत स्थिति में है और कहां संगठन को और मेहनत करने की जरूरत है, इसका आकलन किया गया। बैठक में विधायकों की कार्यप्रणाली, जनसंपर्क और क्षेत्रीय समीकरणों पर भी विचार किया गया। रणनीति इसी आधार पर तय की जाएगी कि किन क्षेत्रों में विशेष फोकस की आवश्यकता है।

## पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी का हथियार के साथ फोटो किया पोस्ट, हिरासत में लिया शामली का युवक

**जन एक्सप्रेस। शामली**

शामली फेसबुक आईडी से पाकिस्तान के गैंगस्टर एवं आतंकी शहजाद की हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। अब तक की जांच में सामने आया कि फोटो को एआई से बनाया गया था। सहारनपुर के गंगोह निवासी रोहित प्रधान ने एक्स पर शुक्रवार को पोस्ट कर शिकायत की, कि कैराना क्षेत्र के गांव बीनड़ा निवासी युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी का हथियारों के साथ फोटो पोस्ट की है। उसने आशंका जताई कि युवक का विदेशी लोगों से कनेक्शन हो सकता है। इसकी फेसबुक आईडी की जांच कराकर कार्रवाई की जानी चाहिए। फेसबुक पर डाली गई पोस्ट में शहजाद भट्टी के साथ एक अन्य युवक भी हथियारों के साथ दिखाई दे रहा है। पोस्ट वायरल होते ही डीजीपी कार्यालय से शामली पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।



# रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बना रेफर सेंटर

## अरबों रुपए की लागत से बना व कागज में लाखों की व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




बुंदेलखंड की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने और स्थानीय स्तर पर सुपर स्पेशियलिटी इलाज उपलब्ध कराने के बड़े सरकारी दावों के बीच अरबों रुपये की लागत से बना रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज आज खुद सवालों के घेरे में खड़ा दिखाई दे रहा है। कागजों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह संस्थान जमीनी हकीकत में मरीजों के लिए राहत केंद्र बनने के बजाय महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है।सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जीरो टॉलरेंस और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था के दावे करती रही है।लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों का आरोप है कि यहां गंभीर इलाज के बजाय मरीजों को झांसी,कानपुर या लखनऊ रेफर कर देना आम बात बन चुकी है। डाटा उठा कर चेक कर सकते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों की मशीनें और संसाधन होने के बावजूद उनका उपयोग सीमित है।कूड़ा बन कर रह गयीं हैं, जिससे मेडिकल कालेज का उद्देश्य ही सवालों में आ गया है।मेडिकल कालेज की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सबसे ज्यादा सवाल प्रभारी प्रिंसिपल की प्रशासनिक क्षमता पर उठ रहे हैं। आरोप है कि लगातार शिकायतों, अव्यवस्थाओं और डॉक्टरों की मनमानी के बावजूद कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक कई बार शिकायतें पहुंचने के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक शिथिलता की ओर इशारा करता है। मरीजों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि मेडिकल कालेज में तैनात कई डाक्टर सरकारी ड्यूटी से ज्यादा निजी प्रैक्टिस में सक्रिय रहते हैं। बाहर निजी अस्पतालों में ज्यादा ध्यान देते हैं व खूब धन कमा रहे हैं। मरीजों को निजी क्लीनिकों तक ले जाने के लिए कथित तौर पर दलाल तंत्र सक्रिय होने की भी चर्चा है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई निजी क्लीनिक आवश्यक मानकों और फायर एनओसी के बिना संचालित बताए जाते हैं,फिर भी लाइसेंस जारी होने से निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मेडिकल कालेज में तैनात डाक्टरों द्वारा कालेज में किए गए अल्ट्रासाउंड और उन्हीं डाक्टरों से जुड़े निजी संस्थानों में किए गए अल्ट्रासाउंड का पिछले दो वर्षो का रिकार्ड खंगाला जाए तो वास्तविक स्थिति स्वतः सामने आ सकती है।ऐसी पारदर्शी जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि सरकारी संसाधनों का लाभ मरीजों को मिल रहा है या निजी संस्थानों को।सरकार द्वारा सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है,लेकिन आरोप है कि कई बार डॉक्टर मरीजों को वहां भेजने के बजाय बाहर की महंगी और कथित कमीशन आधारित दवाएं लिखते हैं। जागरूक तीमारदारों का आरोप है कि जनऔषधि केंद्र की बात करने पर उन्हें तंज सुनने पड़ते हैं और कथित रूप से कहा जाता है ÷इलाज कराना है या राजनीति करनी है, ज्यादा जानकारी है तो मरीज को बाहर ले जाइए।÷ यदि ये आरोप सही हैं तो यह न केवल सरकारी नीति की अवहेलना बल्कि गरीब मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी है।सूत्रों के अनुसार मेडिकल कालेज प्रशासन और कुछ डाक्टरों के खिलाफ समय-समय पर विभिन्न अधिकारियों को शिकायतें भेजी गई।

# डीएम ने मतदेय स्थलों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्य के अंतर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। यहां मतदाताओं को नोटिस प्राप्ति में विलंब होते पाए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही करने वाले कार्मिकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र के बूथ संख्या 450 लक्ष्मण पुरी एवं बूथ संख्या 226 कंपोजिट विद्यालय, कुंजन पुरवा पर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। यहां डीएम ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य में तार्किक विसंगति के निराकरण पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए आधार कार्ड एवं परिवार रजिस्टर का मिलान कर डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करें। इस दौरान सुपरवाइजर ने बताया कि कुछ मतदाताओं को अभी तक नोटिस प्राप्त नहीं हुए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोटिस प्रिंट कराकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि नोटिस वितरण में विलंब होने पर व कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित उत्तरदायी कार्मिक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ से कम से कम 50 मतदाताओं को नोटिस तामील कराते हुए उनकी सुनवाई की जाए। साथ ही विसंगतियों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए तत्काल बी.एल.ओ. एप पर अपलोड करना करें। अधिकारियों एवं बी.एल.ओ. को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग की मंशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित और शुद्ध बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र प्रदीप दीक्षित, खंड विकास अधिकारी कर्वी महिमा विद्यार्थी, सुपरवाइजर नरेन्द्र कुमार सहित बीएलओ आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय एवं गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण :डीएम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शनिवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना चिल्ला में किया गया तथा थाना चिल्ला का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने संपूर्ण थाना समाधान दिवस में समस्या सुनते हुए दो पक्षों की ग्राम बगिया में विवाद और जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत पर लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस की टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक फरियादी अनीता की जमीन पर पेमाइश किए जाने के संबंध में लेखपाल को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने थाना चिल्ला का निरीक्षण किया।निरीक्षण में उन्होंने कंप्यूटरकच्छ,आरक्षित बैरक एवं कार्यालय का निरीक्षण करते हुए थाना अध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण में उन्होंने त्यौहार एवं मुकदमा रजिस्टर समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण रजिस्टर,महिला हेल्प डेस्क,अपराध रजिस्टर आदि का निरीक्षण करते हुए समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।उन्होंने ग्राम अपराध रजिस्टर 8 एवं एनसीआर रजिस्टर तथा शास्त्र रजिस्टर का जनता से निरीक्षण करते हुए ग्रामों में अपराध की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने के रजिस्टर तथा अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न रजिस्टर आदि का निरीक्षण करते हुए शौचालय एवं मैस का भी निरीक्षण कर शौचालय में सफाई कराए जाने की निर्देश दिए,निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति की भी जानकारी लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष अर्पित पांडे सहित अन्य पटल सहायक पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेत्र विभाग विशेषज्ञों ने किया मोतियाबिंद का आपरेशन




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आमजनमानस को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर चिकित्सीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग के विशेषज्ञों द्वारा निरंतर मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर उनका आपरेशन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में जनपद वासियों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य के दृष्टिगत संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ रमेश कुमार भारती एवं डॉ अरुण आर्या द्वारा परीक्षण कर मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित करते हुए प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को उनका आपरेशन किया जा रहा है। जिसके तहत बीते शुक्रवार को जिला चिकित्सालय की नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा 19 मरीजों का इन्ट्रा ऑक्यूलर लेंस (आईओएल) पद्धति से मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। यह उपलब्धि चिकित्सालय में उपलब्ध उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी चिकित्सकों की प्रतिबद्धता एवं कुशल प्रशासनिक व्यवस्था को दर्शाती है, जिससे आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित हो रहा है।

# गमछे से गला दबाकर किशोर की हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा 10 बर्षीय किशोर की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि 7 फरवरी को थाना बबेरू क्षेत्र के ग्राम मुरवल के पास खेत में एक 10 वर्षीय बालक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी।सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा फील्ड यूनिट की सहायता से साक्ष्य संकलित कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।डाक्टरों के पैनल की रिपोर्ट प्राप्त साक्ष्यों व परिजनो की सूचना के आधार पर थाना बबेरू पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को ग्राम मुरवल से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सूरज पुत्र लालबाबू निवासी मुरवल थाना बबेरू है।

### आज महाशिवरात्रि को पटेल समाज आयोजित सातवां सामुहिक विवाह सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पावन पर्व के शुभ अवसर पर दिनांक 15 फरवरी दिन रविवार को पटेल समाज का सातवां सामूहिक विवाह यज्ञ सम्मेलन तहसील बबेरू के ग्राम भदेहदू मे पटेल उत्थान समिति बबेरू द्वारा संपन्न कराया जायेगा,जिसमें 10 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बांदा - चित्रकूट संसदीय क्षेत्र की सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर सिंह पटेल होंगी। कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन सिंह पटेल द्वारा दी गयी।

### युवा व महिला मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनपद में 18-20 आयु वर्ग के युवाओं तथा पात्र महिला मतदाताओं का अधिकाधिक पंजीकरण करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत विभिन्न विभागों को समन्वित रूप से अभियान चलाकर फार्म-6 भरवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागो के अधिकारियों को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने स्तर से पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनका पंजीकरण कराने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि 18-19 आयु वर्ग के युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण अपेक्षाकृत कम है, जिसे बढ़ाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) को सक्रिय किया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में निर्वाचन प्रक्रिया का अनुभव रखने वाले शिक्षक, विशेषकर राजनीति शास्त्र के शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कक्षा से एक छात्र या छात्रा को मतदाता साक्षरता क्लब की कार्यकारी समिति का सदस्य तथा एक को कैंपस एंबेसडर नामित किया जाएगा, जो पात्र युवाओं के चिन्हांकन एवं पंजीकरण में सहयोग करेंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए है। बताया कि जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वह मतदाता के रूप में अपना शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएं। महिला मतदाताओं की स्वयं सहायता समूहों की सखियों एवं सदस्यों के माध्यम से पहचान कराकर फार्म-6 भरवाया जाएगा।

# श्रीमद्भागवत कथा एवं माँ खेरापती मंदिर महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद की नरैनी तहसील के अंतर्गत ग्राम पचोखर में इन दिनों आस्था और श्रद्धा का अनुपम समागम देखने को मिल रहा है। ग्रामवासियों की गहन भक्ति भावना को देखते हुए नवयुवकों द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ 14 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ।हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष हर्षोल्लास एवं पूर्ण भक्ति भाव से इस यात्रा में शामिल हुए, जिसने पूरे ग्राम को दिव्य ऊर्जा से भर दिया।यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का है।बल्कि सामाजिक एकता और युवा शक्ति का प्रतीक भी बन रहा है।जहां हर कोई माँ की कृपा और भगवान की लीला में लीन होकर आनंदित है।

कलश यात्रा के पश्चात श्रीमद्भागवत कथा का पवित्र प्रवचन प्रारंभ हुआ,जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित आदित्य कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भगवत कथा सुनाई जा रही है। उनके मुखारविंद से निकलने वाली अमृतमयी वाणी ने श्रद्धालुओं के हृदय को भक्ति रस से सराबोर कर दिया है। इस कथा के माध्यम से ग्राम में भक्ति की लहर फैल रही है,जो सदियों पुरानी आस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है।हर कोई इस दिव्य कथा में डूबकर अपने मन की शांति और मोक्ष की कामना कर रहा है।जिससे पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो उठा है।20 फरवरी को माँ खेरापती की नवीन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक क्षण आएगा, जहां बनारस से पधारे महान वेदाचार्य द्वारा यह पवित्र कार्य संपन्न होगा। ग्राम के बुजुर्गों के अनुसार यह प्रतिमा सैकड़ों वर्ष पुरानी (अनुमानतः चार-पांच सौ वर्ष) है, जो ग्राम के किनारे स्थापित रही। नई मूर्ति की स्थापना से मंदिर में नई दिव्यता और ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम का समापन 22 फरवरी को भव्य हवन सामूहिक भंडारे के साथ होगा।जहां सभी श्रद्धालु माँ खेरापती एवं भगवान की कृपा प्राप्त करने हेतु आहुतियाँ देंगे। यह महोत्सव भक्ति श्रद्धा और आस्था के अद्भुत संगम का जीवंत प्रमाण बनेगा।

# कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये की गई गश्त के दौरान 68 वाहनों के ई-चालान किये गये

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



कानून के बेहतर और मजबूत इंतिजाम बनाये रखने के मकसद से किया गया पैदल गश्त। जिले के सभी थानों की पुलिस ने व्यापक स्तर पर पैदल गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस बल ने मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, मुख्य मार्गो और राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत की । पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें यह भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और तत्पर है । इस दौरान जनता को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवारों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने की आवश्यकता, शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को समझाया गया । पुलिस ने नागरिकों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया और उन्हें नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए प्रेरित किया । इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्वाई की गई, जिसमें 68 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# भगवान श्रीकृष्ण ने दिया था अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मऊ कस्बे के अटल नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे शनिवार को कथा वाचक वंशीनंदन राधे शुक्ल महराज ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं भक्तिमय वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी के दिव्य विवाह का वर्णन करते हुए भक्तों को प्रेम, समर्पण और आस्था का संदेश दिया।

कथा के दौरान व्यासपीठ से बताया गया कि रुक्मिणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानते हुए उन्हें संदेश भेजा था और अपने प्रेम एवं श्रद्धा के बल पर उन्हें प्राप्त किया। उन्होंने समाज की परंपराओं के विपरीत जाकर अपने आराध्य को पाने का साहस दिखाया, जो सच्ची भक्ति का प्रतीक है। कहा कि जब प्रेम सच्चा होता है तो भगवान स्वयं भक्त के पास चले आते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर उनसे विवाह किया और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। इस प्रसंग को सुनते ही श्रद्धालुओं ने 'राधे-राधे' एवं 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से पूरा पंडाल गुंजायमान कर दिया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों पर उपस्थित महिलाओं एवं युवाओं ने झूमकर नृत्य किया और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कथा की यजमान शकुंतला देवी गौतम और आयोजक बालमुकुंद प्रभाकर गौतम ने बताया कि आगामी 16 फरवरी को कथा समापन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर फूलचन्द्र गौतम, शिव गोविंद गौतम, रजनीश गौतम आदि मौजूद रहे।

### आज से आयोजित होगी रामकथा व महायज्ञ! निकाली जाऐगी शिवबारात

**जन एक्सप्रेसध्बांदा।** लगातार कई वर्षों से चल रही परम्परा के तहत इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के दिन से राम कथा का आयोजन शुरू किया जाएगा ।जिसमे पहले दिन महादेव की बरात और तिलक चढ़ाने का कार्य भी किया जाएगा ।और साथ में कलश यात्रा का भी आयोजन रहेगा ।गिरवा थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गाँव में कई वर्षों से शिवरात्रि के दिन से राम कथा का आयोजन शुरू कर दिया जाता है ।जो की आज पहले शिव बरात निकाली जायेगी ।और मुरली मनोहर मंदिर में माता पार्वती की तरफसे तिलक चढ़ाने का कार्य किया जाएगा ।और साथ ही राम कथा की कलश यात्रा का भी आयोजन रहेगा। रात्रि में ही माता पार्वती और भगवान शंकर के विवाह का आयोजन किया जाएगा और साथ में कन्यादान का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के आयोजन संकट मोचन मंदिर के पुजारी तुलसीदास महाराज ने यह बताया की ये राम कथा लगातार 8 दिन चलेगी और साथ ही महायज्ञ भी चलेगा जिसमे कई सौ कुंतल का हवंन होता है।

# 17 फरवरी को लखनऊ कूच करेंगे कांग्रेसी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**


जिला कौंग्रेस समिति द्वारा शनिवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 17 फरवरी को संग्राम के दूसरे चरण के तहत लखनऊ जाने की तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि 20 वर्ष पहले यूपीए की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था, जिसके तहत ग्राम पंचायतों को ग्रामीण स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया। यह योजना कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई और भाजपा सरकार भारत के गरीब लोगों के लिए सुरक्षा और जीवन यापन की गारंटी इस कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश कर रही है। कहा कि जब तक मनरेगा को पूरी तरह उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता तब तक कौंग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी। कहा कि पिछले एक महीने से जारी इस संग्राम में सभी कौंग्रेसी गांधीवादी तरीके से इस संवेदनहीन बदलाव का विरोध कर रहे हैं। बताया कि संग्राम के पहले चरण के तहत पूरे प्रदेश में अब तक 5000 से ज्यादा मनरेगा बचाओ चैपालों का आयोजन किया जा चुका है।

# कालिंजर महोत्सव 2026 जनपद में सजेगा तीन दिवसीय सांस्कृतिक महासंगम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक धरती पर 15 से 17 फरवरी तक तीन दिवसीय भव्य कालिंजर महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है।इतिहास की गूंज,संस्कृति की आत्मा थीम पर आधारित यह महोत्सव उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत,लोक परंपराओं और कलात्मक उत्कृष्टता का अद्भुत उत्सव होगा।महोत्सव का आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में किया जाएगा।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कालिंजर महोत्सव के दौरान बुंदेली लोक नृत्य,आल्हा गायन,भजन और लोकगीतों सहित विविध प्रस्तुतियां होंगी।जो क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को नया मंच प्रदान करेंगी।जनपद के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक वैभव से परिपूर्ण कालिंजर किले की पृष्ठभूमि में यह आयोजन आगंतुकों को लोक उत्सव के वातावरण में इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी स्मरणीय अनुभव सिद्ध होगा।कालिंजर महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन में जहां एक ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी,वहीं खेल महोत्सव के माध्यम से




युवाओं की ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मंच मिलेगा। जनपद गाट टैलेंट के जरिए स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा,तो आज की शाम कालिंजर के नाम के अंतर्गत विभिन्न विधाओं के कलाकार,गायक और खिलाड़ी अपनी विधा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।यह महोत्सव स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर की झलक के साथ परंपरा और नवाचार का उत्सव बनकर भी उभरेगा।महोत्सव अंतर्गत मंडलीय सरस मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे तथा सम्मेलन एवं गोष्ठी भी होगी।खेल महोत्सव प्रतिदिन प्रातः 08 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा,जिसमें 15 फरवरी को खो-खो प्रतियोगिता,16 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता तथा 17 फरवरी को दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।कालिंजर महोत्सव के अंतर्गत बांदा गॉट टैलेंट का आयोजन प्रतिदिन अपरान्ह 01 बजे से 03 बजे तक किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 15 फरवरी को विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।16 फरवरी को महाविद्यालय स्तरीय प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे,जबकि 17 फरवरी को सांस्कृतिक उत्सव 2025-26 के जनपद स्तरीय विजेताओं द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।कालिंजर महोत्सव में 15,16 व 17 फरवरी को प्रतिदिन अपराह्न 04 बजे से सायं 06 बजे तक स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर के अंतर्गत बुंदेली लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां होंगी।

# गंगा एक्सप्रेसवे को दुर्घटनाओं से मुक्त बनाने की कोशिश, अक्तूबर 2026 से हो सकता है शुरू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को पिकप उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के विकास कार्यों, संचालित, निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के साथ ही अन्य कार्यों की समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने निर्माणाधीन मेरठ से प्रयागराज तक उत्तर प्रदेश के सबसे लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे के बचे हुए कार्य को शीघ्र पूरा कराने एवं प्रस्तावित सभी नए एक्सप्रेसवे का हर हाल में अक्टूबर 2026 तक शिलान्यास कराने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने का सम्बंधित अधिकारियों को आदेश दिया। नन्दी ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति एवं कार्य पूर्ण होने के साथ ही लोकार्पण की स्थिति की जानकारी ली। जिस पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 594 किलोमीटर लम्बे प्रदेश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे के मेन कैरिजवे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वाहनों का अवागमन शुरू होने के पूर्व अब सुरक्षात्मक उपायों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित एक्सप्रेसवे के किनारे अभी तक खम्भे लगा कर लोहे के तारों से फेंसिंग कराई गई है। जिसकी वजह से आस-पास के गांवों के लोग तारों को काट कर रास्ता बना लेते हैं। स्थानीय लोग तो आवागमन करते ही हैं, जानवर भी सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है। इस तरह की मनमानी को रोकने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे पर पक्का बाउण्ड्री वाल एवं मेटल बीम क्रैश बैरियर का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि सुरक्षित तरीके से वाहनों का अवागमन हो सके। अधिकारियों ने बताया कि 295 किलोमीटर मार्ग पर बाउण्ड्रीवाल और मेटल बीम क्रैश बैरियर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। यह कार्य पूरा होते ही गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कराया जाएगा। मंत्री नन्दी ने यूपीडा में लम्बे समय से प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारियों को उनके मूल विभागों में भेजे जाने एवं अन्य विभागों से अधिकारियों की यूपीडा में तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कराने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि विवादित प्रकरणों में भूखण्डों का आवंटन सभी शर्तों को ध्यान में रखते हुए किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार, एसीईओ यूपीडा हरि प्रताप शाही, एसीईओ यूपीडा शशांक चौधरी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ये एक्सप्रेसवे भी कतार में

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नवीन प्रस्तावित एक्सप्रेसवे- विंध्य एक्सप्रेसवे, विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे, चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे के साथ ही प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे), फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे (गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे), जेवर लिंक एक्सप्रेसवे (यमुना एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस वाया बुलन्दशहर, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे का अक्टूबर 2026 तक शिलान्यास कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# यूपी डीजीपी के निर्देश: त्योहारों पर बरतें विशेष सतर्कता, सोशल मीडिया पर रखें नजर, होली को लेकर दिये आदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



डीजीपी राजीव कृष्ण ने शनिवार को ऑनलाइन अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी एडीजी, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी व अन्य अफसरों को निर्देश दिए कि त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। सोशल मीडिया की निगरानी करें। अगर कोई आपत्तिजनक या विवादित पोस्ट आदि मिलता है तो संबंधित पर कार्रवाई करें। डीजीपी ने कहा कि महाशिवरात्रि, होली और रमजान के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों, मंदिरों, मस्जिदों, घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। होलिका दहन वाले स्थानों पर पहले से ही सुरक्षा का इंतजाम हो। नमाज के दौरान मार्ग प्रबंधन व यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पहले हुए विवादों की समीक्षा कर संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करें। प्रत्येक सूचना पर तत्काल कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणाधीन 60 हजार आरक्षियों के आगमन को देखते हुए बैरक व आवासीय व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं। आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए।

### बजट का आवंटन समय पर हो

डीजपी ने वितीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित बजट का समयबद्ध और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, ई-साक्ष्य और ई-सम्मन प्रणाली की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग व सीसीटीएनएस 2.0 और आईसीजेएस 2.0 के लिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

# शंकराचार्य के बारे में अपमानजनक बोलना है पाप, उन पर दिया गया अभद्र बयान इतिहास में दर्ज: अखिलेश यादव



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना पाप है। ऐसा कहने वाले के साथ-साथ उनको भी पाप पड़ेगा जिन्होंने चापलूसी में मेजें थपथपाई हैं। जब भाजपा के विधायक सदन के बाहर जाएंगे और जनता का सामना करेंगे तो जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि जो महाकुंभ की मौतों पर सच्चे आंकड़े नहीं बताते हैं। कैश में मुआवजा देकर उसमें भी भ्रष्टाचार का रास्ता निकाल लेते हैं। वे किसी और के धर्म पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते हैं। जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है। उन्होंने कहा कि हाता नहीं भाता का ये विस्तारित रूप है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि शंकराचार्य जी पर दिया गया अभद्र बयान सदन में हमेशा के लिए दर्ज़ हो गया है। उनके इस बयान को हम निंदनीय कहें तो निंदनीय शब्द को भी निंदनीय महसूस होगा। इनका बस चले तो जो विवादित फिल्म आई है, उसका नाम बदले बिना ही रिलीज भी कर दें और टैक्स फ्री भी कर दें। अगले चुनाव में वो समाज एक-एक वोट उनके खिलाफ डालकर अपने अपमान और उनके प्रदेश अध्यक्ष के नोटिस का सही जवाब देगा।

### अखिलेश ने शिवरात्रि की दी बधाई

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान शिव से सभी के आरोग्यमय, सुखमय और समृद्ध जीवन की प्रार्थना की है।

# मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना का यह महापर्व भक्ति, तप, कल्याण और आत्मोद्धार का उत्सव है, जो जन-जीवन में धर्म, सत्य और सदाचार की शक्ति को पुष्ट करता है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन संदेश हमें कर्तव्यनिष्ठा, संयम, करुणा एवं लोक-कल्याण के पथ पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि पर प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों श्री काशी विश्वनाथ धाम, गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी, लोधेश्वरनाथ बाराबंकी, झारखण्डी महादेव, मुंजेश्वरनाथ व मुक्तेश्वरनाथ गोरखपुर श्रीमार्कण्डेय महादेव कैथी श्रीतामेश्वरनाथ संत कबीर नगर दुग्धेश्वरनाथ गाजियाबाद मेरठ के बाबा औघड़नाथ, अयोध्या के श्रीनागेश्वरनाथ तथा आगरा स्थित बटेश्वर महादेव में लाखों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुँचेंगे। जन-आस्था के इस विराट प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिवालयों पर स्वच्छता, भीड़-प्रबन्धन, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सहायता, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यक सेवाएँ पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएँ ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विगत नौ वर्षों में प्रदेश के धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

# कृषि शोध को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता: शाही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में 'विकसित कृषि-विकसित भारत-2047' अभियान के तहत तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन किया। 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और मशीनीकरण को सीधे धरातल पर उतारना है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए 'श्री अन्न उत्कृष्टता केंद्र' तथा 'खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र' का लोकार्पण किया। उन्होंने 20 करोड़ रुपये की लागत वाले 'प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र' और 11 करोड़ रुपये की 'प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला' का शिलान्यास किया, जो बुंदेलखंड की कृषि व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे।

# श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में 2026 को भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में शुक्रवार व शनिवार को दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ रोजगार के अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैंकिंग, बीमा, रिटेल, आईटी एवं फिनटेक क्षेत्रों की कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें बंधन बैंक, बजाज लाइफ इंश्योरेंस, लुलु मॉल, पॉलिसी घर, नेटएम्बिट, द क्राफ्टर्स, कनोवटिक, ॥छस्नष्ट लाइफ और स्पाइडरवेला टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड शामिल हुई। लगभग 500 विद्यार्थियों ने इस ड्राइव में भाग लिया, जिनमें से करीब 106 का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. ज्योति सिंह ने कहा, 'हमारा लक्ष्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना है।' संस्थान के डीन प्रो. विवेक मिश्रा ने कहा, 'यह प्लेसमेंट ड्राइव हमारी शिक्षा और उद्योग सहयोग की सफलता का प्रमाण है। '

# प्रदेश के 74 जनपदों को विधिक सेवा प्रचार वाहन, मध्यस्थता हेल्पलाइन का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- न्याय तक सुलभ पहुँच की दिशा में पहल, सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों की उपस्थिति
- सुलभ, त्वरित न्याय के संकल्प को बल, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की महत्वपूर्ण पहल

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय खंड पीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों के फ्लैग-ऑफ समारोह और राज्य मध्यस्थता हेल्पलाइन के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता पहुँचाने और विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, दिल्ली, न्यायमूर्ति श्री. चंद्रशेखर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, बॉम्बे, न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा अन्य न्यायमूर्ति ने कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी भी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को विधिक जागरूकता हेतु विशेष प्रचार वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों का मुख्य उद्देश्य जनपद के अत्यंत पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक सेवा गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना है। इन वाहनों के माध्यम से निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाई जाएगी। परियोजना हेतु वित्तीय प्रबंध राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया गया है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आम जनमानस अपने विवादों के समाधान हेतु मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में निःशुल्क परामर्श एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह डिजिटल पहल वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा न्याय की प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं सुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मनु कलिया, सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन और विषय पर गहरी पकड़ ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत व्यवस्थित और गरिमापूर्ण बनाए रखा।

# नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर को केंद्र की मंजूरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी विस्तार को हरी झंडी
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क 61.62 किमी तक पहुंचेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इस नए एलिवेटेड कॉरिडोर में 8 स्टेशन होंगे। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 61.62 किलोमीटर हो जाएगी। यह कॉरिडोर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की यात्रा भी सुगम बनाएगा। इस फैसले को उत्तर प्रदेश में शहरीकरण और औद्योगिक विकास के अनुरूप सार्वजनिक परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है।योगी सरकार के शहरी विकास और निवेश प्रोत्साहन मॉडल में मजबूत कनेक्टिविटी को आधार स्तंभ माना गया है और यह परियोजना उसी रणनीति का विस्तार मानी जा रही है। यह नया कॉरिडोर नोएडा के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे नोएडा व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को सीधे दिल्ली और अन्य प्रमुख ट्रांजिट हब से जुड़ने का लाभ मिलेगा। इससे दिल्ली एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच और सुगम होगी।एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के कई प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 स्थित एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस और एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट तथा सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र भी इस विस्तार से जुड़ेंगे। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय, सेक्टर-91 का पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 का महामाया बालिका इंटर कॉलेज और सेक्टर-128 का मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अब मेट्रो नेटवर्क से बेहतर तरीके से कनेक्ट होंगे। इसके अलावा बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-93 पार्क जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रैफिक जाम में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और ईंधन की बचत होगी।

# गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा होली गीत कार्यशाला का समापन, 28 प्रतिभागियों ने सीखे पारंपरिक फाग गीत



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के अलीगंज क्षेत्र में स्थित जैक एंड जिल स्कूल परिसर में शनिवार को गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित होली गीत कार्यशाला का सफल समापन हुआ। संस्था की संस्थापक एवं वरिष्ठ लोकगायिका रंजना मिश्रा के निर्देशन में यह कार्यशाला दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित की गई, जिसका संयोजन रीना सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को धमार, उलारा, चैती, चौताल, होली, रसिया तथा जबाबी होली जैसी पारंपरिक लोक शैलियों का अभ्यास कराया गया। शिव होली 'बाबा काशी विश्वनाथ गौरा संगे खेलेलें होरी... ', 'होली खेलैं सिया रघुवीरा... ', 'रसिया रोज मेरे घर आवे... ', 'मोरा फागुन में जियरा बहके लला...' सहित कुल 13 पारंपरिक गीत सिखाए गए। इसके अतिरिक्त 'सिर बांधे मुकुट खेलैं होरी...' गीत का भी विशेष अभ्यास कराया गया। रंजना मिश्रा ने बताया कि ये सभी गीत होली के पारंपरिक अवसरों पर गाए जाते हैं और हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कार्यशाला में अल्पना श्रीवास्तव, रमा सिंह, अमिता द्विवेदी, सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, माधुरी सिंह, शशि सिंह, दीपा शर्मा, नीलम सचान, अनुपमा श्रीवास्तव, स्मिता अस्थाना, प्रतिमा त्रिपाठी, शशि वर्मा रासी सहित कुल 28 महिलाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से जुड़ी रहीं। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने एक-एक गीत प्रस्तुत कर आत्मविश्वास और परंपरा के प्रति सम्मान का परिचय दिया। संस्था ने बताया कि कार्यशाला की सार्वजनिक प्रस्तुति की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

# कार्यशाला में बीजेपी कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक प्रशिक्षण

- भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से करता है कार्य: पंकज चौधरी
- कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है प्रशिक्षण: धनखड़

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




भारतीय जनता पार्टी की शनिवार को बीबीडी यूनिवर्सिटी लखनऊ के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर कार्यशाला सम्पन्न हुई। पार्टी ने तय किया है कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जायेंगे।पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एंव प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय संयोजक ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रशिक्षण तरासने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन का निर्माण होता है। श्री धनखड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय, प्रभावी बनाएगा।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के संदर्भ में कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और सेवा भाव से ओत-प्रोत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा आज भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।श्री चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की नीतियों और जनसेवा के मूल मंत्र से जोड़ा जा रहा है। यह अभियान केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का महायज्ञ है।उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है,प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। यह महाअभियान संगठन की मजबूती, विस्तार और अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि भाजपा की आत्मा, उसकी वैचारिक प्रतिबद्धता और उसके कार्यकर्ता निर्माण की निरंतर चलने वाली साधना का अभिन्न अंग है।श्री चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें एक देश एक विधान के मंत्र को सिखाता है, वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद हमें सिखाता है कि राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति है। इसलिए यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में समाज के प्रति संवेदनशीलता और दायित्व बोध जागृत करने का भी सशक्त माध्यम है,और वो भी सेवा, समर्पण और समरसता के भाव के साथ। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ता को यह स्मरण कराता है कि संगठन व्यक्ति से बड़ा है, और राष्ट्र सर्वोपरि है। प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता केवल चुनावी योद्धा नहीं, बल्कि समाज का पथ प्रदर्शक बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है कि हम राजनीतिक क्षेत्र में संगठन आधारित राजनीतिक दल हैं। हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित है एवं हमारा कार्यकर्ता विचारधारा आधारित है। श्री चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और आत्मचिंतन के साथ आत्मसात करें तथा स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपने आचरण में उतारते हुए संगठन और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग तीन दिन का होगा। जबकि जिला स्तर पर दो दिन व मंडल स्तर चौबीस घंटे का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा जबकि बूथ स्तर पर दो सत्रों में वर्ग आयोजित किए जायेंगे। प्रशिक्षण महाभियान के उत्तर पूर्व क्षेत्र उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार के क्षेत्रीय प्रभारी, पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने पीपीटी के माध्यम से पूरे प्रशिक्षण अभियान के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए अभियान की रूपरेखा साझा की। उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री राजू भंडारी ने भी प्रशिक्षण महाभियान के संदर्भ में कार्यशाला को संबोधित किया।कार्यशाला का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक अनूप गुप्ता ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के लिए पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, त्रयम्बक त्रिपाठी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया, पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, विभाग प्रकोष्ठ के संयोजक ओमप्रकाश श्रीवास्तव, पार्टी के प्रदेश मंत्री मीना चौबे और सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अंकित सिंह चन्देल को सहसंयोजक बनाया गया है।

# शिवरात्रि पर जनपद में सुरक्षा कड़ी, शिवालयों में चाक-चौबंद इंतजाम

## 700 पुलिसकर्मी,डेढ़ कंपनी पीए सी सीसीटीवी निगरानी, अफसरों ने संभाली कमान

जन एक्सप्रेस । अमेठी



महाशिवरात्रि के पर्व पर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।करीब पैंतीस प्रमुख शिवालयों में 700 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है,जबकि दो प्रमुख मंदिरों पर डेढ़ कंपनी पीएसी लगाई गई है।सभी प्रमुख मंदिर परिसरों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है।प्रशासन के अनुसार 500 से अधिक नियमित पुलिसकर्मियों के साथ 200 नए रंगरूट भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किए गए हैं।तपेश्वर नाथ धाम मंदिर और दत्तेहरेश्वर धाम महादेव मंदिर समेत अन्य प्रमुख शिवालयों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सर्वाणन टी ने स्वयं विभिन्न शिवालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग,प्रवेश-निकास मार्ग,भीड़ नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा की।

अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी 35 शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है।विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले मंदिरों में अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं।संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन व सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है।मेला स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम,एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की गई है। यातायात सुचारु रखने के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया गया है।प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और सुरक्षित महाशिवरात्रि के आयोजन के लिए पूरी तरह सतर्क है।

### राना मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया अपना हुनर

**रायबरेली।** बीते कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते आ रहे राना मॉन्टेसरी जूनियर हाईस्कूल, किला बाजार में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों की वैज्ञानिक सोच को विकसित करना, वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझने में मदद करना, बच्चों में टीम वर्क और सहयोग की क्षमता विकसित करना था। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान संबंधित प्रोजेक्ट बनाकर अपनी वैज्ञानिक सोच को प्रस्तुत किया। जिसमें बच्चों द्वारा प्रकाश संश्लेषण, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफिकेशन, सोलर लाइट, ट्रैफिक, चंद्रयान 3, इलेक्ट्रिक लिफ्ट, सोलर सिस्टम, इलेक्ट्रिक झूला, इलेक्ट्रिक जेनरेटर, पेड़ों का संरक्षण, वायु एवं जल प्रदूषण आदि पर 3डी प्रोजेक्ट बनाकर बहुत ही खूबसूरती से अपने विचारों को वायवा द्वारा अपने परीक्षकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया।

# महाशिवरात्रि आज,शिवालयों में अंतिम तैयारियां पूरी रंगाई-पुताई से चमके मंदिर

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी




महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर तहसील तिलोई क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।मंदिरों की रंगाई-पुताई पूरी कर ली गई है।और मेला स्थलों को आकर्षक सजावट से सजाया गया है।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।तपेश्वर नाथ धाम मंदिर, दत्तेहरेश्वर धाम महादेव मंदिर, पंचेश्वर महादेव मंदिर,सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तथा दूधनाथ बाबा महादेव मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन और रुद्राभिषेक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।मंदिर परिसरों में साफ-सफाई के साथ विद्युत सज्जा, बैरिकेडिंग और पेयजल की व्यवस्था की गई है।कई स्थानों पर भंडारे और रात्रि जागरण का भी आयोजन होगा।प्रशासन की ओर से भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी, यातायात व्यवस्था और महिला पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।स्वास्थ्य विभाग की टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था भी मेला स्थलों पर रहेगी।मंदिर समितियों के अनुसार आज देर रात से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा।'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ पूरा क्षेत्र शिवमय होने को तैयार है।

# बीसीएम में वित्तीय जागरूकता एवं पूंजी बाजार विषय पर परिचर्चा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर सहित पूरे देश एवं विदेश में उत्कृष्ट चीनी उत्पादन को लेकर अग्रणी बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की बलरामपुर ईकाई में शुक्रवार को वित्तीय जागरूकता एवं पूंजी बाजार विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 13 फरवरी को बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई-बलरामपुर में ÷वित्तीय जागरूकता एवं पूंजी बाजार परिचर्चा÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश, पूंजी बाजार की संरचना, निवेशकों के अधिकार एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में स्द्गष्ह्वह्म्द्बह्लद्बद्गह्य ड्डठ्ठस्र श्व×ष्द्धड्डठ्ठद्दद्ग क्चशड्डह्म्स्र शद्ध द्बठ्ठस्रद्बड्ड (स्श्वक्चढ्ढ) से पधारे शिवराज कार्तन, प्रबंधक महोदय ने पूंजी बाजार के नियामकीय प्रावधानों, निवेशकों की सुरक्षा तथा वित्तीय अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने निवेश से पूर्व आवश्यक सतर्कताओं एवं साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही से पधारीं श्रुति शर्मा, प्रबंधक महोदया ने शेयर बाजार की कार्यप्रणाली, विभिन्न निवेश विकल्पों, म्यूचुअल फंड, आईपीओ तथा दीर्घकालिक निवेश रणनीतियों के विषय में सरल एवं प्रभावी प्रस्तुति दी। उनके व्यावहारिक उदाहरणों ने सत्र को अत्यंत रोचक एवं उपयोगी बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में डॉ. अजीत कुमार मौर्य, स्श्वक्चढ्ढ प्रमाणित वित्तीय प्रशिक्षक का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में यह सत्र सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मानव संसाधन एवं अन्य विभागों की ओर से डी.के. सिंह (एचआर हेड), मुकेश कुमार शुक्ला (प्रबंधक-एचआर), आशुतोष तिवारी (सहायक प्रबंधक-एचआर), आफताब अली (अधिकारी-एचआर), धर्मेन्द्र सिंह (उप प्रबंधक-विधि) तथा शशि प्रकाश सिंह (एलडब्ल्यूओ) सहित अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह सत्र कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में, सभी वक्ताओं, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम चौपाल से ग्रामीण समस्याओं का त्वरित समाधान, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य: उप मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान खजुरी ग्राम में आयोजित ग्राम चौपाल एवं स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम ग्रामीण समस्याओं के एक स्थान पर त्वरित एवं सम्पूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अब तक 4 करोड़ गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है तथा 3 करोड़ और आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का 6 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी आवश्यकताओं की सामग्री की खरीद स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के माध्यम से की जाए। साथ ही वृद्धा, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन को 1 अप्रैल से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित का अर्थ है गरीब को सशक्त बनाना। उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासपरक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अन्नप्राशन संस्कार में सहभागिता कर नन्हे बच्चों को अन्न ग्रहण कराया तथा माताओं को संतुलित पोषण के महत्व की जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित पोषाहार पर लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने बीसी सखियों के स्टाल का



भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल लेन-देन एवं महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बीसी सखियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार ग्राम चौपाल का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए, जिसकी सूचना ग्रामीणों को डुगडुगी बजवाकर दी जाए। जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचाई जाए।

**कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक**

इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में पूर्ण हुई 55 परियोजनाओं का पुनः सत्यापन कर हर घर तक जल पहुंच की पुष्टि एवं ग्रामीणों से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित करने, राशन कार्डों का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने, टांडा रोडवेज की निष्प्रयोज्य भूमि के सदुपयोग तथा नगर पंचायत किछौछा में अवशेष अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में चकरोड, खलिहान, चारागाह एवं ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, धान खरीद व खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसान सम्मान निधि से कोई पात्र कृषक वंचित न रहने पर विशेष बल दिया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में अधिकारियों ने दवाओं की उपलब्धता की जानकारी दी। दुर्घटनाओं में घायलों को 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन पंजीकरण शिविर का आयोजन

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत, गरिमा महिला मंडल के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह पंजीकरण शिविर दिनांक 23-24 फरवरी को आरोग्यम चिकित्सालय, एनटीपीसी टांडा में आयोजित होगा, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर ऑपरेशन हेतु चयन किया जाएगा। चयनित मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन दिनांक 25-27 फरवरी 2026 को महामाया मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर में कराया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत जांच, ऑपरेशन तथा आवश्यक परामर्श की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ और निर्धारित तिथियों पर पंजीकरण शिविर में उपस्थित होकर अपनी जांच कराएँ।

# खेल मैदान में दिखा जोश,विक्रम साराभाई हाउस बना चैंपियन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

संजय गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। बारह से 14 फरवरी तक रोड नंबर-4, इंडस्ट्रियल एरिया स्थित संस्थान परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर संजय सिंह निदेशक सीटेड मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य इं.राम रतन ने की।मुख्य अतिथि के समक्ष आयोजित 1500 मीटर दौड़ में आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सर्वाधिक पदक जीतकर शिवांश सिंह ने बालक वर्ग में और पावनी कसेरा ने बालिका



वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब हासिल किया। 76 अंकों के साथ विक्रम साराभाई हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।प्रधानाचार्य राम रतन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान के परीक्षा परिणामों और उपलब्धियों की जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों को निराश न होने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी।मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को गांव और समाज के विकास में योगदान देने तथा उद्यमशीलता की दिशा में आगे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ किया गया मां काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ

**महराजगंज तराई।** कस्बा महराजगंज के मां काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। अयोध्या धाम के पुरोहित पंडित शिवांश शुक्ला ने वैदिक मित्रों के साथ कलश पूजन कर कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया। भारी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। शनिवार को मां काली मंदिर मूर्ति प्राप्त प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा का आरंभ मां काली माई मंदिर से प्रारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं व बालिकाओं ने पीले वस्त्र में सर पर कलश लेकर मंगल गीतों के साथ प्रारंभ किया। कलश यात्रा को बस स्टॉप चौराहा से लेकर प्राचीन शिव मंदिर नागा बाबा कुटी पर महिलाओं ने अर्चना पूजन भी किया। जिसमें भारी संख्या में भक्ति भी भक्ति गीतों पर नृत्य करते दिखाई पड़े। जय श्रीराम के नारो से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया।

# रोवर्स रेंजर्स पंच दिवसीय प्रवेश निपुण जांच शिविर के समापन पर दिया गया योग प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे पाँच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स के प्रवेश निपुण जांच शिविर का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में रोवर्स-रेंजर्स को दीक्षा दिलाई गई। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को आयोजित समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ,मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो0 एस पी मिश्र ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर के किया। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने दीक्षा संस्कार के दौरान रोवर्स-रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा संस्कार का मुख्य उद्देश्य बालक-बालिकाओं को विधिवत रूप से आंदोलन का हिस्सा बनाना, उनमें चारित्रिक विकास, स्वयं के प्रति कर्तव्यों की भावना, और प्रतिज्ञा व नियम का पालन करने की प्रतिबद्धता जगाना है। यह संस्कार उन्हें अनुशासित, स्वावलंबी और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करता है। मुख्य अतिथि डीआईओएस मृदुला आनंद ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दीक्षांत समारोह है, जो प्रतिभागी को औपचारिक रूप से स्काउटिंग आंदोलन का सदस्य बनाता है। रोवर्स-रेंजर्स को विभाग प्रचारक प्रवीण जी, प्रो0 वीणा सिंह, प्रो0 एस पी मिश्र ने भी सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों का स्वागत रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी व रेंजर्स प्रभारी डॉ वंदना सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभय नाथ ठाकुर ने किया।

# पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शनिवार को पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की याद में श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी, 2026 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों के सम्मान में श्रद्धांजलि दिवस'' मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी । तत्पश्चात् समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें शहीदों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रबन्ध निदेशक नें बच्चों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें लगभग 40 भारतीय जवान शहीद हो गये और कई अन्य घायल भी हुए। आंतकियों द्वारा इस्तेमाल किया गया वाहन महिंद्रा स्कॉर्पियो था, जिसमें 300 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक पदार्थ था। साथ में यह भी बताया कि पुलवामा हमले की बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है। पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को शत् शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रंदाजलि दी। विद्यालय के बच्चों ने कैडिल जलाकर तथा हाथों में पोस्टर लेकर वीर जवानों को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही देव तिवारी कक्षा-4 ने पुलवामा आंतकी हमलों पर बहुत ही मार्मिक भाषण दिया। हम भारतीय को अपने जवानों पर गर्व है, और उन्ही वीर जवानो की वजह से हम आम जनता अपने घरो में सुरक्षित बैठे है । विद्यालय के उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी तथा अध्यापक ए0के0 तिवारी, टी0एन0 शुक्ल, राजमणि तिवारी, उर्वशी शुक्ला, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, उमेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद यादव, राजीव श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, शोभा तिवारी, कृष्णा गुप्ता सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित होकर ''पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस'' के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### पुलवामा हमले में शहीद जवानों को विद्यालय में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन करते हुए की गई। इसके उपरांत सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों की पावन आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्य प्रजापति ने 14 फरवरी 2019 को हुए इस कायराना आत्मघाती हमले को देश के इतिहास का काला दिन बताते हुए कहा कि यह घटना हम सभी देशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक थी। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवान देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कभी पीछे नहीं हटते। उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए, देश की सुरक्षा और सम्मान बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

# पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर 22 फरवरी 2026 आयोजित मेगा/वृहद सेवा शिविर के सम्बन्ध में जनजागरुकता लाभार्थियों के चिन्हीकरण एवं प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में तहसील सदर के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय ग्राम भदोखर ब्लॉक राही के पंचायत भवन लघु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस जागरुकता कार्यक्रम में अमोद कंठ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, सरकार की



जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना समेत किसानों से जुड़ी योजनाओं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के अलावा बाकी भी सभी विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इस जागरुकता शिविर में निःशुल्क विधिक सहायता, उसकी पात्रता व आवेदन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बताया गया।

इस अवसर पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जिसका आयोजन 14 मार्च 2026 को किया जा रहा है, के सम्बन्ध में भी उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की गयी। इस जागरुकता कार्यक्रम में एल0ए0डी0सी0 के चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह के द्वारा जनपद में स्थापित लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के कार्यों के सम्बन्ध व नालसा हेल्पलाइन नं0 15100 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

इस लघु जागरुकता कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सदर शमीम अहमद के द्वारा उपस्थित लोगों को जनकल्याकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

इस लघु जागरुकता कार्यक्रम मे पंचायत सेक्रेटरी हंसराज सिंह, प्रधान शिव शंकर साहू, पराविधिक स्वयंसेवक पवन कुमार श्रीवास्तव मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

मंच संचालन पराविधिक स्वयं सेवक पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### रायबरेली में पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट, एक महिला की मौत; चार घायल

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली जनपद के सलोन कोतवाली क्षेत्र स्थित साहिबगंज बाजार में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पटाखों के गोदाम में भीषण विस्फोट हो गया. धमाका इतना जोरदार था कि गोदाम का एक हिस्सा ढह गया और देखते ही देखते पूरी इमारत आग की लपटों में घिर गई. इस हृदयविदारक हादसे की चपेट में आने से परिवार के 5 लोग गंभीर रूप से झुलस गए. सभी घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई. अन्य 4 घायलों की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है और उनका उपचार जारी है. स्थानीय निवासियों के अनुसार, विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि लगा जैसे कोई बड़ा भूकंप आया हो. धमाके की गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई. अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया सलोन थाना क्षेत्र के करहिया चौकी अंतर्गत साहबगंज बाजार में एक घर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी. इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई थीं।

# पारिवारिक कलह के चलते आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सुसाइड के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस जांच में जुटी है।एडीसीपी के मुताबिक, जांच में सामने आया कि युवती के भाई ने भी करीब एक साल पहले फांसी लगाकर सुसाइड किया था। इसके बाद से युवती डिप्रेशन में थी, लेकिन इधर शादी तय होने के बाद काफी हद तक सामान्य हो गई थी।परिजनों की मानें तो बेटी ने कभी बातचीत के दौरान उनसे कुछ नहीं बताया। सुसाइड क्यों किया उन्हें भी कुछ समझ नहीं आ रहा है। बेटे के बाद बेटी के सुसाइड की सूचना मिलते ही परिवार में भी कोहराम मच गया। परिवार के लोग झारखंड से कानपुर के लिए निकल चुके हैं। उनके आने के बाद रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम होगा।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आईआईटी में एक बार फिर मौत का कोहराम मच गया। तीन महिने के भीतर तीसरी बार सुसाइड के मामले से आईआईटी प्रशासान सन्न रह गया।पारवारिक कलह के चलते जूनियर टेक्नीशियन युवती ने फांसी लगा ली। सुसाइड से कुछ देर पूर्व वह वेलेंटाइन डे पर सुबह अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवती ने कहा कि मैं जान देने जा रही। फिर कॉल कट कर दी। झारखंड के जादूगोड़ा की रहने वाली अंजू कुमारी (26) आईआईटी कानपुर में जूनियर टेक्नीशियन थी। वह यहां तीन साल से कार्यरत थी। सूचना पर जांच करने पहुंचे एडीसीपी कपिलदेव सिंह ने बताया कि अंजू की शादी उड़ीसा के पावर हाउस में तैनात पंकज से तय थी। दोनों की कुछ दिनों बाद सगाई भी होनी थी।दोनों के बीच कॉल पर बात होने लगी थी। रोज की तरह वैलेंटाइन डे की सुबह भी अंजू अपने मंगेतर पंकज से बात कर रही थी। इसके बाद पंकज ने आईआईटी कैंपस में रहने वाले अपने दोस्त सूरज को कॉल की। सूरज कहीं बिजी था तो उसने अपने भाई सुरेश को अंजू के रूम पर भेजा। सुरेश दौड़ते हुए पहुंचा तो रूम का दरवाजा बंद मिला। लगातार दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला तो वॉर्डन को जानकारी दी।सुरेश और वॉर्डन ने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच रूम का दरवाजा भी तोड़ दिया। अंदर देखा तो अंजू का शव पंखे के सहारे फंदे से लटक रहा था। उसे उतार कर आईआईटी कैंपस के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शिखर बाजपेई के विवाह समारोह में जुटे दिग्गज नेता, होटल इटरनिटी में सजी भव्य महफ़िल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के आर्यनगर क्षेत्र के विधायक अमिताभ बाजपेई के सुपुत्र शिखर बाजपेई के विवाह समारोह में राजनीतिक और सामाजिक जगत की कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। शहर के होटल इटरनिटी में आयोजित इस भव्य समारोह में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की बड़ी उपस्थिति रही।

समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, वरिष्ठ नेता तेज प्रताप यादव तथा गरौठा के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। अतिथियों ने नवदंपति के सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।

पूरे समारोह का वातावरण उत्साह, आत्मीयता और गरिमा से परिपूर्ण रहा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच संपन्न हुए इस आयोजन में मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने बाजपेई परिवार को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों की महत्ता पर भी बल दिया। विवाह समारोह ने राजनीतिक और सामाजिक समरसता की एक सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की।

# एस.एन. किड्स एजुकेशन सेंटर का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बिल्हौर तहसील के पूरा क्षेत्र स्थित एस.एन. किड्स एजुकेशन सेंटर में विद्यालय का दसवां वार्षिकोत्सव अत्यंत भव्य, आकर्षक एवं गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों, अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल बना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और नैतिक मूल्यों का सुंदर समावेश देखने को मिला। बच्चों ने अपने अभिनय, नृत्य एवं संवाद के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का प्रेरणादायक संदेश दिया।नाट्य मंचन के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशा, भेदभाव और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों को प्रभावित किया, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता का भाव भी जागृत किया। अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की भरपूर सराहना की।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ पर आधारित प्रस्तुति रही। इस भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया तथा देश के प्रति सम्मान, गर्व और कृतज्ञता की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।समारोह का समापन ब्रज की पारंपरिक होली नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ। रंग, उमंग और लोक संस्कृति से सराबोर इस प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। बच्चों की ऊर्जा, तालमेल और आत्मविश्वास ने दर्शकों का दिल जीत लिया।विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों के निरंतर सहयोग को विद्यालय की सबसे बड़ी शक्ति बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मशीन का पार्ट टूटकर गिरने से ऑपरेटर की मौके दर्दनाक मौत



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र स्थित पंचमपुरवा के झुनझुनवाला कंपाउंड में एक बोरी फैक्ट्री में हाइड्रोलिक प्रेशर मशीन का पार्ट टूटकर गिरने से ऑपरेटर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह करीब 6 बजे की है। मृतक की पहचान पंचमपुरवा निवासी 30 वर्षीय अवधेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन फैक्ट्री पहुंच गए और शव को मशीन के पास रखकर हंगामा शुरू कर दिया।वधेश लंबे समय से फैक्ट्री में हाइड्रोलिक मशीन आपरेटर के रूप में कार्यरत थे। उनके बड़े भाई रामकुमार के अनुसार, हादसे के समय मशीन का ऊपरी प्रेशर पार्ट अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कर्मचारियों का आरोप है कि करीब डेढ़ कुंतल वजनी यह पार्ट काफी समय से खराब था और शिकायत के बावजूद फिटर व मालिक ने इसे ठीक नहीं कराया। फैक्ट्री के गार्ड परशुराम ने घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों और कर्मचारियों को शांत कराने का प्रयास कर रही है। हालांकि, मृतक के परिजन फैक्ट्री मालिक को मौके पर बुलाने और कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिवराजपुर क्षेत्र में वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, लाठी-डंडों के साथ धमकी देने का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शिवराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हलचल मच गई। वीडियो में कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ एक व्यक्ति को धमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसे लेकर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक पक्ष के प्रमोद कटियार के घर पर शिवम, बबलू तथा उनके अन्य साथी लाठी-डंडों के साथ पहुंचे थे और धमकी देते हुए नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही शिवराजपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से पूछताछ की।इस मामले में वादी प्रमोद कटियार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर शिवराजपुर थाना में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और पूरे प्रकरण की गहन जांच जारी है। इस संबंध में एस. एम. कासिम आबिदी, पुलिस उपायुक्त पश्चिम, ने बताया कि वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की गई है। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।शिवराजपुर क्षेत्र में वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, लाठी-डंडों के साथ धमकी देने का मामला दर्ज शिवराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हलचल मच गई। वीडियो में कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ एक व्यक्ति को धमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसे लेकर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक पक्ष के प्रमोद कटियार के घर पर शिवम, बबलू तथा उनके अन्य साथी लाठी-डंडों के साथ पहुंचे थे और धमकी देते हुए नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही शिवराजपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से पूछताछ की। इस मामले में वादी प्रमोद कटियार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर शिवराजपुर थाना में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और पूरे प्रकरण की गहन जांच जारी है। इस संबंध में एस. एम. कासिम आबिदी, पुलिस उपायुक्त पश्चिम, ने बताया कि वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की गई है। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# प्रेमिका से गुपचुप शादी करने पहुंचे लड़के को लड़की के परिजनों ने रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर पीटा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

प्रेमिका से गुपचुप तरीके से लव मैरिज करने पहुंचे लड़के को रजिस्ट्रार आफिस के बाहर लड़की के परिजनों ने पीट दिया। मारपीट से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें युवती के मां और भाई लड़के की कॉलर पकड़ कर उसे एक के बाद एक थप्पड़ जड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हंगामा होते देख वकीलों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। जानकारी पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर पहुंची, जहां दोनों ने समझौता कर लिया। कोतवाली इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि फेथफुलगंज थानाक्षेत्र निवासी युवक का इलाके की ही युवती से करीब 3 सालों से लव अफेयर चल रहा था। प्रेमीझप्रेमिका एक ही बिरादरी के हैं, लेकिन परिजन दोनों की शादी को लेकर राजी नही थे। जिस पर बीते गुरुवार को दोनों ने आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। शुक्रवार को दोनों मैरिज रजिस्ट्रार आफिस कार्यालय में शादी को रजिस्ट्रड कराने के लिए पहुंचे थे, जिसकी भनक युवती को परिजनों को लग गई। आननझफानन में युवती की मांझभाई समेत अन्य परिजन रजिस्ट्रार आफिस पहुंचे और दूल्हे की जमकर पिटाई कर दी। घटना से जुड़ा 36 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।जिसमें युवती का भाई रजिस्ट्रार आफिस के गेट पर दूल्हे को एक के बाद एक थप्पड़ मारते हुए कैद हो गया।

इसके बाद उसे घसीटते हुए आफिस से बाहर ले आया, जिसके बाद अधिवक्ताओं ने बीच बचाव कर दोनों को शांत कराया। मारपीट की जानकारी पर कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया था। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। परिजन शादी को राजी हो गए हैं।

## सोलर पावर से रोशन होगा कानपुर, सोलर सिटी बनने की राह पर बढ़ा शह

# 2,104 करोड़ रुपये के प्रावधान से हरित ऊर्जा को बढ़ावा





■ 20,756 सोलर रूफटॉप के साथ यूपी में तीसरे स्थान पर है कानपुर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

औद्योगिक शहर कानपुर अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेश हुए उत्तर प्रदेश बजट 2026-27 में हरित ऊर्जा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने सौर, जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए 2,104 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसी के तहत कानपुर समेत प्रदेश के कई नगर निगमों को ÷सोलर सिटी÷ के रूप में विकसित करने की योजना को गति दी गई है। सोलर सिटी परियोजना के लिए सीधे तौर पर अलग से बड़ी रकम नहीं बताई गई, लेकिन कुल 750 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रावधान में कानपुर और अन्य शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करना शामिल है। ये बजट की धनराशि कानपुर जैसे शहरों में सोलर ऊर्जा के नेटवर्क, इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्वच्छ ऊर्जा पहलों को मजबूत करेगी।

### कितना बदलेगा शहर?

- 1- कानपुर जैसे बड़े औद्योगिक नगर अब हरित ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।
- 2- बजट के प्रावधान सौर ऊर्जा के विस्तार को मजबूती देंगे, जिससे बिजली पर निर्भरता पारंपरिक स्रोतों पर कम होगी।
- 3- सोलर रूफटॉप से बिजली बचत, पर्यावरण में सुधार, और जनता को सीधा फायदा मिलेगा।

### बजट में क्या है खास?

- 1- नगर निगम भवनों, स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी दफ्तरों की छतों पर बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने के लिए विशेष फंड।
- 2- रिहायशी उपभोक्ताओं को सब्सिडी के साथ सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहन।
- 3- इंडस्ट्रियल एरिया में कैप्टिव सोलर प्लांट को बढ़ावा, ताकि फैक्ट्रियों की बिजली लागत घटे।
- 4- स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा भंडारण (बैटरी स्टोरेज) पर निवेश, जिससे दिन में बनी सौर ऊर्जा का उपयोग रात में भी हो सके।

### आम लोगों को क्या फायदा?

- 1- बिजली बिल में 30-50ऋ तक की संभावित बचत (रूफटॉप क्षमता पर निर्भर)।
- 2- नेट-मीटरिंग के जरिए अतिरिक्त बिजली बेचने का विकल्प खुलेगा।
- 3- रोजगार के नए अवसर—इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और मैन्युफैक्चरिंग में स्थानीय युवाओं को काम।
- 4- औद्योगिक शहर से अब ग्रीन सिटी की भी मिलेगी पहचान।

“ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, सोलर सिटी योजना के तहत सरकारी भवनों पर सोलर प्लांट लगाने का काम तेज किया जा रहा है। सोलर रूफटॉप के लिए जागरूक किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि कानपुर स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा मॉडल के रूप में प्रदेश में मिसाल बने।

### यूपी में तीसरे स्थान पर है कानपुर

सोलर रूफटॉप के मामले में कानपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। शहर में अब तक 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं। घरों में सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। नेट-मीटरिंग व्यवस्था के तहत उपभोक्ता अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेच सकते हैं, जिससे आम लोगों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है।

# ओवरलोडिंग में पांच वाहनों का चालान, 3.38 लाख जुर्माना

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए गए अभियान में शुक्रवार को पांच वाहनों का चालान किया गया। साथ ही जुर्माना भी जमा कराया गया है।

खनन अधिकारी की इस कार्रवाई से मौरंग व गिट्टी ढोने वाले डंपर चालकों में हड़कंप मच गया।

खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने सौरिख रोड पर गिट्टी व मौरंग ढोने वाले डंपरों के खिलाफ अभियान चलाया।

अभियान के दौरान अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग में गिट्टी के दो व मौरंग लदे तीन डंपरों के ऑनलाइन चालान किया।

साथ ही 3.38 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना जमा कराया गया। खनन अधिकारी ने सभी वाहनों के साथ उप खनिज से संबंधित परिवहन प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

छिबरामऊ सौरिख मार्ग पर प्रतिदिन 400 से अधिक गिट्टी व मौरंग लदे वाहन गुजरते हैं।

यह वाहन फर्रुखाबाद, मोहम्मदाबाद समेत इलाके के सिकंदरपुर, प्रेमपुर में मौरंग व गिट्टी की सप्लाई करते हैं। ओवरलोड डंपर खनन विभाग को राजस्व का चूना लगाने के साथ ही सड़कों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सौरिख रोड पर लालकपुर से मां कालिका देवी मंदिर तक सड़क पर इन वाहनों के आड़े तिरछे खड़े होने से पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं।

# महाकालेश्वर मंदिर बिठूर में किन्नरों द्वारा गाए गए भक्ति मय गीतों ने भक्तों को झूमने पर किया मजबूर





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर के सुप्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार की शाम मेहंदी के बाद संगीत का कार्यक्रम श्री महाकालेश्वर भक्त मंडली के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्ति मय गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा गाए गये गीतों को भक्तों द्वारा खूब सराहा गया। आपको बताते चलें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बिठूर के ऐतिहासिक महाकालेश्वर मंदिर में वार्षिक कार्यक्रम शिव बारात से पहले आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम हल्दी मेहंदी एवं संगीत का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार की शाम महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में भक्ति मय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों ने हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ, शिव तांडव स्तोत्र, मां शेरावालिए तेरा शेर आ गया अपने खून से नहलाने तेरा बेटा आ गया, गीतों को गाकर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के चलते किन्नरों ने अपने भक्ति में गीतों के माध्यम से महाकालेश्वर बाबा के दरबार में अर्जी लगाकर कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान की। महाकालेश्वर बाबा की बारात 15 फरवरी रविवार की शाम 5ः00 बजे बिठूर के चुंगी चौराहे से निकल जाएगी। यह बारात चुंगी चौराहे से चलकर महाकालेश्वर मंदिर तक जाएगी। इस बारात में कानपुर के अलावा अन्य शहरों से हजारों शिव भक्त शामिल होते हैं। जिसको लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने पहले से ही तैयारियां मुकम्मल कर ली है।

## प्रधान पर फायरिंग करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** घर लौट रहे प्रधान को घेर कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले आरोपियों की तलाश में शुक्रवार को पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। एक आरोपी ने विशुनगढ़ थाने के सिपाही की गोली मारकर हत्या कर दी थी। प्रधान द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस एक बार फिर हरकत में आ गई। हालांकि तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस पकड़ नहीं सकी। धरनीधरपुर नगरिया के प्रधान गौरव यादव एवं साथी अजय यादव पर बुधवार को नादनपुर पुलिया के पास जानलेवा हमला हुआ था।

# जिम्मेदार एसआईआर में व्यस्त, मिलावटखोर मस्त

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

सहालग और आगामी त्योहारों को देखते हुए खानपान की वस्तुओं की मांग बढ़ी है। इस बीच, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी एसआईआर और बोर्ड परीक्षाओं की ड्यूटी में व्यस्त हैं। इसका सीधा फायदा मिलावटखोर उठा रहे हैं। पनीर, कुकिंग ऑयल और मसालों में मिलावट के मामले सर्वाधिक सामने आ रहे हैं। जनवरी में ही 25 प्रकरणों में 18.55 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। वित्तीय वर्ष में अब तक 141 प्रकरणों में 72.20 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जा चुका है। इस दौरान सात खाद्य पदार्थ ऐसे पाए गए जिनकी गुणवत्ता बेहद खराब थी और वे खाद्य योग्य नहीं थे। इन मामलों को उच्च न्यायालय में दायर किया गया है। उपायुक्त खाद्य सुरक्षा उमेश प्रताप सिंह ने स्वीकार किया कि अधिकारियों की व्यस्तता के कारण प्रभावी कार्रवाई और नियमित अभियान चलाना संभव नहीं हो पा रहा है। हालांकि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। खाद्य सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों की एसआईआर और बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में व्यस्तता के कारण मिलावट के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान फिलहाल ठप हैं। इससे दुकानदार, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालक अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी सामग्री का प्रयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अधिकारियों की कमी का लाभ उठाते हुए मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उपायुक्त खाद्य सुरक्षा उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि एसआईआर व बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगने के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण अभी अभियान नहीं चल रहा है, लेकिन शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

आगामी होली के त्योहार को देखते हुए भी मिलावटखोरी बढ़ने की आशंका है। रंगीन कचरी, चिप्स, पापड़ जैसे उत्पादों में अखाद्य रंगों और निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की मिलावट की जा सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकती है। इन उत्पादों को अभी से तैयार किया जा रहा है, ऐसे में अधिकारियों की अनुपस्थिति में मिलावट को रोकना एक बड़ी चुनौती है। फिलहाल, त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी वस्तुओं की बिक्री रोकने के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं किए गए हैं।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बांग्लादेश ने डेढ़-दो साल में बहुत कुछ देख लिया

**यह कदम कूटनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। भारत ने संकेत दिया है कि वह बांग्लादेश की जनता के जनादेश का सम्मान करता है और नई सरकार के साथ काम करने को तैयार है, चाहे उसका राजनीतिक झुकाव कुछ भी हो। आने वाले दिनों में इसके कई असर दिख सकते हैं। सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों पर संवाद जारी रह सकता है, क्योंकि यह दोनों देशों की साझा चिंता है। साथ ही व्यापार और संपर्क परियोजनाएं, जैसे सड़क, रेल और नदी मार्ग सहयोग, नई सरकार के लिए भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, इसलिए इन पर चर्चा जारी रहने की संभावना है।**

*बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके दो दशक के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी कर ली है। बीएनपी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तारिक रहमान से फोन पर बात कर उन्हें जीत की बधाई दी। इससे पहले मोदी ने सुबह ही बीएनपी को जीत की बधाई देते हुए ट्वीट कर दिया था। देखा जाये तो बांग्लादेश चुनाव के परिणाम से केवल सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ है बल्कि संभवतः उस दौर का भी अंत हुआ है जो लंबे समय तक शेख हसीना और उनकी अवामी लीग के इर्द-गिर्द घूमता रहा। छात्र आंदोलन, आर्थिक ठहराव, भ्रष्टाचार के आरोप और फिर हिंसक टकरावों के बाद बनी राजनीतिक खाली जगह को इस चुनाव ने भरा है। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यह उस उथल पुथल के बाद हुए हैं जिसने शेख हसीना की पंद्रह साल पुरानी सरकार को गिरा दिया था। छात्र आंदोलन पर सख्त कार्रवाई, बड़ी संख्या में जान हानि और उसके बाद हसीना का देश छोड़ना बांग्लादेश के लोकतांत्रिक इतिहास की बड़ी घटनाएं बन चुकी हैं। अंतरिम सरकार के रूप में नोबेल सम्मान पा चुके मुहम्मद यूनुस ने देश को चुनाव तक पहुंचाया, लेकिन उनका कार्यकाल भी तमाम तरह के विवादों से भरा रहा। चुनाव परिणामों में बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 297 सीटों में से 212 सीटें जीत कर साफ बहुमत हासिल कर लिया है। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 77 सीटें मिलीं, जबकि बाकी सीटें निर्दलीय और छोटे दलों के खाते में गईं। यह भी उल्लेखनीय है कि तीन दशक में पहली बार शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का चुनाव चिह्न नाव मतपत्र पर नहीं था, क्योंकि पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। इससे साफ है कि बांग्लादेश की राजनीति अब दो पुराने ध्रुवों की सीधी टक्कर से आगे बढ़कर नए समीकरण बना रही है। तारिक रहमान की वापसी भी अपने आप में एक अलग राजनीतिक कथा है। कभी निर्वासन में रहे रहमान अब साठ वर्ष की उम्र में देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। अपनी मां और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के तुरंत बाद उन्होंने पार्टी की कमान संभाली थी और अब जीत को उनके नाम पर समर्पित करते हुए जश्न टालने की अपील की है। बीएनपी ने चुनाव परिणाम को लोकतंत्र की जीत बताया है और अपने कार्यकर्ताओं के बलिदान को याद किया है। साथ ही तारिक रहमान का 31 सूत्रीय विकास कार्यक्रम एक कल्याणकारी सरकार बनाने की बात करता है, जिससे साफ है कि वह केवल सत्ता नहीं बल्कि नीति आधारित वैधता भी चाहते हैं। सामाजिक स्तर पर भी यह चुनाव अहम रहा। मतदान के दिन सुबह से लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं ने यह संकेत दिया था कि लोग पारदर्शी चुनाव और स्थिर शासन चाहते हैं। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय खासकर हिंदू समाज पर हमलों की खबरों के बीच ढाका से बीएनपी के हिंदू नेता गायेश्वर चंद्र राय की जीत प्रतीकात्मक महत्व रखती है। यह नई सरकार के लिए एक संदेश भी है कि उसे अल्पसंख्यक सुरक्षा पर ठोस कदम उठाने होंगे। भारत पहले ही इस मुद्दे पर चिंता जता चुका है। अब बात भारत बांग्लादेश संबंधों की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद फोन कर तारिक रहमान को बधाई दी और दोनों देशों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साथ काम करने की बात कही।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कानून आवश्यक है, परंतु पर्याप्त नहीं। डिजिटल कंपनियों की जवाबदेही, सरकार की पारदर्शिता, न्यायपालिका की सतर्कता और नागरिकों की जागरूकता-इन सबका समन्वय ही इस चुनौती का स्थायी समाधान दे सकता है। यदि नियमन संतुलित और निष्पक्ष होगा तो वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के बजाय उसे सुरक्षित करेगा, क्योंकि स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह सत्य और जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। झूठ को सच में बदलने की तकनीकी क्षमता जितनी बढ़ रही है, उतनी ही दृढ़ता से सत्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प भी आवश्यक है। यही डिजिटल युग की सबसे बड़ी नैतिक परीक्षा है, और यही लोकतांत्रिक समाज की अगली कसौटी भी।**

# डीपफेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता



ललित गर्ग

**आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।**

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है। पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि 'आपत्तिजनक' या 'भ्रामक' सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया



**वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं।**

पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा। आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि एआई मानव गरिमा, गोपनीयता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करे। नियमन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे उत्तरदायी बनाना होना चाहिए।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 05:05 तक |
| नक्षत्र: | उत्तराषाढ़ा 07:48 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | व्यातीपात, 02:46 |
| सूर्योदय: | 07:03 |
| सूर्यास्त: | 18:18 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 04:54-06:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:18-13:03 |

## जन एक्सप्रेस

### ठीक नहीं खिलवाड़ !

*ना हुई प्रकाशित ।*
*फिर भी मचा बवाल ।।*
*आनी थी किताब ।*
*है उस पर सवाल ।।*
*भ्रम और बातों का ।*
*चल रहा है काल ।।*
*ठीक रहे तरीका ।*
*करना यदि कमाल ।।*
*है सबका अधिकार पर ।*
*ठीक नहीं खिलवाड़ ।।*
*बेवजह हिलाना ये ।*
*ठीक नहीं पहाड़ ।।*
*हास्य और मजाक से ।*
*नहीं है चलता देश ।।*
*जान गया जनमानस ।*
*ना रहा कुछ शेष ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# महिलाओं के लिए दालचीनी पानी के फायदे

**आज** के समय में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण अक्सर महिलाओं को हार्मोन्स के असंतुलित होने, पीरियड्स में दर्द होने, वजन बढ़ने और स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसे में अक्सर महिलाओं को नियमित एक्सरसाइज करने, बैलेंस डाइट लेने जैसे हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की सलाह भी दी जाती है। वहीं, भारतीय मसालों में से एक दालचीनी खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य में सुधार करने में भी सहायक होती है। औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी का सेवन करना स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**महिलाओं के लिए दालचीनी पानी के फायदे:** आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा के अनुसार, औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी में भरपूर मात्रा में फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैंगनीज, विटामिन ए, बी और सी जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल के गुण होते हैं। ऐसे में दालचीनी के पानी का सेवन करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।



**पीरियड्स के दर्द को कम करे:** दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। दालचीनी के पानी का सेवन करने से मांसपेशियों को रिलैक्स करने, दर्द, ऐंठन और दर्द को कम करने में मदद मिलती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, दालचीनी का सेवन करने से महिलाओं में प्राइमरी डिसमेनोरिया (पीरियड्स के दौरान दर्द), इस दौरान गंभीर दर्द होने, अधिक ब्लीडिंग होने, उल्टी और मतली की समस्या से राहत मिलती है।

**हार्मोन्स को बैलेंस करे:** दालचीनी के पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने, पीसीओएस या पीसीओडी जैसी समस्याओं से राहत देने, इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने और पीरियड्स को नियमित करने में मदद मिलती है।

**सूजन कम करे:** दालचीनी में मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी के गुण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। ऐसे में दालचीनी के पानी का सेवन करने से मांसपेशियों को रिलैक्स करने, शरीर की सूजन को कम करने और थकान को दूर करने में मदद मिलती है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करे:** दालचीनीके पानी का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक होता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, दालचीनी का अर्क प्री-डायबिटीज वाले लोगों में ब्लड शुगर (स्न्नक्न्न) और सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायक है, साथ ही, यह शरीर की चर्बी को कम करने और 'लीन मास' (मांसपेशियों) को बढ़ाने में भी सहायक पाया गया।

**फर्टिलिटी में सुधार करे:** दालचीनी के पानी का सेवन करने से शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने, सूजन को कम करने और फर्टिलिटी को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# बांग्लादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ



कमलेश पांडे

**बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफ हैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं।**

**बांग्लादेश** में प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने फरवरी 2026 के संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की है। उसने 300 सीटों में से 151 से 209 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। इससे बंगलादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ स्पष्ट हैं, क्योंकि यह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के पतन के बाद पहला बड़ा चुनाव है, जो 2024 के छात्र-आंदोलन से उभरा था। चूंकि बीएनपी पहले से सत्ता में रहती आई है, इसलिए उसकी जीत के वैश्विक मायने भी हैं। वह यह कि पार्टी कमोबेश पूर्व प्रधानमंत्री स्व.बेगम खालिदा जिया के अधूरे सपनों को ही साकार करेगी। वो भी तब जब उनके पुत्र तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। देखा जाए तो बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी को काफी पीछे छोड़ते हुए प्रचंड जीत दर्ज की है, जहां जमात को महज 42-68 सीटें ही मिलीं हैं। इसप्रकार तारिक रहमान, जो कि बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, देश के संभावित प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर

**हाँ, भारत में शरण लेने वाली हसीना को वापस लाने की मांग, जो सबसे बड़ा विवादास्पद मुद्दा है। हालांकि हालिया संकेत यही है कि ढाका लौटने के बाद उनके संयमित भाषण को खुफिया एजेंसियां 'इंडिया-न्यूट्रल' मान रही हैं, जो 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से अलग है। लिहाजा भारत के साथ सहयोग संभव, लेकिन पाकिस्तान-चीन झुकाव और जमात प्रभाव चिंता का विषय है।**

जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफ हैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर पाकिस्तान और जमात से बीएनपी के पुराने गठजोड़ के कारण। इसलिए उनकी जीत से भारत को सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अस्थिरता और चरमपंथी समूहों की चिंता बढ़ सकती है, हालांकि बीएनपी समानता-आधारित संबंधों का वादा कर रही है। खासकर हसीना युग के बाद विदेश नीति में बदलाव से व्यापार, जल बंटवारा और कनेक्टिविटी पर असर पड़ सकता है। वहीं बीएनपी की जीत से दुनिया के लिए भी सियासी मायने साफ हैं। बीएनपी की जीत बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता ला सकती है, लेकिन विदेश नीति में संतुलन अपनाने से चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत हो सकते हैं। वहीं दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक बदलाव संभव है, जहां भारत के प्रभाव में कमी और चीन के निवेश (2.1 बिलियन) बढ़ सकता है। वैश्विक रूप से, यह क्षेत्रीय गठबंधनों को प्रभावित कर सकता है, खासकर म्यांमार शरणार्थी और आर्थिक सुधारों के संदर्भ में। यह ठीक है कि भारत और बीएनपी के बीच संबंध सुधारने के प्रयास चुनाव से पहले ही शुरू हो चुके हैं, जिसमें एस जयशंकर की तारिक रहमान से 'बहुत मैत्रीपूर्ण' चर्चा शामिल है। हालांकि हसीना के भारत में रहने से तनाव बरकरार है, फिर भी दोनों पक्ष सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिख रहे हैं। इसलिए संभावित सुधार के कदम उठाये जा सकते हैं। खासकर राजनयिक संपर्क बढ़ाना, क्योंकि भारत ने बीएनपी नेताओं से मुलाकातें कीं, जैसे प्रणय वर्मा की मीरजा फखरुल से, जहां बीएनपी ने भारत की सुरक्षा हितों का सम्मान करने का आश्वासन दिया। वहीं, व्यापार और वीजा बहाली के दृष्टिगत यात्रा, व्यापार और वीजा प्रतिबंध हटाने पर फोकस किया जा सकता है, जो हसीना के बाद बाधित हो गए थे। खासकर जल बंटवारा और सीमा मुद्दे हल करना यानी बीएनपी पानी बंटवारे और सीमा हत्याओं (जैसे फेलानी घटना) पर जोर दे रही है। इसलिए कुछ चुनौतियां भी आएंगी, क्योंकि बीएनपी हसीना की प्रत्यर्पण की मांग कर रही है, जिसे भारत शरण दे रहा है, इससे जन-भावना भी प्रभावित हो रही है। वहीं, जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव और पाक-चीन झुकाव भारत की चिंता बढ़ा सकता है। फिर भी भविष्य की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। चूंकि बीएनपी 'समानता-आधारित' पड़ोसी संबंधों का वादा कर रही है, जबकि भारत अल्पसंख्यक सुरक्षा और चरमपंथ विरोध की शर्त रख रहा है। इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार, व्यावहारिक आवश्यकताएं रीसेट सुनिश्चित करेंगी, लेकिन ऐतिहासिक अविश्वास दूर करने में समय लगेगा। यद्यपि तारिक रहमान, जो बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, और भारत के प्रति संयमित और तटस्थ रुख अपनाते दिख रहे हैं, जो अतीत के तनावपूर्ण रिश्तों से अलग है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत चीनी मिल की पहल उन्नत तकनीकों से उत्पादन बढ़ाने को जागरूक हुए किसान : खुशीराम भार्गव

- गन्ना विकास परिषद पूरनपुर क्षेत्र में वैज्ञानिक बुवाई और सहफसली मॉडल से आय बढ़ाने की मुहिम तेज
- ट्रेंच विधि व सहफसली खेती के जरिए आय दोगुनी करने का आह्वान, वैज्ञानिक बुवाई पर विशेष जोर

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। जनपद में गन्ना उत्पादन को वैज्ञानिक आधार देने तथा किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्राम बलकरनपुर (गन्ना विकास परिषद्, पूरनपुर) में भव्य कृषि फार्म भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों ने प्रगतिशील किसानों के खेतों पर जाकर आधुनिक खेती की पद्धतियों का निरीक्षण किया और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर ग्राम बलकरनपुर के प्रगतिशील किसान हरजाब सिंह के कृषि फार्म का गहन निरीक्षण किया गया, जहां आधुनिक ट्रेंच पद्धति से गन्ने की बुवाई की गई है।

### ट्रेंच विधि से बसंतकालीन गन्ना बुवाई- जल संरक्षण और उच्च उत्पादन का मॉडल

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि किसान हरजाब सिंह द्वारा लगभग दो एकड़ क्षेत्रफल में बसंतकालीन गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से चार फीट की दूरी पर की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पद्धति वर्तमान समय में गन्ना उत्पादन के लिए अत्यंत प्रभावी एवं वैज्ञानिक मानी जाती है।

वहीं जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में जल संरक्षण आधारित खेती ही भविष्य का मार्ग है। ट्रेंच विधि अपनाने से न केवल संसाधनों की बचत होती है, बल्कि उत्पादन लागत भी नियंत्रित रहती है।

### ट्रेंच पद्धति के प्रमुख लाभ-

- सिंचाई जल की उल्लेखनीय बचत
- पौधों की जड़ों का बेहतर विकास
- फसल की संतुलित एवं सुदृढ़ बढ़वार
- कीट एवं रोग प्रबंधन में सहूलियत
- प्रति इकाई क्षेत्र अधिक उत्पादन की संभावना।

### सहफसली खेती के लाभ-

- जोखिम का विभाजन एवं आर्थिक सुरक्षा
- एक ही खेत से बहुआयामी आय
- भूमि की पोषक तत्व संतुलन में सुधार
- खरपतवार नियंत्रण में सहायक
- उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि का मूल मंत्र एक फसल पर निर्भरता कम, विविधता अधिक होना चाहिए।

### सहफसली खेती- अतिरिक्त आय और भूमि उर्वरता का संतुलन

किसान हरजाब सिंह ने अधिकारियों को बताया कि वह गन्ने के साथ मूंगफली को सहफसल के रूप में बोने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहफसली खेती से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होती है तथा खेत की उर्वरता में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलता है। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद पीलीभीत के किसान बसंतकालीन गन्ने के साथ मूंग, उड़द, सूरजमुखी एवं मूंगफली जैसी फसलों की सहफसली खेती कर सकते हैं।

### वैज्ञानिक बुवाई और बीज उपचार पर विशेष बल

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, प्रमाणित स्रोत से बीज प्राप्त करने तथा बुवाई से पूर्व अनिवार्य बीज उपचार करने की सशक्त सलाह दी।

### जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि

विश्वसनीय स्रोत से बीज प्राप्त करें तथा बुवाई से पूर्व वैज्ञानिक विधि से बीज उपचार अवश्य करें, तभी उत्पादन एवं आय में वास्तविक वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि खेत की तैयारी, संतुलित उर्वरक प्रयोग, समय पर सिंचाई और नियमित निगरानी से गन्ना उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि लाई जा सकती है।

### विभागीय अधिकारियों की सहभागिता

इस अवसर पर विनय सिंह, महाप्रबंधक गन्ना, एल.एच. चीनी मिल,मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बरखेड़ा,शिव स्वरूप सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान के लिए आवश्यक तकनीकी सुझाव प्रदान किए।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

यह कृषि फार्म भ्रमण कार्यक्रम केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे किसान जागरूकता अभियान का रूप दिया गया। अधिकारियों ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि करें और अपनी आय को सुदृढ़ बनाएं। जनपद पीलीभीत में गन्ना उत्पादन को नई दिशा देने की इस पहल से यह स्पष्ट संदेश गया है कि यदि किसान आधुनिक तकनीक, सहफसली खेती और वैज्ञानिक परामर्श को अपनाएं, तो वे लागत कम कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कुल मिलाकर, जिला गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम गन्ना किसानों के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक साबित हुआ, जिसने वैज्ञानिक खेती की ओर एक सशक्त कदम बढ़ाया है।

# नारियल फोड़कर लोकार्पण, 1.14 करोड़ की सड़क परियोजनाओं से बदलेगी तस्वीर

- गांव-गांव तक पहुंचेगी रफ्तार- तीन नई सड़कों से बरखेड़ा को मिली नई पहचान
- किसानों-छात्रों को बड़ी सौगात- करोड़ों की लागत से सड़कों का हुआ शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए शनिवार को लगभग 1.14 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने पारंपरिक रीति से नारियल फोड़कर सड़कों का शुभारंभ किया और उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहें साथी इसके सबसे अच्छी बात यह रही की

महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के आगमन तथा पूर्ण कार्यक्रम तक छोटे-छोटे बच्चे उनके इर्द-गिर्द मौजूद रहे इसने प्यार दुलार जो बच्चों के प्रति बरखेड़ा विधायक का रहता है वह साफ आज भी देखने को मिला, वहीं विधायक ने सभी बच्चों को मिठाई वितरित की। साथ ही ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### तीन प्रमुख मार्गों का हुआ निर्माण व मरम्मत ऋसड़कें क्षेत्र की जीवनरेखाऋ स्वामी प्रवक्तानंद

कार्यक्रम के अंतर्गत शिवनगर मझारा



शिबुआ संपर्क मार्ग का 1.070 किलोमीटर पुनर्निर्माण कार्य 69.49 लाख रुपये की लागत से पूर्ण कराया गया। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती थी। इसी क्रम में पूरनपुर-पीलीभीत मार्ग से सिसैया गजरौला खुर्द तक 0.600 किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण 27.34 लाख रुपये की लागत से कराया गया। यह मार्ग क्षेत्रीय संपर्क की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे आसपास के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त जरा बैंक से सिसैया मार्ग तक 0.850 किलोमीटर विशेष मरम्मत कार्य 17.61 लाख रुपये की लागत से पूर्ण कराया गया। इस मार्ग के सुधरने से किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण अवसर पर विधायक ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होती हैं। बेहतर संपर्क मार्ग बनने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, छात्रों का विद्यालयों तक पहुंचना आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र की प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में गजरौला मंडल अध्यक्ष ठाकुर कपिल सिंह, मंडल महामंत्री रमेश राणा, आनंद स्वरूप वर्मा, हरिराम सोनकर, ठाकुरदास, हरेंद्र कुमार, युगल वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से खराब सड़कों के कारण विशेषकर बरसात के समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की तस्वीर बदलने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बरखेड़ा में यह विकास पहल स्पष्ट संकेत देती है कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के साथ-साथ आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर भी समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके।

# प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में कर्मचारी की संदिग्ध मौत से मचा बवाल

- एफआईआर में 30 घंटे की देरी पर भड़के राज्यमंत्री, एसपी को तलब कर कोतवाल के निलंबन के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शहर के एक चर्चित कॉलोनाइजर के कार्यालय में 24 वर्षीय कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने तूल पकड़ लिया है। परिजनों द्वारा हत्या की तहरीर देने के बावजूद करीब 30 घंटे तक एफआईआर दर्ज न होने से मामला राजनीतिक रंग ले बैठा। पीड़ित परिवार ने जब पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार से न्याय की गुहार लगाई तो मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक को मौके पर तलब कर लिया और शहर कोतवाल के निलंबन के निर्देश दे दिए। बताते चले की कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी 24 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र सीताराम का शव शुक्रवार सुबह मोहल्ला देशनगर स्थित कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप के कार्यालय 'मधुरवानी फर्म' की छत पर सड़क की ओर फंदे से लटका मिला। परिजनों का कहना है कि अनिल पिछले सात वर्षों से उक्त कार्यालय में कार्यरत था। कुछ दिन पहले ही उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। घटना की सुबह करीब चार बजे कॉलोनाइजर ने उसे फोन कर कार्यालय बुलाया। तीन घंटे बाद ही घर पर उसकी मौत की सूचना पहुंची। परिवार ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताया है। उन्होंने सीधे तौर पर कॉलोनाइजर पर आरोप लगाते हुए उसी दिन कोतवाली में हत्या की तहरीर दी।

### एफआईआर में 30 घंटे की देरी से बढ़ा आक्रोश

परिजनों का आरोप है कि रसूखदार प्रॉपर्टी डीलर के दबाव में पुलिस मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल करती रही। पोस्टमार्टम के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जब दूसरे दिन भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो पीड़ित परिवार ने राज्य मंत्री से मुलाकात की। मंत्री ने तत्काल शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार से जवाब तलब किया। इस दौरान कोतवाल ने दलील दी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस पर मंत्री नाराज हो गए और इसे गंभीर लापरवाही बताया।

### पहले एफआईआर, फिर जांच राज्यमंत्री

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से सवाल किया÷जब परिजन लिखित तहरीर दे चुके थे तो एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हुई? इसका लिखित स्पष्टीकरण चाहिए। कोतवाल की कार्यप्रणाली संदिग्ध प्रतीत होती है, इन्हें तत्काल निलंबित किया जाए।÷ मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी मामले में पहले एफआईआर दर्ज की जाए, उसके बाद जांच की प्रक्रिया आगे बढ़े। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रथम दृष्टया यह इंस्पेक्टर स्तर की लापरवाही लगती है और जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### पुलिस महकमे में मची खलबली

मंत्री के कड़े तेवर के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी को मौके पर बुलाए जाने और निलंबन के निर्देश से प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई।

- अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हत्या का मुकदमा किन धाराओं में दर्ज किया जाएगा?
- कॉलोनाइजर की भूमिका की जांच किस स्तर तक होगी?
- प्रारंभिक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी?

### उठ रहे गंभीर सवाल

- घटना के बाद शहर में कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं।
- क्या प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में कार्रवाई टाली गई?
- क्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किए बिना एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती थी?
- एक कर्मचारी की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस की संवेदनशीलता इतनी कमजोर क्यों रही?

फिलहाल, मंत्री के हस्तक्षेप के बाद मामले में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। पीड़ित परिवार न्याय की मांग पर अडिग है और पूरे जिले की नजर अब पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

## Pulwama attack की स्मृति में काला दिवस, महाशिवरात्रि पर भक्तिमय आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की सुरभि कॉलोनी शाखा एवं टनकपुर रोड शाखा में वर्ष 2019 के क्क्वद्य2ड्डद्घ ड्डह्लह्लड्डष्द्म की स्मृति में काला दिवस अत्यंत श्रद्धा और गंभीरता के साथ मनाया गया। इसके साथ ही महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी भक्तिभाव एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। विद्यालय परिसर में शहीदों की स्मृति में कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था, जिसमें 40 से अधिक जवान वीरगति को प्राप्त हुए। यह घटना देश के इतिहास का एक अत्यंत दुखद और हृदयविदारक अध्याय है।शिक्षकों ने कहा कि देश के सैनिक राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटते। आज देश जिस शांति और सुरक्षा के वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है, वह उन्हीं वीर जवानों के साहस, त्याग और समर्पण का परिणाम है। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं और विचारों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान शिव के जीवन, उनके आदर्शों और इस पावन पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। शिव स्तुति, भजन और मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कुछ विद्यार्थियों ने भगवान शिव और माता पार्वती की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाशिवरात्रि हमें संयम, तप, आत्मचिंतन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देती है।

# महाशिवरात्रि को लेकर गौरीशंकर मंदिर में प्रशासन सतर्क

**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम के निर्देश**





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के साथ नगर स्थित गौरीशंकर मंदिर परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### साफ-सफाई, सुरक्षा व निगरानी तंत्र की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, प्रकाश व्यवस्था तथा पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में व्यवस्थित बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि दर्शन-पूजन सुचारु रूप से संपन्न हो सके। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए।

### यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। मंदिर आने-जाने वाले मार्गों पर प्रभावी यातायात नियंत्रण योजना लागू की जाए, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि÷श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था अनिवार्य है।÷ प्राथमिक उपचार व पेयजल की समुचित व्यवस्था के निर्देश जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के समीप अस्थायी प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित किया जाए। साथ ही पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस अवसर पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित विभागों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाशिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से किया गया यह निरीक्षण प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि जनपद में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# डॉ.आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में शहर विकास की नई रोशनी

- डॉ.आस्था अग्रवाल ने किया नौगवां फ्लाईओवर पर स्ट्रीट लाइट पोल का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नौगवां फ्लाईओवर को अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटों से सुसज्जित कर दिया है। शनिवार शाम आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने स्विच दबाकर 64 स्ट्रीट लाइट पोल का लोकार्पण किया। जैसे ही लाइटें जलीं, पूरा फ्लाईओवर रंगीन रोशनी से नहा उठा और उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।लोकार्पण से पूर्व शिलापट का अनावरण किया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सिस्टम से स्ट्रीट लाइट चालू कर आधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्था की शुरुआत की। यह व्यवस्था आवश्यकता अनुसार ऑनलाइन नियंत्रित की जा सकेगी, जिससे ऊर्जा संरक्षण और सुचारु संचालन में मदद मिलेगी।नगर पालिका परिषद द्वारा फ्लाईओवर के दोनों ओर 32-32 स्टेनलेस स्टील पोल स्थापित किए गए हैं। कुल 64 पोलों में विशेष डिजाइन का समावेश किया गया है। इनमें जनपद की पहचान पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रतीक 'टाइगर' की आकृति के साथ जिले की सांस्कृतिक धरोहर मानी जाने वाली बांसुरी की कलाकृति उकेरी गई है। इस आकर्षक डिज़ाइन से फ्लाईओवर की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। कार्यक्रम 14 फरवरी 2026 को सायं 5¬45 बजे आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। लाइटें चालू होते ही नौगवां फ्लाईओवर लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया। देर रात तक नागरिक परिवार सहित वहां पहुंचते रहे। युवा वर्ग वीडियो बनाते और सेल्फी लेते नजर आए। कई लोगों ने इसे शहर के विकास और आधुनिकता की दिशा में सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अवतार सिंह मोनू, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, कुमकुम अग्रवाल, अंजलि आदर्श, अर्चना खंडेलवाल, डॉ. अनुरीता सक्सेना, पदमा अग्रवाल, मधु कुमार, मीना बग्गा, पूनम चंद्र, डॉ. सरिता, सुधा, मिरला, नीता अग्रवाल, गौरी, मेघा अग्रवाल, इमरान अंसारी, विकास बाबू, मोहन स्वरूप, इंजीनियर पंकज राजपूत, सुनील राठौर, रईस बेग, प्रशांत जैसवार, संतोष सक्सेना, अरुण उपाध्याय, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद की इस पहल से जहां एक ओर फ्लाईओवर की दृश्यात्मक सुंदरता बढ़ी है, वहीं रात्रि में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भी बेहतर रोशनी मिलने से सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

# कोतवाली रोड स्थित कौशिक विज़डम प्रीस्कूल में फैशन परेड का आयोजन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

कोतवाली रोड स्थित कौशिक विज़डम प्रीस्कूल में शनिवार को फैशन परेड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर केजी तक के 120 से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक और प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने स्वयं रैंप वॉक कर किया। इसके बाद प्ले ग्रुप के बच्चों ने रंग-बिरंगे आकर्षक परिधानों में रैंप पर कदम रखे। बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर सहज प्रस्तुति अभिभावकों और शिक्षकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्री नर्सरी के बच्चों ने भी अपने लुभावने आउटफिट और साज-सज्जा के साथ सभी का मन मोह लिया। नर्सरी और केजी कक्षा के विद्यार्थियों ने सुंदर भाव-भंगिमाओं और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के जरिए साबित कर दिया कि उचित मार्गदर्शन से छोटी उम्र में भी बड़े मंच पर प्रभावी प्रस्तुति दी जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, मंच कौशल और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करती हैं। कम उम्र में ही स्टेज फोबिया दूर करने में ऐसे आयोजन सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की वेबसाइट का विमोचन किया गया।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहें।

- प्ले ग्रुप- हम्ज़ा शमशी प्रथम, भुविका कौशिक द्वितीय, निशिक बंसल तृतीय।
- प्री नर्सरी (पैगविन)- करीमा प्रथम, स्वीकृति गोयल द्वितीय, ईजाम शमशी तृतीय।
- प्री नर्सरी (डकलिंग्स)- स्वास्तिका देवल प्रथम, अनाबिया फातिमा द्वितीय, आदवित वर्मा तृतीय।
- नर्सरी- सारा फातिमा प्रथम, अलिशबा शोएब द्वितीय, बतूल फातिमा तृतीय।
- केजी- अबीरा प्रथम, खतीर द्वितीय, नायरा चौधरी तृतीय।
- इसके अतिरिक्त वर्णिका बालियन, अमय गुप्ता, मोहम्मद मुसब रजा खान, अपूर्वा वर्मा, मुंतहा फातिमा, आस्था, करीमा शमसी, माहिल हुसैन, अथर्व, ऐज़ल खान, सैयद मोहम्मद उस्मान, दुआ फातिमा, अब्दुल हादी, माहिर, स्वराज शर्मा और तृषिका शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।
- कार्यक्रम में शिक्षिकाएं रितु जायसवाल, चारू सिंह, असलैहना परवीन, रजनी रस्तोगी, फबेहा और फेयरी अंसारी सहित अभिभावक भी उपस्थित रहे।
- कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## कच्चे चकरोड पर जलभराव और दलदल, लोग परेशान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग से दिलाबरपुर जाने वाला लिंक रोड गांव तक कच्चा है। साफ सफाई ना होने पानी का निकाश नही हो रहा है। जिससे परेशानियों का सामना करना पड रहा है। घुंघचाई-दियूरियाकला रोड से दिलाबरपुर गांव जाने वाला लिंक रोड कच्चा है। कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। लेकिन नालियों की साफ सफाई ना होने से पानी का निकाश नही हो पा रहा है। जिससे रास्ते पर पानी और दलदल वना हुआ है। जिससे वाहनो का आवागमन ठप पडा हुआ है। चकरोड पर गड्ढे व कीचड हो जाने से लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है।

# पाली में डिप्टी कमिश्नर के भाई की चाकू गोदकर हत्या, एसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जनपद में पाली थाना क्षेत्र के मुडरामऊ गांव में शनिवार की सुबह डिप्टी कमिश्नर के भाई का घर के अंदर घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़ा मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस एवं ग्रामीणों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।गांव के ही दो लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप है।मृतक के पिता की बीते करीब ढाई साल पहले हत्या कर दी गई थी।





जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के मुडरामऊ गांव निवासी स्वर्गीय दयाराम राठौर का लगभग 35 वर्षीय पुत्र विजय प्रकाश अपनी मां गोमती के साथ रहता था।उसका भाई रामेंद्र डिप्टी कमिश्नर के पद पर मथुरा में तैनात है।बताया जाता है कि बीती शुक्रवार/ शनिवार की की रात वह अपने पड़ोसी आशीष कुमार बाजपेई के घर में घुसकर संदिग्ध आचरण कर रहा था।आशीष बाजपेयी ने पीआरवी 112 को फोन पर सूचना दी।सूचना पर पहुंची पीआरवी विजय प्रकाश को उसके घर पहुंचा कर चली गई थी।लेकिन शनिवार की सुबह विजय प्रकाश पुनः पड़ोस में रहने वाले सुशील मिश्रा के घर में घुसा और गांव के ही इन्द्रपाल एवं नरेश के नाम लेकर कहने लगा कि मेरी हत्या के लिए यह लोग उसके घर मे गड़ासा लेकर बैठे है।इसके बाद वह सुशील मिश्रा के घर पर लगे पेड़ पौधों के बीच लेट गया। सुशील मिश्रा ने विजय प्रकाश को उसकी मां गोमती के साथ मिलकर घर पहुंचाया।विजय प्रकाश के घर पहुंचने के कुछ ही समयबाद रोने चीखने की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग जब उसके घर पहुंचे तो देखा कि वह खून से लथपथ अवस्था में अपने आंगन में पड़ा था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था में विजय प्रकाश को एंबुलेंस से पाली पीएचसी भेजा,जहां से उसे गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अविवाहित था तथा अपनी बुजुर्ग मां के साथ घर पर रहता था। मृतक के पिता की लगभग ढाई वर्ष पूर्व हत्या कर दी गयी थी।मां गोमती ने महावीर और समरपाल के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। आरोपियों से मृतक के परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है।घटना को लेकर एसपी अशोक कुमार मीणा,एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह,सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल की। एएसपी ने घटना के संबंध में पड़ोसियों से के भी बयान दर्ज किए और जानकारी जुटाई। एएसपी आलोक राज नारायण ने परिजनों की मांग पर विजय प्रकाश के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया। वहीं एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने कहा कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# हरदोई में शस्त्र लाइसेंस की फाइल दबाने का बड़ा खेल, पूर्व लिपिक सहित 03 लोगो पर रिपोर्ट दर्ज

## शस्त्र लिपिक विनय शुक्ला ने दर्ज कराई एफआईआर,रिकॉर्ड से छेड़छाड़ का मामला

जन एक्सप्रेस । हरदोई




हरदोई के कलेक्ट्रेट में एक पुरानी शस्त्र लाइसेंस फाइल ने ऐसा बवाल खड़ा किया है कि अब मामला सीधे थाने तक पहुंच गया है।मौजूदा शस्त्र लिपिक विनय कुमार शुक्ला ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर देकर पूर्व शस्त्र लिपिक हरी सिंह,सुधीर और पंडित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।आरोप सीधा है कि एक वैध आवेदन को नियमों के तहत निपटाने के बजाय जानबूझकर दबा दिया गया और उसे रिकॉर्ड में ÷गायब÷ करने की कोशिश की गई। मामला वर्ष 2015 का है।ग्राम नयागांव हबीबपुर निवासी श्रीशचन्द्र बाजपेयी ने अपने दिवंगत पिता के नाम से जारी 12 बोर शस्त्र लाइसेंस को अपने नाम ट्रांसफर कराने के लिए आवेदन किया था।सामान्य प्रक्रिया में जांच,रिपोर्ट और सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही लाइसेंस ट्रांसफर होता है।लेकिन शिकायत के अनुसार उस समय तैनात हरी सिंह ने अपने दो सहयोगियों सुधीर और पंडित के साथ मिलकर आवेदन का निस्तारण ही नहीं होने दिया।आरोप है कि बिना किसी वैध आदेश के फाइल को अभिलेखागार में दाखिल दिखा दिया गया,यानी कागजों में मामला बंद कर दिया गया।इतना ही नहीं, न्यायिक अभिलेखागार की अभिलेखपाल श्रीमती सुषुमलता पर दबाव बनाकर फाइल को नष्ट कराने की कोशिश भी की गई।ऐसे में अगर आरोप सही साबित होते हैं तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और एक नागरिक के अधिकारों से खिलवाड़ का मामला बन सकता है।फिलहाल पुलिस ने शस्त्र लिपिक विनय शुक्ला की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि फाइल खुद दब गई या जानबूझकर दबाई गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## हिरासत में दरोगा की पिस्टल छीनकर गौकशी के अभियुक्त ने की फायरिंग, मुठभेड़ में ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई में उस वक्त सनसनी फैल गई,जब गौकशी के आरोपी ने पुलिस हिरासत में ही दरोगा की रिवॉल्वर छीनकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।थाना कासिमपुर क्षेत्र के बांगरमऊ रोड पर सई नदी के पास हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

शनिवार की सुबह पुलिस टीम रसूलपुर आंट निवासी गिरफ्तार गौकश मूसा पुत्र रफीक की निशानदेही पर गौकशी में प्रयुक्त औजार बरामदगी के बाद उसे थाने ला रही थी।तभी अचानक मूसा ने उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह की सरकारी रिवॉल्वर झपट ली और जान से मारने की नीयत से ट्रिगर दबा दिया।गोली चलते ही पुलिस टीम ने खुद को संभालते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की।पुलिस की गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। छीना-झपटी में उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह भी घायल हो गए। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।दरअसल, एक दिन पहले गश्त के दौरान संदिग्ध प्लैटिना बाइक से बोरी में गौमांस और तराजू बरामद हुआ था। पशु चिकित्सक की पुष्टि के बाद मुकदमा दर्ज कर मूसा को गिरफ्तार किया गया था। उसकी निशानदेही पर कुल्हाड़ी, चाकू और रस्सियां भी मिलीं।आरोपी पर पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि मामले में सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने गन्ना विभाग की खाद गोदाम का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

केन ग्रोवर्स हरदोई की शाहाबाद खाद गोदाम का सौंदर्यीकरण के बाद उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार की किसानों के प्रति चलाई जा रही योजनाओं एवं जल कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजकीय कृषि बीज भंडार के समक्ष सालों से जर्जर पड़े केन ग्रोवर्स हरदोई की खाद गोदाम का अध्यक्ष रंजीत सिंह द्वारा सौंदर्यीकरण कराया गया। शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री ने इस खाद गोदाम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने बताया केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली के लिए तमाम योजनाएं चला रहीं हैं। आज जिस खाद गोदाम का शुभारंभ किया गया है



इस खाद गोदाम के शुरू होने के बाद किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और कीटनाशक दवाएं यहां से कम दामों पर उपलब्ध होगी। जिससे किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया सरकार जनहित के लिए लगातार काम कर रही है सरकार की समस्त योजनाएं जनहित की हैं। उन्होंने बताया सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना फ्री राशन की है जिससे गरीबों को किसी के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़ रहा है। उन्होंने बताया पिछली सरकारों में किसानों के लिए केवल नाम की योजनाएं चलाई जाती थी जिसका फायदा किसानों को न मिलकर अधिकारियों और कर्मचारियों तथा दबंग लोगों को मिल जाता था लेकिन भाजपा सरकार में सभी किसानों को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर केन ग्रोवर्स हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने भी खाद गोदाम के शुभारंभ को किसानों के लिए एक बड़ी सहूलियत बताते हुए कहा इस खाद गोदाम से किसानों को अच्छी गुणवत्ता की खाद और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध होगी और यहां पर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा: प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर हुई थी महिला की हत्या

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के अमिरता गांव में गुरुवार को खेत में काम रही महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार किए गए आरोपी ने प्रेम प्रसंग में बनाए गए संबंधों का खुलासा करने पर महिला की हत्या करने की बात स्वीकार की है।

बताते चलें कि बीती 12 फरवरी को अमिरता गांव निवासी सुरेश चंद्र की 45 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी अपने पुत्रों के साथ खेत पर प्याज़ की बेड़ गाड़ने गयी थी। जहां उसकी धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। घटना की सूचना पाकर एसपी अशोक कुमार मीणा,एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद मृतका की बेटी और बच्चों से बात की। गांव के कुछ जिम्मेदार लोगों से भी अधिकारियों ने बातचीत की।मृतका के देवर पिंटू पुत्र भइयालाल ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे को लेकर एसपी अशोक कुमार मीणा ने कई टीमे बनाकर घटना के शीघ्र अनावरण का निर्देश दिए था।एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शाहाबाद के प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस बल द्वारा श्रीदेवी हत्याकांड के आरोपी गांव निवासी रामनिवास पुत्र सुखलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया। रामनिवास के अनुसार गांव के एक व्यक्ति की साली से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने खेत पर महिला से संबंध बनाएं जिसे मृतका ने देख लिया था।

# थाना समाधान दिवस में प्रशासन और पुलिस ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

## सदर कोतवाली में डीएम व एसपी की मौजूदगी में त्वरित निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई

सदर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल एक शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसे मौके पर ही संज्ञान में लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) को जांचकर समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस आमजन और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का



प्रभावी माध्यम है, अतः प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। एसपी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष हो तथा शिकायतकर्ता को प्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। थाना समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही प्रभावी ढंग से किया जाए। जिससे अनावश्यक विवाद एवं लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी आए और जनविश्वास सुदृढ़ हो।

### श्मशान घाट पर युवक का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हड्डी मील के पास बने श्मशान घाट में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शहर क्षेत्र के मोहल्ला हड्डी मील के पास बने श्मशान घाट पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा युवक का शव देखकर इलाके में अफरातफरी मच गई। खबर फैलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान विजय पुत्र रामप्रसाद उर्फ राजा साहब निवासी भगौरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वह वेलकम गेस्ट हाउस उरई में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। बल्कि उसके पास से जिला अस्पताल में उसकी पार्किंग पर्ची भी कटी थी। मौत की असली वजह हादसा, बीमारी या कुछ और है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की हकीकत जानने के लिए हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 की डीएम ने की समीक्षा

## मतदेय स्थलों व नोटिस सुनवाई केंद्रों का निरीक्षण, समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई

अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मतदेय स्थलों पर चल रही सुनवाई प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, नया पटेल नगर तथा विकास भवन स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण व्यवस्था एवं नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपस्थित नागरिकों एवं मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित



किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं आपत्तियों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने अथवा संशोधन कराने में असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नोटिस सुनवाई केंद्रों पर आने वाले नागरिकों के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता और निष्पक्षता बरती जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं त्रुटिरहित तैयार हो।

### मजदूर के घर में लगी आग, समान जलकर हुआ राख

जालौन। मजदूर के घर में आग लगने से खाने पीने के सामान समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग से मजदूर को करीब 50000 रुपये का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी मजदूर रामप्रकाश भास्कर मजदूरी का काम करते हैं। शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर कमरे में सो गए। रात करीब एक बजे अचानक से घर में आग लग गई। धुएं के चलते परिजनों की आग खुली और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन आग पर काबू नहीं पा सके और देखते ही देखते आग फैल गई। आग ने घर में रखे अनाज और अन्य घर गृहस्थी के सामान को चपेट में ले लिया। परिजनों के चिल्लाने पर आस पास के लोग भी पहुंच गए और दमकल को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तकरीबन एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखा करीब 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित मजदूर ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई है।

## जिला कारागार के शौचालय में बंदी ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

जिला कारागार में पॉक्सो और रेप के मामले में विचाराधीन एक कैदी ने गमछे से फांसी लगा ली। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। जिला हमीरपुर थाना कुरारा क्षेत्र के ग्राम कडौर निवासी मनोज 24 वर्ष पुत्र बाबूलाल रेप और पॉक्सो एक्ट मामले में कालपी कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे में आरोपी था।जो मार्च 2024 से जिला कारागार उरई में बंद था। बताया जा रहा कि मनोज ने जेल परिसर के बाथरूम में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। अन्य कैदियों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने शोर मचाया। सूचना मिलते ही बंदी रक्षक मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतार कर तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि युवक ने किन परिस्थितियों में फांसी लगाई और उसके पास गमछा कैसे पहुंचा, इसकी गहन जांच की जा रही है। साथ ही, जेल के सुरक्षा इंतजामों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल विचाराधीन कैदी की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

# आगामी पर्व महाशिवरात्रि, रमजान व होली की तैयारियों पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में पीस कमेटी कर अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता और भाईचारे के प्रतीक हैं, अतः किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने सभी समुदायों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आपसी संवाद बनाए रखें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही प्रमुख मंदिरों के संस्थापक/पुजारी, विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता करते हुए अपने सुझाव रखे।

## डंपर में पीछे से घुसी कार, आग लगने से जलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

शहर के मोहल्ला राजेंद्र नगर करमेर रोड के रौरा हाउस निवासी राजेश कुशवाहा 55 वर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। जिनका ऑफिस उरई पुलिस क्लब के सामने स्थित है, जबकि उनकी पत्नी स्वाति सिंह झांसी के आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर है। जिस वजह से राजेश और उनकी पत्नी झांसी में ही रहते थे जबकि काम के सिलसिले से रोजाना राजेश का उरई आना जाना होता था। बताया गया कि शुक्रवार रात तकरीबन 1ः00 बजे राजेश ऑफिस का काम निपटाकर अपनी लग्जरी कार से झांसी जा रहे थे। इस दौरान जब वह झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर मौखरी होटल के पास स्थित ओवरब्रिज के ऊपर से गुजर रहे थे। तभी वह आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसे, जिससे कार में देखते ही देखते आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कार का दरवाजा नहीं खुल सका और चालक अंदर ही फंस गया। आग तेजी से फैलने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया और जिंदा जलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद पुलिस ने कार के अंदर से सवार सीए राजेश कुशवाहा का जला हुआ शव ढांचा बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और पीछे से ट्रक में टक्कर लगने का प्रतीत होता है।

# बी, सी और डी ग्रेड योजनाएं स्वीकार्य नहीं : डीएम

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज



जनपद के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने देर शाम कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने बी, सी और डी ग्रेड प्राप्त योजनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की प्रगति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

जिलाधिकारी ने पंचायतीराज, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, सहकारिता, पर्यटन, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों की परियोजनाओं की प्रगति का बारीकी से परीक्षण किया। पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित कर परियोजना की पूर्णता तिथि में आवश्यक संशोधन कराते हुए कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। परियोजना में विलंब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। छात्रवृत्ति योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभावी कार्रवाई कर शीघ्र सुधार लाने को कहा। पंचायत सहायकों के माध्यम से फैमिली आईडी बनवाने का भी निर्देश दिया गया।

पीएम सूर्यघर योजना के तहत इस माह लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। पीएम कुसुम योजना में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपनिदेशक कृषि को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। दुग्ध एवं मत्स्य विभाग को सहकारी समितियों तथा सदस्य संख्या में वृद्धि सुनिश्चित करने को कहा गया।

सीएमओ को 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं का रिस्पांस टाइम बेहतर करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंदों तक एंबुलेंस समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पुनः सत्यापन हेतु प्राप्त आवेदनों का निस्तारण इसी माह पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर सतत निगरानी रखें। जिन योजनाओं में प्रगति खराब पाई जाएगी, उनमें संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. नवनाथ प्रसाद, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, उपायुक्त श्रम रोजगार गौरवेंद्र सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, सहायक पर्यटक अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, श्रेया मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध असलहे के दो सौदागर पुलिस गिरफ्त में, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्जनपदीय असलहा तस्कर गैंग का पर्दाफाश कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, एक रिवाल्वर, चार तमंचा, दो मैगजीन व आठ कारतूस के साथ ही एक ब्रेजा कार भी बरामद किया है। बता दें कि एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में थानाध्यक्ष मान्धाता व चोरी अनावरण विशेष टीम द्वारा अवैध असलहों की तस्करी करने वाले अंतर्जनपदीय सक्रिय तस्कर मो. शहबाज व अनिल मिश्रा को शुक्रवार रात सर्विलांस एवं मुखबिर की सटीक सूचना पर मान्धाता थाना इलाके के हैंसी जयचन्द गांव के समीप तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। मो. शहबाज थाना इलाके के ढेमा गांव व अनिल मिश्रा पुरे तोरई गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार पूछताछ पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि ये बरामद असलहे अवैध हैं। दोनो अभियुक्त अवैध असलहा तस्करी से जुड़े हुये हैं। जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। शहबाज के खिलाफ प्रतापगढ़ व प्रयागराज जिले में आधा दर्जन से ज्यादा व अनिल मिश्रा के खिलाफ भी मुकमदे दर्ज हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसपी द्वारा पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार देने की भी घोषणा की गई है।

# महाशिवरात्रि आज : श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल बार्डर से सटे इटहिया के मिनी बाबा धाम के नाम से विख्यात पंचमुखी शिव मंदिर को सजाने संवारने की तैयारियां महाशिवरात्रि के एक दिन पहले ही पूरी कर ली गई। महाशिवरात्रि के दिन एक दिवसीय मेले और शिव दर्शन व जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया हैं। इसके लिए छह थाने की पुलिस व पीएसी फोर्स मेले के प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे।

हिंदू धर्म का पवित्र पर्व महाशिवरात्रि को लेकर इटहिया के मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध पंचमुखी शिव मंदिर में रंगरोगन, साफ सफाई कर उसे आकर्षक ढंग से सजाने संवारने समेत मेले की अन्य तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई। उधर दुकानदार पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था में अभी से अपनी तैयारी कर रहे हैं। रविवार को श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में जलाभिषेक, शिवलिंग दर्शन और पूजा अर्चना के लिए सुबह सूर्योदय से पहले ही कपाट खोल दिए जाएंगे। जहां भारतीय सीमा क्षेत्र के आसपास और विभिन्न जगहों के साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल व बिहार प्रांत से भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। महाशिवरात्री के दिन मंदिर पर होने वाली भीड़ व मेले को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग के अलावा मेले में तीसरी नजर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से प्रत्येक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर भी रहेगा। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल नवनीत नागर ने बताया कि मंदिर सुरक्षा को लेकर पांच थानों की पुलिस, 25 उपनिरीक्षक, 150 कांस्टेबल, महिला आरक्षी, यातायत पुलिस व फायर ब्रिगेड और पीएसी फोर्स की तैनात किया गया है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए जगह जगह बैरिकेडिंग भी की गई है।

# मिशन शक्ति टीम द्वारा 'पुलिस की पाठशाला' का आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को पट्टी थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा रामराज इंटर कॉलेज कस्बा पट्टी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ पट्टी मनोज कुमार रघुवंशी द्वारा बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन व साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नए आपराधिक कानूनों के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के विषय में संवाद कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क की जानकारी देते हुए मिशन शक्ति प्रभारी का सीयूजी नंबर एवं थाना पट्टी का सीयूजी नंबर भी साझा किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

## खेत गयी किशोरी की करंट की चपेट में आने से मौत वाली खबर की फोटो

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के कंधई थाना इलाके में खेत में चारा काटने गई किशोरी की विद्युत करंट की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कंधई थाना क्षेत्र के वारीकला गांव में मनोज कुमार वर्मा की 17 वर्षीय बेटी उपासना शुक्रवार शाम चारा काटने खेत मे गई थी। इस दौरान जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए एक किसान द्वारा खेत में लगाए गए बाड़ में उतर रहे विद्युत करंट की चपेट में आने से उपासना गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिरकर अचेत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा हल्ला गुहार के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरछुट ले गये जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के साथ ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने के खिलाफ कंधई थाने पर तहरीर दी है।

# सूर्य महोत्सव मैं राई नृत्य ने सबको अपनी कला से किया सम्मोहित

जन एक्सप्रेस । महोबा



सूर्य महोत्सव के सायंकालीन कार्यक्रम में आल्हा गायन से शुभारंभ आल्हा गायक अनुज सिंह और परशुराम द्वारा किया गया, कृष्ण मोहन नायक ने बुंदेली गीतों के माध्यम से बुंदेली की विविध विधाओं की रचना सुनाई, श्याम जादूगर ने अपने शो के माध्यम से बच्चों को खूब लुभाया, हरविंद कुमार नीरज ने बुंदेली लोक गायन किया, राधा प्रजापति के राई नृत्य ने सबको सम्मोहित कर लिया, सपना बुंदेली ग्रुप ने हरदौल नाटिका की प्रस्तुति की, दीवान हरदौल नाटिका के माध्यम से लोक देवता दीवान हरदौल के जीवन चरित्र का गुणगान किया। पर्यटन एवं इतिहास संगोष्ठी में मुख्य वक्ता महेंद्र भीष्म ने जनपद में पर्यटन की संभानाओं के बारे में विस्तार से बताया, वही संतोष पटैरया द्वारा जनपद के इतिहास पर प्रकाश डाला, डा अनिल श्रीवास्तव ने चंदेल कालीन अभिलेखों की विस्तृत जानकारी दी, जयश्री अरजरिया , प्रफुल्ल गोस्वामी, राकेश अग्रवाल द्वारा अपने विचार व्यक्त किया, पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ चित्रगुप्त ने बताया की उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 का शुभारंभ किया गया है जिसके द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटको को आवास एवं भोजन की व्यवस्था प्राप्त हो जाएगी होम स्टे नीति के अंतर्गत नागरिक अपने आवासीय भवन के कम से कम एक या अधिकतम 06 कक्षों को किराए पर दिया जा सकता है इस स्कीम के अंतर्गत देसी विदेशी पर्यटको को किफायती दरों पर आवास एवं नाश्ता , बुंदेली भोजन आदि उपलब्ध कराए जाने हेतु पंजीकरण कराया जा सकता है उक्त में से लगभग 6 कमरे पंजीकृत किए जाएंगे और रूरल होम स्टे के अंतर्गत गांव में होमस्टे की सुविधा प्रदान किए जाने के अंतर्गत ग्रामीण लोगों को अधिक से अधिक संख्या में अपने भवनो को इसके अंतर्गत पंजीकृत कराए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है उक्त हेतु जिला पर्यटन कार्यालय महोबा में भी संपर्क किया जा सकता है , कार्यक्रम में रूरल होम स्टे के अंतर्गत पंजीकृत होम स्टे संचालकों को अपर जिलाधिकारी वि/रा कुंवर पंकज द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, इस अवसर हर नारायण यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष भागीरथ नगायच, माधव खरे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अनेक पर्यटन प्रेमी मौजूद रहे दिन के कार्यक्रम में वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन रोहित शर्मा के संयोजन एवं सुनीत दीक्षित के सह संयोजन में संपन्न हुआ, कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवियत्री रीना सिंह चित्रकूट ने अपनी सरस्वती वंदना से किया, कार्यक्रम में मैनपुरी से आए मनोज चौहान ने अपनी रचना पढी ÷कोई जिक्र नहीं छोड़ूंगा आतंकी आकाओं के। यानी दीप बुझाने वाली वहसी क्रूर हवाओं के।। जिसने बोए आल्हा,ऊदल से वीर हिंद की माटी में, चरण पिऊंगा धोकर ऐसी वीर प्रसूता मांओं के।। उरई से आईं प्रिया दिव्यम ने अपनी रचना पढी ÷साहस शौर्य पराक्रम और स्वर्णिम इतिहास की थाती को बारम्बार प्रणाम मेरा बुन्देलखण्ड की माटी को 7 कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे श्री प्रकाश पटैरया ने अपनी रचना पढी।

# काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बना है काशीपुरा का शिव मंदिर

जन एक्सप्रेस । महोबा

पनवाड़ी ब्लाक अंतर्गत ग्राम काशीपुरा जहां मराठा शासन में 11वीं शताब्दी में भगवान शिव शंकर का मंदिर काशी विश्वनाथ वाराणसी स्थापित किया गया इस मंदिर की महिमा और कृतियां तथा मानसिक शांति अध्यात्मिकता और चमत्कार की हजारों घटना सामने आती हैं ।उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से वंचित काशीपुरा ब्लाक पनवाड़ी जनपद महोबा मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं हो रहा है।* 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर पर विशाल मेले का आयोजन हो रहा है। सुरक्षा करना चाहिए

इस मंदिर पर सरकार का कोई ध्यान नहीं जा रहा है अनेकों बार समाचार पत्रों में प्रकाशित होने बाद भी इस मंदिर का रखरखाव सुरक्षित नहीं है, इस मंदिर की किसी भी प्रकार की सुरक्षा नहीं है इस गांव के प्रधानों पुजारी लापरवाह बने हुए हैं यह सनातन धर्म की आस्था और इतिहास की धन-धर्म है जिस पर महोबा जनपद और उत्तर प्रदेश सरकार को शीघ्र ध्यान देना चाहिए

समाजसेवी श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी ने बताया कि भगवान् शिव पार्वती के विबाह महोत्सव पर पुराना मंदिर काशी विश्नाथ मंदिर की तर्ज पर बना 11 सौ बर्ष पुराना काशीपुरा का शिवमंदिर -बताया जाता है। बर्तमान उत्तर प्रदेश के महोबा जिला के ब्लाक पनवाड़ी के काशीपुरा ग्राम में यह मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण धसान नदी के पूर्वी भाग पर लच्छुरा बाँध के नीचे नदी किनारे विशाल बना हुआ है। इस मंदिर के निर्माण भी भूगौलिक दृष्टि से बहुत ही सुरक्षा से हुआ।

ऐसा कहा जाता है की इस क्षेत्र में भियावान जंगल था , तथा संतो महात्माओं साधुओ द्वारा क्षेत्र अध्यात्मिकता धार्मिक और तांत्रिक रूप से बहुत ही पवित्र पावन माना गया इसलिए यहां पर साधु संत ऋषि मुनि अपनी तपस्या करते थे मराठा काल में शासन करने वाले राजाओं ने अपनी धन-संपत्ति और क्षेत्र की सुरक्षा के लिए इस मंदिर का निर्माण कराया है जो आज विशालतम अपना स्वरूप लिए खड़ा हुआ है । गांव क्षेत्र के आस्था और विश्वास के साथ बताते हैं कि इस मंदिर पर आने वाला प्रत्येक भक्त अपनी श्रद्धा और भक्ति के कारण आत्मा को पवित्र करता है और उसकी मनोकामना पूर्ण होती हैं यहां पर अभिषेक यज्ञ हवन पूजन कन्या भोज भंडारा चलता ही रहता है संत महात्माओं का आना जाना लगा रहता है । काशीपुरा ग्राम का नाम भी इसी मंदिर के इतिहास से जुड़ा है। बुंदेलखंड के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा संस्कृति और संस्कारो , नैतिक शिक्षा को बचाने के लिए मोटर साईकिल से भ्रमण करते है। इसी दौरान महाशिवरात्रि पर्व पर काशीपुरा गए। यहाँ के बुजुर्ग श्री आयोध्या प्रसाद अरजरिया , जागेस्वर प्रसाद , हरिशंकर , रामप्रसाद रमेश प्रसाद अरजरिया , मकबूल हकीम आदि से बात करने पर बताया की जो मंदिर काशीपुरा में बना है , बैसा ही मंदिर वनारस वणारसी में बना है ,देश में मंदिर एक जैसे है। देश के आजादी के बाद इस मंदिर की किसी भी प्रकार की कोई आर्थिक मदद न मिलने के कारण मंदिर खंडहर में तव्दील होने लगा है। मंदिर के भण्डार कक्ष तथा सुरक्षा दीवाल गिर चुकी है। जो भक्त दर्शन करने आते है वह अपनी ओर से कुछ सुधार करवा रहें है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार और ग्राम विकास की ओर से इस मंदिर के रखरखाव सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं । पूर्व ब्लॉक प्रमुख डी एल यादव द्वारा मंदिर में कुछ चुनाव के समय सुधार कराया गया था उसके बाद कोई सुनने वाला नहीं है ।

इस मंदिर की यदि तत्काल सुरक्षा और सुधार की और ध्यान नहीं दिया गया तो बुंदेलखंड का प्रसिद्ध दार्शनिकधार्मिक आस्था का केंद्र काशीपुरा मंदिर ध्वस्त हो जायेगा।

## मोबाइल लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने किशोर को मारी गोली

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बदमाशों ने मोबाइल लूट का विरोध करने पर एक किशोर को गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के समसपुर निवासी मुनेश प्रजापति का बेटा कुणाल प्रजापति अपने दो दोस्तों के साथ कानपुर-वाराणसी हाईवे पर खड़ा होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान वहां बाइक सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे और किशोर से उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। किशोर द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली कुणाल के पेट को छूते हुए बाएं हाथ के पंजे में जा लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, लेकिन हमलावर तब तक फरार हो चुके थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कुणाल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# पुलवामा के बलिदानियों को बुंदेलों ने दी श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस । महोबा

गोरखगिरि पर्वत के ऊपर बुंदेलों ने आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उन 40 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जो 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा जिले के लेथपोरा इलाके में हुए आतंकी हमले में बलिदान हो गए थे। बुंदेलों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। पुलवामा शहीदों को नमन करते हुए बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि आज उनकी 7वीं बरसी है। पुलवामा आतंकी हमले ने आज ही के दिन पूरे देश को झकझोर दिया था। सीआरपीएफ के करीब 2500 जवान 78 वाहनों के काफिले में श्रीनगर जा रहे थे, तभी जैश ए मोहम्मद संगठन के आतंकी आदिल अहमद डार ने विस्फोटक से लदी कार से काफिले के एक वाहन में टक्कर मार दी और 40 जवान बलिदान हो गए लेकिन इन बलिदानियों की तेरहवीं से पहले ही भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट स्थित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रशिक्षण केन्द्र पर एयर स्ट्राइट कर बदला ले लिया था। साथ ही भारत सरकार ने पाकिस्तान को अपने सबसे प्रमुख व्यवसायिक देशों (मोस्ट फेवर्ड नेशन्स) की सूची से भी हटा दिया था। श्रद्धांजलि सभा में दिलीप जैन, अवधेश गुप्ता, सिद्धे सेन, महेन्द्र, पवन सोनी, प्रेम, महेन्द्र चौरसिया, नीरज, अन्नू पुरवार, गया प्रसाद, अमित शिवहरे, विपिन भाखरी, सुरेश शुक्ला, बाबा राम दास त्यागी, नरेन्द्र मिश्रा, संदीप, चंद्रकांत, मुन्ना, अच्छे लाल व पवन सोनी आदि मौजूद रहे।

# रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में डीजे संचालकों को रात दस बजे के बाद डीजे बजाना भारी पड़ सकता है। यूपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। परीक्षाओं में शोर का खलल न पड़े, इसके लिए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। पुलिस ने साफ किया है कि परीक्षा केंद्रों व आवासीय क्षेत्रों के आसपास ध्वनि सीमा का कड़ाई से पालन करें। निर्धारित मानक से अधिक साउंड पूर्णतः प्रतिबंधित है। उल्लंघन पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों को शांत वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है। शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के मद्देनजर एसपी दीपक भूकर ने जिले भर के थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रात दस बजे के बाद अगर किसी भी कार्यक्रम में डीजे बजता हुआ पाया गया तो उसे सीज करने के साथ ही संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाय। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि निर्धारित अवधि यानी कि सुबह छह बजे से रात दस बजे तक भी निर्धारित मानक 45 से 55 डेसीबल के भीतर ही ध्वनि प्रसारण की अनुमति होगी। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पच्चीस हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की मानिकपुर थाने की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले गैंगलीडर ( माफिया ) राजेश मिश्रा गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इनामिया अभियुक्त दिनेश निर्मल के विरुद्ध न्यायालय ने वारण्ट जारी किया था। इस पर जिले में एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में मानिकपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार के ईनामिया अभियुक्त दिनेश निर्मल को मानिकपुर थाना इलाके के मूंदीपुर (रानापट्टी) उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त दिनेश को शनिवार को जेल भेज दिया।

# डीएम ने 120 की रफ्तार से चलाई गाड़ी, गंगा एक्सप्रेसवे का किया परीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को डीएम शिवसहाय अवस्थी ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु संग्रामगढ़ टोल प्लाजा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यूपीडा के पीआईओ विजय कुमार ने डीएम को बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का लगभग 98 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में फिनिशिंग एवं अंतिम चरण के कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा परिसर में आपातकालीन सेवाओं के तहत दो एंबुलेंस, एक क्रेन तथा एक मेडिकल सेंटर की व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही तैनात कर्मचारी नियमित रूप से रूट पेट्रोलिंग करते रहते हैं, जिससे किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा यातायात संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पीआईओ ने यह भी बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक विस्तृत है और जिले में इसकी कुल लंबाई 40 किलोमीटर 700 मीटर है, जो अर्रो गांव से बरबसपुर तक फैली हुई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कुछ अराजक तत्व एक्सप्रेसवे पर वाहनों से स्टंट कर सोशल मीडिया के लिए रील बनाते हैं तथा मना करने पर भी नियमों का पालन नहीं करते। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे तत्वों की पहचान कर तत्काल प्रशासन को सूचित किया जाए, ताकि उनके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जा सके और एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा एवं अनुशासन कायम रखा जा सके। इसके उपरांत डीएम ने स्वयं गंगा एक्सप्रेसवे पर लगभग 15 किलोमीटर तक निर्धारित गति सीमा 120 की स्पीड से वाहन चलाकर सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान 1-2 स्थानों पर सड़क की सतह में हल्का उतार-चढ़ाव महसूस किया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी मानकों के अनुरूप सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

# खेल, अनुशासन और आत्मविश्वास से उज्ज्वल भविष्य : प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव बड़े उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिंगापुर के उद्योगपति अयाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, ताइक्कांडो, 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। रस्साकशी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। रस्साकशी में महिला वर्ग में एनसीसी की बालिकाओं को विजेता घोषित किया गया, जबकि पुरुष वर्ग में एनएसएस के बालकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। कबड्डी प्रतियोगिता में एनएसएस की बालिकाओं ने ट्रॉफी अपने नाम की, वहीं पुरुष वर्ग में बीबीए के छात्रों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कबड्डी ट्रॉफी जीती। 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में मोहम्मद सलमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में श्रद्धा ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक बनाता है। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ खेलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी तथा आशा व्यक्त की कि महाविद्यालय के छात्र भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन अहमद अब्बास खान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान,डीएलएड प्रभारी आर.पी. सिंह, मोहम्मद अल्वी,डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ अंकित श्रीवास्तव, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव, मोहम्मद इलियास, प्रवीण यादव, संतोष सिंह, अंकित यादव, आदित्य मिश्रा, तकरीम फातिमा, उमरा खान, फरहीन बानो, दिव्यानी सिंह, मोहम्मद शफीक,किरमानी रुस्तम,मोहम्मद आजम,अकिल, शकील गुर्जर, बंटी सहित महाविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में अंशुमान, राजन, नुदरत, सुजीत, हर्ष आदि विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। पूरा खेल महोत्सव जोश, अनुशासन, सौहार्द और खेल भावना से ओत-प्रोत रहा।

# श्री राम की बाल्य लीला सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालु भगवान श्रीराम की बाल्य लीलाओं का वर्णन सुन भावविभोर हो उठे। कथा व्यास राजन जी महाराज ने माता पार्वती और भगवान शिव के संवाद के माध्यम से श्रीराम के दिव्य स्वरुप का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा के दौरान उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ से निवेदन किया कि वे श्रीराम की कथा आरंभ से अंत तक सुनाएं। माता ने जिज्ञासा प्रकट करते हुए पूछा कि जिन राम की आप आराधना करते हैं। वे कौन हैं - क्या वे निर्गुण ब्रह्म हैं या अयोध्या में जन्म लेने वाले राजा दशरथ के पुत्र? इस प्रश्न के उत्तर में भगवान शिव ने श्रीराम के सगुण और निर्गुण दोनों रूपों की महिमा का विस्तार से वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि ÷हरि और राम में कोई भेद नहीं है। जो राम हैं वही हरि हैं।÷ उन्होंने कहा कि बिना भगवान शंकर की कृपा और भक्ति के रामकथा का पूर्ण पुण्य प्राप्त नहीं होता। संतों के जीवन से सीख लेते हुए हर परिस्थिति में प्रसन्न रहना ही सच्ची भक्ति है।

उन्होंने कहा कि जिसकी जिह्वा भगवान का गुणगान नहीं करती, वह मेढ़क की तरह व्यर्थ ध्वनि करती है। कथा के दौरान पूरा पंडाल मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी के जयघोष से गूंज उठा।

राजन जी महाराज ने श्रीराम की बाल लीलाओं का अत्यंत मार्मिक चित्रण करते हुए बताया कि भगवान का अवतार केवल धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए होता है। कथा सुनते हुए श्रद्धालु भावविभोर हो गए और वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम के अंत में आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह, विधायक रमेश सिंह , क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस सहित पुलिस बल तैनात दिखी।

आयोजक श्रीश अग्रहरि, आनंद अग्रहरि, अमित अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुनील अग्रहरि टप्पू, कृष्णकान्त सोनी, राम अवतार अग्रहरि, अश्वनी अग्रहरि, श्रीश मोदनवाल, विवेक सोनी, शीम प्रकाश अग्रहरि सिम्पू ने सभी भक्तों को कथा मे आने व प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया। उक्त श्रीराम कथा 20 फरवरी तक चलेगा।

# गोमती तट पर संत समागम में पहुंचे डीएम डॉ.दिनेश चन्द्र

## कोटि तीर्थ वराह धाम में विधिवत पूजा-अर्चना, संतों का लिया आशीर्वाद



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने ब्लॉक डोभी के केराकत क्षेत्र स्थित कोटि तीर्थ वराह धाम, रामगढ़ चंदवक पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। गोमती नदी के पावन तट पर आयोजित संत समागम में सहभागिता करते हुए उन्होंने संत समाज का आशीर्वाद प्राप्त किया और इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया।

जिलाधिकारी ने कहा कि संतों के मध्य उपस्थित होना उनके लिए आत्मिक प्रसन्नता का विषय है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने संत समाज के आशीर्वाद को जीवन की दिशा और ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि संतों का सानिध्य व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि गोमती तट पर आयोजित यह संत समागम सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। संतजन भगवान सूर्य की ऊर्जा से प्रेरणा लेकर गांव-गांव, शहर-शहर और पूरे राष्ट्र में भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने संतों के योगदान को राष्ट्र और समाज के लिए अमूल्य बताते हुए सभी संतों के चरणों में नमन किया। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनके निर्देशानुसार जनपद जौनपुर सहित प्रदेश के विभिन्न प्राचीन मंदिरों और धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर जीर्णोद्धार एवं विकास के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं, जिन पर स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि दूरदराज क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और गोमती तट स्थित यह ऐतिहासिक स्थल भी उसी कड़ी का महत्वपूर्ण केंद्र है।

अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में शिक्षा प्राप्त करने और हरिद्वार से सेवा प्रारंभ करने के दौरान उन्हें विभिन्न अखाड़ों के संतों का आशीर्वाद मिला, जो उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि जब-जब राष्ट्र और धर्म पर संकट आया, संत समाज ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए संस्कृति की रक्षा की है। डीएम ने स्पष्ट किया कि 'धर्म' केवल किसी मत या संप्रदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता, समरसता और कल्याण का संदेश देता है।

सनातन धर्म सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है और संपूर्ण मानव जाति के कल्याण की कामना करता है।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने संत समाज से भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने हेतु मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान करते रहने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित संतों एवं वृद्धजनों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया और मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संतजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि से पहले त्रिलोचन महादेव मंदिर पहुंचे डीएम



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनज़र जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने तहसील केराकत स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने विशेष रूप से मंदिर परिसर एवं शिवालयों में व्यापक साफ-सफाई कराने, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कराने तथा भीड़ प्रबंधन की प्रभावी योजना लागू करने पर जोर दिया। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में उपजिलाधिकारी केराकत शैलेंद्र कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत शैलेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गाड़ी खरीद में छह लाख की धोखाधड़ी का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जनपद में वाहन खरीद-फरोख्त के मामले में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। पीड़ित पवन यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उनका आरोप है कि दोस्त ने पिकअप वाहन बेचने के नाम पर उनसे लाखों रुपये ले लिए और अब वाहन पर अपना दावा जता रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पवन यादव का कहना है कि वर्ष 2023 में उन्होंने अपने परिचित रविंद्र पांडे से टाटा कंपनी की योद्धा पिकअप खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने दो लाख रुपये नकद अदा किए थे और शेष रकम बैंक की किस्तों के माध्यम से चुकाने का समझौता हुआ था। तय शर्तों के अनुसार 28 माह तक प्रतिमाह 21,103 रुपये की किस्त जमा करनी थी। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने लगातार 28 महीनों तक किस्त अदा की और केवल अंतिम किस्त शेष थी। इसी दौरान बैंक कर्मियों द्वारा वाहन उठा लिया गया। जब वह वाहन के संबंध में जानकारी लेने पहुंचे तो रविंद्र पांडे ने स्वयं को वाहन का मालिक बताते हुए कहा कि उनका इस गाड़ी से कोई संबंध नहीं है। पवन यादव का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में उनके साथ लगभग छह लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम प्रयास में हृश्वञ्ज-छ्वक्रस्न और ॥क्कस्ष्ट असिस्टेंट प्रोफेसर बने शिवम सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जनपद के वाजिदपुर तिराहा स्थित प्रतिष्ठित अभिराज मोटर ट्रेनिंग स्कूल के संचालक शनि सिंह के छोटे भाई शिवम सिंह ने शिक्षा जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए व एमए की पढ़ाई में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले शिवम सिंह ने प्रथम प्रयास में ही नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शिवम सिंह, पुत्र दयाशंकर सिंह, वर्तमान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शोधरत हैं और पीएचडी कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्वजनों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। इसी क्रम में उन्होंने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (॥क्कस्ष्ट) द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर उनकी नियुक्ति हुई है, जिससे शिक्षा क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को नई पहचान मिली है। अपनी सफलता का श्रेय शिवम सिंह ने अपने बाबा जी, माता-पिता, गुरुजनों, मित्रों तथा बड़े भाई शनि सिंह व सौरभ सिंह को दिया है।

# 6 करोड़ की सौगात से बदलेगा चौकिया धाम का स्वरूप,भव्यता और आधुनिकता के संग सजेगा मां शीतला धाम: विवेकानंद पांडा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर



## भव्यता और आधुनिकता का नया संगम

### भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण

मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पहले से कहीं अधिक आकर्षक और भव्य बनाया जाएगा।

द्वार के दोनों ओर मां शीतला की विशाल तस्वीरें स्थापित की जाएंगी तथा पूरे प्रवेश द्वार को छोटी-छोटी कलात्मक प्रतिमाओं से सजाया जाएगा।

साथ ही रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं का स्वागत दिव्य वातावरण में हो सके।

### आधुनिक हॉल और नए प्रवेश मार्ग

भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुराने हॉल को हटाकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए हॉलों का निर्माण किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए दो नए प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे—एक शाहगंज मार्ग की ओर तथा दूसरा पचहटिया मार्ग की दिशा में।

### सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाएं

मंदिर परिसर के पीछे स्थित कुंड में दो आकर्षक फव्वारे लगाए जाएंगे और ग्रेनाइट की जगह विशेष डिजाइनयुक्त स्टोन सेटिंग की जाएगी। दीवारों पर भी कलात्मक स्टोन डिजाइन का कार्य होगा।

पूर्वांचल की आस्था का प्रमुख केंद्र मां शीतला धाम चौकिया अब भव्यता की नई कहानी लिखने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने चौकिया धाम के सुंदरीकरण और पर्यटन विकास के लिए 6 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि मंजूर कर दी है।

इस परियोजना के तहत धाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसे प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की तैयारी की जा रही है।

सरकारी स्तर पर धाम के कायाकल्प की सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। सर्वे कार्य संपन्न कर लिया गया है और फाइनल डिजाइन भी तैयार हो चुका है। संबंधित कार्यदायी संस्था से आवश्यक बातचीत पूरी कर ली गई है।

संभावना जताई जा रही है कि इसी माह परियोजना की नींव रखी जा सकती है और जल्द ही निर्माण कार्य जमीनी स्तर पर शुरू होगा।

स्थानीय श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों का मानना है कि इस विकास कार्य से पूर्वांचल में मां शीतला धाम की महत्ता और अधिक बढ़ेगी तथा यहां आने वाले भक्तों की संख्या में भी इजाफा होगा।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक स्थायी मंच का निर्माण किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सुलभ कॉम्प्लेक्स (शौचालय) बनाए जाएंगे, परिसर में स्वच्छता के लिए कूड़ेदान लगाए जाएंगे तथा गलियों में इंटरलॉकिंग के स्थान पर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। नालियों की सफाई और समग्र स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात भी कही गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्य के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक तोड़फोड़ नहीं की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। धाम के पांडा विवेकानंद ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह परियोजना पूर्ण होने के बाद मां शीतला धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहेगा, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी जौनपुर को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## 50 लाख की रंगदारी न देने पर झोलाछाप बंगाली डॉक्टर को मारी गोली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बक्सा थाना क्षेत्र के लिखऊंवा बाजार में शनिवार को रंगदारी न देने पर बदमाशों ने झोलाछाप बंगाली डॉक्टर को गोली मार दी। गोली डॉक्टर के पैर में लगी है। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घायल झोलाछाप डॉ. वी.के. बंगाली ने बताया कि छह फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल कर अपना नाम शोले सिंह बताते हुए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। डॉक्टर के अनुसार उन्होंने रकम देने से इनकार कर 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दे दी थी। डॉक्टर ने बताया कि शनिवार को करीब तीन बजे एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश उनके क्लिनिक पर पहुंचे। इनमें से एक ने असलहा निकालकर उनके पैर में गोली मार दी। गोली चलते ही बाजार में भगदड़ मच गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया।

# भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर में लगेगा खोया पाया शिविर, एसडीएम ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



रविवार को महाशिव रात्रि पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को उप जिलाधिकारी बस्ती सदर शत्रुघ्न पाठक,

सीओ बस्ती सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी और समिति के संरक्षक डा. वीके वर्मा ने श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर में समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में संचालित बिछड़े मिले, खोया पाया माध्यम शिविर का उद्घाटन किया। कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों की संख्या में भक्तों की आस्था उमड़ती है। ऐसे में जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर संचालन एक अच्छी पहल है. इससे मेले में बिछड़े लोगों को अपनों से मिलाना आसान हो जाता है।

समिति के संरक्षक डा. वीके वर्मा ने कहा कि खोया पाया शिविर की जरूरत हमेशा बनी रहेगी, पिछले 34 वर्षो से जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर का अनवरत संचालन एक उपलब्धि है. बिछड़ों को मिलाना पुनीत कार्य है।

शिविर संचालक जय प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि जितना संभव होगा चाहे जितनी कठिनाईयां आयें शिविर का संचालन अनवरत जारी रहेगा. किसी के खोये हुये बच्चे को उसके परिवार से मिलाने पर खुशी मिलती है।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से भूमिधर गोस्वामी, राजेश गिरी, शिव पुजारी गिरी, प्रदीप सिंह पिंकू, नवीन दूबे, बालकृष्ण तिवारी पिन्टू, महेन्द्र प्रताप चौधरी, राजेश्वर तिवारी, प्रिन्स शुक्ला, कौशल शुक्ल, रविशंकर शुक्ल, गुड्डू पाण्डेय, गौरव गास्वामी, बब्लू तिवारी, विजय प्रकाश गोस्वामी, सीए अजीत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## अपने ही जमीन पर शौचालय निर्माण कर रहे हैं विपक्ष रोक रहे हैं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के बिरहदपुर गांव निवासी पप्पू प्रजापति ने अपने ही जमीन पर निर्माण कार्य रोके जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि वह अपने निजी भूखंड पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे, जिसे विपक्षियों द्वारा जबरन रुकवा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिरहदपुर गांव निवासी पप्पू प्रजापति (पुत्र स्व. मखई प्रजापति) का आरोप है कि गांव के ही सुजीत प्रजापति (पुत्र बाल गोविंद प्रजापति), प्रमोद प्रजापति (पुत्र लालमन प्रजापति) तथा नगीना पत्नी सुजीत प्रजापति निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि संबंधित भूमि उनकी निजी संपत्ति है और उसी पर वह शौचालय का निर्माण कर रहे थे। पप्पू प्रजापति के मुताबिक, विपक्षी पक्ष न केवल निर्माण कार्य रोक रहा है बल्कि विवाद और झगड़े के लिए भी तैयार रहता है। उनका आरोप है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित का कहना है कि डायल 112 की टीम के पहुंचने के बाद काम बंद करा दिया गया। पीड़ित ने बताया कि वह लाइन बाजार थाने पर तीन बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि भूमि पर किसी अन्य का वैधानिक दावा सिद्ध होता है तो वह देने को तैयार हैं, लेकिन अपनी ही जमीन पर निर्माण कार्य रोकना अन्याय है।

# डॉ.राम कृष्ण लाल 'जगमग' को 'राष्ट्रीय साहित्य मणि' पुरस्कार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



अलीगढ महोत्सव में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि डॉ. राम कृष्ण लाल 'जगमग' को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'राष्ट्रीय साहित्य मणि' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पिछले पांच दशक से साहित्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय और 'चाशनी' से लेकर 'किसी की दिवाली किसी का दिवाला', विलाप खण्ड काव्य, 'हम तो केवल आदमी है', 'सच का दस्तावेज' खुशियों की गौरैया, बाल सुमन, बाल चेतना, नन्हें मुन्नों का संसार आदि कृतियों के रचयिता डॉ. जगमग कृत चाशनी का अब तक छह संस्करण प्रकाशित हो चुका है।

प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सक एवं साहित्यकार डा. वीके वर्मा ने कहा कि डॉ. जगमग ने जहां स्वयं अनेकों कृतियां समाज को दिया वहीं वे पूर्वांचल में समर्थ कवियों की पीढ़ी तैयार कर रहे हैं। चाशनी अनूठी कृति है जिसकी उपयोगिता सदैव बनी रहेगी। सम्मान से अभिभूत डॉ. जगमग ने कहा कि उन्होंने जिस तरह से जीवन को देखा उसे शब्दों में उतार दिया, यह क्रम अनवरत जारी है। पुरस्कारों से और बेहतर सृजन की क्षमता मिलती है। इस मौके पर डा. रघुवंशमणि त्रिपाठी, डा. राधेश्याम बंधु, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी 'दीपक', विनोद कुमार उपाध्याय, डॉ. त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, बीके मिश्र, डॉ. अफजल हुसेन 'अफजल', अनवार पारसा, श्याम प्रकाश शर्मा, बटुकनाथ शुक्ल, पेशकार मिश्र, डा. मुकेश मिश्रा, समीर तिवारी, अर्चना श्रीवास्तव, दीपक सिंह प्रेमी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# डीएम-एसपी ने सदर कोतवाली का निरीक्षण किया

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



कानून-व्यवस्था और शिकायत निस्तारण को मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने शनिवार को कोतवाली सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संयुक्त टीमें बनाई जाएं। इन टीमों को मौके पर जाकर जांच करनी होगी और शत-प्रतिशत, समयबद्ध व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को थाना समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जिन मामलों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से होना है, उनमें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समय पर कार्रवाई की जाए।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली सदर कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, मिशन शक्ति केंद्र और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव को दुरुस्त रखने और सभी प्रविष्टियों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश दिए अधिकारियों ने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्ड प्रबंधन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकें।

## शिव बारात मार्ग पर बिजली पोलों की जांच

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शहर शिव बारात के मद्देनजर विद्युत विभाग शनिवार को सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। बारात के रास्ते में पड़ने वाले बिजली के खंभों पर करंट की जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। विभाग की टीम द्वारा बिजली के तारों के फैले हुए मकड़जाल को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। इन तारों को सही तरीके से बांधकर सुरक्षित किया जा रहा है। शनिवार, 14 फरवरी 2026 को दोपहर 12:30 बजे, लखीमपुर नई बस्ती पावर हाउस के जेई अमरदीप सिंह और एसडीओ शैलेश सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। एसडीओ शैलेश सिंह ने बताया कि यह सभी तैयारियां शिव बारात को ध्यान में रखकर की जा रही हैं। श्रीराम चौराहे से लेकर मिश्राना चौराहे तक के मार्ग पर यह कार्य चल रहा है, जिसका उद्देश्य बारात के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है।

# खाटू श्याम मंदिर में विजया एकादशी पर भव्य संकीर्तन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



विजया एकादशी के पावन अवसर पर, गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर स्थित खाटू श्याम मंदिर में एक अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिससे मंदिर प्रांगण भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत हो गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जाने-माने भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपनी सुरीली आवाज में खाटू श्याम बाबा के मधुर भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। भजनों की धुन पर भक्तगण झूमते और नाचते नजर आए, हर तरफ श्याम बाबा के जयकारों की गूँज सुनाई दे रही थी।

मंदिर के पुजारी, श्री संतोष पाठक ने इस अवसर पर विजया एकादशी के धार्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्मग्रंथों में इस व्रत को अत्यंत प्रभावशाली माना गया है, जिससे मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन की समस्त बाधाएँ दूर होती हैं।

श्री पाठक ने यह भी कहा कि इस व्रत का पुण्य किसी अन्य व्यक्ति को भी समर्पित किया जा सकता है, और यह शत्रुओं पर विजय दिलाने तथा भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने में सहायक होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विजया एकादशी का व्रत कठिन समय में मन को मजबूती प्रदान करता है और सही निर्णय लेने की शक्ति देता है।

संकीर्तन में पुरुष, महिलाएं और बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खाटू श्याम बाबा के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और भक्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी।कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पुजारी संतोष पाठक ने उपस्थित सभी भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया, और सभी ने बड़े ही श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस सफल आयोजन में श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुमित राठौर सहित अन्य सभी सेवादारों की सक्रिय उपस्थिति और अथक प्रयास सराहनीय रहे।

# सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी- अनंत प्रकाश सरोज

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला की इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए विदाई एवं आशीर्वचन समारोह का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साहजनक एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व संसद सदस्य रवि प्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।इस अवसर पर संगीत शिक्षिका आरती गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा हिंदी प्रवक्ता अनुराग वाजपेई ने अतिथियों के स्वागत सम्मान में काव्य पाठ किया अपनी सीनियर छात्राओं के लिए कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा गीतों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां प्रदान की। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए धैर्य और साहस अपनाने की सलाह दी तथा परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने के टिप्स बताए। अंग्रेजी शिक्षिका पूनम वर्मा ने छात्राओं के मध्य सफल होने के लिए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई विकल्प नहीं है कठिन परिश्रम और गुरुजनों द्वारा दिए गए संस्कार ही भविष्य की चुनौतियों से लड़ने का आप सबको संबल प्रदान करेंगे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं पाठय सहगामी गतिविधियों में छात्राओं की सक्रिय सहभागिता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर सर्वश्रेष्ठ करने का आशीर्वाद दिया और कहा सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा मौजूद रहे।संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में संयोजिका सुप्रिया गुप्ता,आरती गुप्ता, रागिनी , मनीषा भारती, सत्यवती गौतम,अरुण शेखर, सरोज कुमार वर्मा, योगेंद्र कुमार हसीब अख्तर अंसारी का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने अपनी ओजस्वी वाणी एवं मनमोहक अंदाज में किया।अंत में सभी छात्राओं को उपहार स्वरूप पेन वितरित किए गए।

# मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना मे शनिवार को मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री रमेश कुमार प्रजापति-अध्यक्ष, योग वेदांत सेवा समिति एवं प्रधानाचार्य मुनेन्द्र दत्त शुक्ल द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत रोली, बैज एवं स्मृति चिह्न के साथ करवाया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए मुख्य अतिथि जी ने बताया कि जहां पाश्चात्य सभ्यता से प्रेरित समाज इस दिवस को वेलेंटाइन डे के रूप में मनाता है, वहीं विद्याभारती विद्यालयों में इस दिवस को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। योग वेदांत सेवा समिति के सदस्यों ने पूर्ण वैदिक रीति से मातृ-पितृ पूजन करवाने में विद्यालय का सहयोग किया।

इस अवसर पर ध्रुवी निगम, अनिष्का व निष्ठा भल्ला ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आचार्या गरिमा बक्शी के संयोजन में आज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय के लगभग 126 अभिभावक सपत्नीक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर शिशु मंदिर का समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मातृ-पितृ पूजन एवं महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई) के प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन एवं महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप-प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी जी की सुव्यवस्थित कार्ययोजना के अंतर्गत संपन्न हुआ। मंच संचालन का दायित्व आशीष बाजपेई जी ने निभाया तथा अतिथियों का परिचय आदरणीय प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी द्वारा कराया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंजू जायसवाल जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सूरज जायसवाल जी, विद्यालय के कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल जी तथा प्रबंधक रवि भूषण साहनी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथि परिचय के उपरांत बहनों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें सुंदर गीत एवं नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। भैयाओं द्वारा भी एक प्रेरणादायी गीत की प्रस्तुति दी गई।

विद्यालय के आचार्य कुलदीप शुक्ल जी ने अपने उद्बोधन में महाशिवरात्रि एवं मातृ- पितृ पूजन की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में लगभग 150 भैया-बहनों के माता-पिता ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से अपने माता-पिता का पूजन-अर्चन किया। भगवान शिव की आरती एवं मातृ-पितृ आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में प्रबंधक जी द्वारा आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुलिस ने जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को उनके महनौर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट किया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। आम आदमी पार्टी द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को प्रशासन ने रोक दिया। प्रदर्शन से पहले ही पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को उनके महनौर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया, जिससे उन्नाव में निराला पार्क के पास होने वाला प्रदर्शन नहीं हो सका।

पार्टी का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों और आम जनता के हितों से समझौता किया है, जो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में किया गया। आम आदमी पार्टी इस कथित समझौते को रद्द कराने की मांग कर रही थी और महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने की तैयारी थी। इस संबंध में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा, सरकार सच से डर रही है। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का हमारा अधिकार छीना जा रहा है। किसानों और आम लोगों के हितों के साथ हुए समझौते के खिलाफ हमारी आवाज दबाने के लिए हमें हाउस अरेस्ट किया गया। लेकिन आम आदमी पार्टी न झुकेगी और न रुकेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्रवाई योगी आदित्यनाथ सरकार के तानाशाही रवैये को दर्शाती है।

## गोशाला में भूख से मर गईं कई गाय

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली के सीबीगंज स्थित कान्हा उपवन गोशाला में अखिल भारतीय गो रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कान्हा उपवन में कई गाय चारा न मिलने के कारण भूख से मर गई हैं। गाय की हालत देखने के लिए शनिवार दोपहर संगठन के लोग कान्हा उपवन पहुंचे थे। संगठन के अध्यक्ष हेमन्त गंगवार ने बताया कि गोशाला का गेट गार्ड ने नहीं खोला। जिससे कार्यकर्ता खाफी देर बाहर खड़े रहे। गार्ड ने आदेश दिखाने की बात कही, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। जिसके बाद हंगामा बढ़ गया और कार्यकर्ता हंगामा करते हुए गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। मामले की सूचना पर सीओ सेकेंड, सीबीगंज व फतेहगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। संगठन के लोगों ने महापौर उमेश गौतम से बात कर पूरी घटना बताई। कार्यकर्ता नगर आयुक्त को बुलाने की मांग पर अड़े गए। हंगामे को देखते हुए मौके पर पुलिसबल तैनात किया गया है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर निकलेगी भब्य शिव बारात सभी भक्त बाराती आमंत्रित

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी मार्ग समाज सेवी वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर बैठक आयोजित कर प्रेस वार्ता कर बताया गया की शिव सेवा समिति शुक्लागंज उन्नाव द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित भगवान शिव बारात की शोभा यात्रा दिब्य भव्य रूप से दिनांक 15 फरवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 1:00 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपीनाथपुरम से प्रारंभ होकर राजधानी मार्ग अंबिका मेमोरियल पब्लिक स्कूल से मुड़कर राजधानी मार्ग होते हुए थाने के पास से मुड़कर पुनः सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथपुरम शुक्लागंज में विश्राम लेगी यात्रा में पोनी रोड, कंचन नगर, गोपीनाथपुरम, सकेतपुरी से भक्तगण टोली बनाकर नाचते गाते हुए यात्रा में सम्मिलित होंगे शिव बारात शोभायात्रा में भगवान शिव की परिवार सहित झांकीयां बारात में सम्मिलित भक्त जनों के मन को प्रफुल्लित करने वाली होगी यात्रा के दौरान विशाल सजे हुए रथ पर भगवान भोलेनाथ लीलाओं का प्रदर्शन करते नाचते गाते एवं नृत्य करते हुए

शोभायात्रा की भव्यता को बढ़ाएंगे शोभायात्रा में 11 अन्य छोटे रथ व झांकियां सम्मिलित होंगी भक्तगणों की टोली वाद्य यंत्रो के साथ डमरू बजाते हुए यात्रा के साथ-साथ चलेगी जो अपने आप में यात्रा का दिब्य स्वरूप प्रदर्शित कर आकर्षण का केन्द्र होगी समिति के सहयोगी संगठनों जिनमे प्रमुख रूप से रोटरी क्लब, ब्रह्म सभा, भारत विकास परिषद, गणेश महोत्सव समिति, रामलीला समिति, दुर्गा पूजा समिति, रामनाम लेखन समिति, गायत्री परिवार, क्षत्रिय सभा, परशुराम ब्रिगेड, रोटी बैंक,जय हो फाउंडेशन अपनी सेवा देंगे शिव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगर वासियों से और शिवभक्तो से अपील की है

कि शिव बारात की शोभायात्रा में पधारे व शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएं प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित लोगों में आयोजक वीरेंद्र शुक्ला जी, अंजनी अग्निहोत्री जी, कमल वर्मा जी, सूर्यकुमार बाजपेई जी, भूपेंद्र सिंह, सत्य कुमार उपाध्याय, राजन कनौजिया, सर्वेश राजपूत, आकाश बाजपेई, सुनील सिंह यादव, यश प्रताप, रोहन कनौजिया, निश्चित श्रीवास्तव, राहुल यादव, गौरव यादव, अनूप साहू आदि लोग उपस्थित रहे

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर शुक्लागंज गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के महेश खेड़ा के पास विजय डॉक्टर के सामने लोडर ने मारी बाईक सवार को टक्कर युवक की मौके पर ही मौत युवक पीपर खेड़ा गांव का निवासी है गड़रियन वाला पीपरखेड़ा निवासी धर्मेंद्र पाल का पुत्र शुभांकित पाल (26) शनिवार सुबह अपनी तीन वर्षीय मासूम बेटी अदिति को बाइक पर बैठाकर घुमाने निकला था। बेटी को घर छोड़ने के बाद वह किसी काम से मरहला चौराहे की ओर गया था। सुबह करीब 10:30 बजे जब वह बाइक से आजाद मार्ग होते हुए वापस घर लौट रहा था, तभी महेश खेड़ा गांव के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शुभांकित का संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल डिवाइडर से जा टकराया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे इंस्पेक्टर ने जांच-पड़ताल शुरू की। परिजन शुभांकित को जीवित समझकर आनन-फानन में पहले एक निजी अस्पताल और फिर कानपुर के उर्सला अस्पताल ले गए। वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानपुर में ही पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा पंचनामा भरा है शुभांकित की मौत की खबर मिलते ही घर में हड़कम्प मच गया। पत्नी नीलम, छोटे भाई अंकुश और हेमंत सहित पूरे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम अदिति को तो यह भी नहीं पता कि सुबह उसे घुमाने ले जाने वाले पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाली पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# मारुति वैन डंपर में घुसी आधा दर्जन से अधिक घायल एक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। बरात से लौट रही वैन पक्षी विहार के सामने आगे चल रहे अज्ञात डंपर में घुस गई। हादसे में चालक सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया बाकी अन्य सात लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

असोहा थाना क्षेत्र के बरेला गांव से शुक्रवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के भदेहा गांव बरात गई थी। रात में लौटने के दौरान नवाबगंज पक्षी विहार के सामने वैन आगे चल रहे डंपर में पीछे से घुस गई। जिससे वैन क्षतिग्रस्त हो गई और सभी बाराती उसमें फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी बाहर निकालकर सीएचसी भेजा। जहां असोहा थाना क्षेत्र के बरेला गांव निवासी महेश (40) पुत्र गुरुप्रसाद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि सोहरामऊ थाना क्षेत्र के खैला मऊ निवासी मोहित (18) पुत्र राजकुमार, लवकुश (25) पुत्र बच्चन, महेंद्र (35) पुत्र बबलू व अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दुंदपुर गांव निवासी रामबाबू (33) पुत्र बाबूलाल, गोविंद (31) पुत्र रामनरेश, दिलीप (30) पुत्र रामशंकर व हरचंदपुर निवासी चालक सरवन (30) पुत्र नंदकिशोर को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वैन जिस अज्ञात डंपर में घुसी थी वह मौके भाग गया था।

## शहीद स्मारक आनन्द घाट पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के सीताराम कालोनी मोहल्ले में आनन्द घाट पर जय हो फाउंडेशन के निशुल्क शिक्षा लेने वाले बच्चों ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा की पावन धरती पर हुए कायराना आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले माँ भारती के वीर सपूतों को शत-शत नमन किया और हाथो में तिरंगा लेकर मार्च निकाला उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा उनका साहस, समर्पण और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत है देशभक्ति के भाव से प्रेरित बच्चों ने भारत माता की जयघोष के साथ उन अमर शहीदों की पुण्य स्मृति में आज पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की आयोजन जय हो फाउंडेशन के जय सिंह ने किया आयोजित किया।

# महाशिवरात्रि से पहले घर में निकले छह कोबरा सांप, दहशत में आया परिवार

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के शीशगढ़ कस्बे में शनिवार को एक घर से छह जहरीले सांप निकलने से परिवार में दहशत फैल गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांपों का रेस्क्यू किया। महाशिवरात्रि से पहले घर में इतने सांप निकलने से मोहल्ले में दिनभर कौतूहल बना रहा।

कस्बे के मोहल्ला शरीफ नगर वार्ड नंबर 14 के निवासी मोहम्मद यासीन ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से लगातार वन विभाग केअधिकारियों को सूचना दे रहे थे कि उनके घर में कई सांप है। शनिवार दोपहर बाद वन विभाग की टीम ने छह जहरीले सांप पकड़े हैं। मोहम्मद यासीन ने बताया कि सुबह उनके घर की बुनियाद में काले सांप दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग के दरोगा छेदा लाल मौर्य और सांप पकड़ने वाले राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। सुबह 11 बजे से शाम लगभग चार बजे तक चले रेस्क्यू में घर से छह सांप पकड़े गए। सभी सांप कोबरा प्रजाति के हैं। यह पहली बार नहीं है जब मोहम्मद यासीन के घर से सांप निकले हैं। वन विभाग के हलका दरोगा छेदा लाल मौर्य ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी घर से दो जहरीले सांप पकड़े गए थे। लगातार सांप निकलने से परिवार के लोग दहशत में हैं। समाज के लोग इसे तंत्र विद्या सहित कई तरह-तरह की बातों से जोड़कर देख रहे हैं। वन विभाग की टीम ने बताया कि इन सांपों को फतेहगंज के पास स्थित रबर फैक्टरी के जंगल में छोड़ा जाएगा।

# दोस्ती कर युवक से बनाए संबंध, फिर वसूले 10 लाख रुपये

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में एक महिला ने हनीट्रैप में फंसाकर युवक से नजदीकी बढ़ाई। उसने युवक के साथ संबंध बनाए और फिर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये वसूल लिए। बाद में मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 12 लाख रुपये और मांगे। पीड़ित युवक ने प्रेमनगर थाना पुलिस से महिला और गिरोह के खिलाफ तहरीर दी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया। प्रेमनगर के इंद्रानगर निवासी युवक ने बताया कि इज्जतनगर के वीरसावरकर नगर निवासी पूजा शर्मा ने हनीट्रैप में फंसाकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर उससे दस लाख रुपये ले लिए। इसके बाद पूजा 12 लाख रुपये की डिमांड करने लगी। मनीष की शिकायत पर पूजा समेत तीन लोगों के खिलाफ प्रेमनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी पूजा को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि महिला के साथियों की तलाश की जा रही है। पूजा के पास से मोबाइल बरामद हुआ है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पूजा ने बताया कि उसका पति से अलगाव हो गया है। वह दो छोटी बच्चियों के साथ अलग रह रही है। आय का कोई साधन नहीं है। इसी बीच युवक से उसकी मुलाकात हो गई। जब मनीष से उसने नजदीकी बढ़ाई तो खर्चा मिलने लगा। कई जगह बाहर घूमने भी गई। मौज मस्ती करने के बाद पूजा ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर उससे दस लाख रुपये ले लिए। दस लाख रुपये लेने के लिए पूजा ने मनीष के खिलाफ फर्जी शिकायत भी की थी। जब लाखों रुपये मिले तो पूजा को लालच आ गया।

# दुर्लभ धातुओं में चीन का जाल: क्यों भारत का तकनीकी भविष्य 17 दुर्लभ तत्वों पर टिका है?

*रेयर अर्थ यानि दुर्लभ धातु क्या हैं? क्यों हमारे पास होते भी हम चीन पर निर्भर, लगभग मोहताज हैं? आइए जानते है इन सत्रह दुर्लभ धातुओं को, समझें क्यों इनका कोई विकल्प नहीं है और इनमें से प्रत्येक की कमी हमारी तकनीकी, सैन्य और आर्थिक प्रगति पर किस प्रकार प्रभाव डालती है। भारत इसमें क्या कर सकता है, और क्या संभव नहीं।*



प्रदीप राणा



**जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक वाहनों, रक्षा प्रणालियों, ऊर्जा ग्रिडों, अंतरिक्ष, विज्ञान के क्षेत्रों में एक प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनने की भारत की पदयात्रा गंभीर रूप से उन दुर्लभ मिलने वाली धातुओं पर निर्भर करती है जिनके बारे में अधिकांश लोगों ने कभी नहीं सुना है। ये 17 दुर्लभ तत्व हैं जो तकनीकी क्षेत्रों में किसी भी देश की उपलब्धियों को बनाते या बिगाड़ते हैं।

भारत के पास इनकी कमी नहीं है। ओडिशा की समुद्री रेत से लेकर तमिलनाडु और केरल के तटीय विस्तार तक, देश के पास दुनिया के दुर्लभ धातु भंडार का लगभग 6 से 7 प्रतिशत हिस्सा है। फिर भी यह वैश्विक उत्पादन में मात्र 2 प्रतिशत है। समस्या मिट्टी के नीचे नहीं है, बल्कि उसके ऊपर है – नीति, दूरदर्शिता का लगभग अभाव और शायद चीन की खनन एवं खोजी तक्निकिओं की बराबरी करने में असमर्थता। चीन दुनिया के लगभग दो-तिहाई उत्पादन, और लगभग 90 प्रतिशत शोधन सुविधाओं को नियंत्रित करता है। यहाँ तक कि अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया में खनन किए गए अयस्कों को भी अक्सर प्रोसेसिंग के लिए चीन भेजा जाता है। यह प्रभुत्व बीजिंग को अत्यधिक प्रभाव देता है – यह तय करने के लिए कि किस देश की तकनीक दौड़ में आगे निकलने के लिए किसे अवसर मिले।

भारत की मोनाजाइट-समृद्ध रेत का प्रबंधन बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत 'इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड' द्वारा किया जाता है, लेकिन दशकों तक परमाणु संवेदनशीलता की चिंताओं के कारण निजी खनन प्रतिबंधित था। जबकि चीन ने खानों, चुम्बकों, तैयार इलेक्ट्रॉनिक्स का एक विशाल तंत्र बनाया, दूसरी ओर भारत ने अपने संसाधनों को बेकार रखा या केवल बनुमुल्य रेत से दुर्लभ धातुओं को निकलने के लिए निर्यात किया। परिणाम रणनीतिक निर्भरता का एक रूप है जो भारत की तकनीकी संप्रभुता को कमजोर करता है। दुर्लभ धातुओं के बिना, कोई इलेक्ट्रिक वाहन, मोटर, कोई पवन टरबाइन, कोई उन्नत रडार और कोई स्मार्टफोन चल नहीं सकता।

अब भारत के पास चीन का दुर्लभ धातु निर्यात का प्रस्ताव आया है जिस से ट्रंप आगबबूला हैं। दुर्लभ धातुओं में आत्मनिर्भरता की ओर भारत के हालिया अभियान ने गति ज़रूर पकड़ी है। सरकार ने घरेलू शोधन और चुंबक निर्माण को आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहन जारी किए हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण संभालने के लिए इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड नेटवर्क को मजबूत किया है। यह बदलाव तब आया है जब चीन, दुनिया के प्रभुत्वशाली दुर्लभ धातु की आपूर्तिकर्ता ने, एक सोची-समझी चाल चली है–भारत को इस शर्त पर सीमित आपूर्ति फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है कि सामग्री को किसी तीसरे देश में फिर से निर्यात नहीं किया जाएगा। इशारा अमेरिका के लिए है, जो अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत को चीन का सशर्त प्रस्ताव ठीक उसी समय सामने आया जब अमेरिकी अधिकारी सहयोगियों पर चीन के नियंत्रण से दूर, दुर्लभ धातु सोर्सिंग में विविधता लाने के लिए दबाव डाल रहे थे। बीजिंग का यह संकेत कि भारत केवल अपने उपभोग के लिए खरीद सकता है – अमेरिकी उद्योगों के लिए पिछले दरवाजे के रूप में नहीं – सबसे अधिक संभावना है कि इसने ट्रंप को क्रोधित कर दिया जिन्होंने चीन पर और भी उच्च टैरिफ लगा दिए। स्टील और सेमीकंडक्टर को लेकर जो व्यापार युद्ध शुरू हुआ था, वह इस प्रकार आधुनिक तकनीक की नींव रखने वाले कच्चे खनिजों के रणनीतिक मुकाबले में बदल गया है। भारत अब अवसर और सावधानी के बीच फंसा हुआ है, अपने दो सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों की प्रतिद्वंद्विता में न खींचे जाने को लेकर सतर्क है।

भारत की समस्या भूगर्भीय कमी नहीं बल्कि शोधन और प्रसंस्करण क्षमता की कमी है। भले ही भारत आक्रामक रूप से खनन करे, अयस्कों को अभी भी पृथक्करण के लिए विदेश भेजा जाना होगा – ज्यादातर चीन। असली बाधा (चोक पॉइंट) वहीं है। बाहर निकलने के लिए, भारत को एक राष्ट्रीय दुर्लभ धातु मिशन की आवश्यकता है: सख्त सुरक्षा उपायों के तहत निजी निवेश के लिए खनन खोलें, घरेलू शोधन क्लस्टर स्थापित करें, और डाउनस्ट्रीम नवाचार के लिए विश्वविद्यालयों और रक्षा प्रयोगशालाओं को जोड़ें। जब तक भारत अपनी दुर्लभ रेत को रणनीतिक ताकत में नहीं बदल सकता, वह उधार के तत्वों पर निर्माण करना जारी रखेगा और चीन पर मोहताज भी।

## सत्रह वो दुर्लभ धातुएं जो किसी भी देश के तकनीकी भविष्य में निर्णायक हैं

- **स्कैंडियम:** गोदावरी और महानदी नदी घाटियों में अंशों में पाई जाने वाली एक सफेद, पाउडर जैसी धातु। यह एल्युमीनियम को सख्त और हल्का बनाती है – विमानों के ढांचों और हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनों के लिए आवश्यक ईंधन सेल के लिए एकदम सही। भारत प्रति वर्ष केवल और केवल कुछ ग्राम ही निकाल पाता है। स्कैंडियम के बिना, भारत के एयरोस्पेस मिश्र धातु और हाइड्रोजन ईंधन-सेल प्रौद्योगिकियां आयात के भरोसे रहेंगी। मैग्नीशियम मिश्र धातु कुछ समय के लिए काम करते हैं लेकिन टिकते नहीं हैं।
- **यिट्रियम:** केरल और ओडिशा में मोनाजाइट रेत के साथ मिश्रित पाया जाने वाला एक नरम, चांदी जैसा पदार्थ। इसका उपयोग एलईडी स्क्रीन और मेडिकल लेजर में किया जाता है जिसके बिना स्क्रीन पर चित्र उत्पन्न नहीं किए जा सकते। कृत्रिम फास्फोरस उतने अच्छे साबित नहीं होते।
- **लैंथेनम:** समुद्र तट की रेत के अवशेषों से प्राप्त एक धूसर धात्विक धूल। यह कैमरों के कांच को और पारदर्शी करता है और हाइब्रिड कार बैटरी को शक्ति देता है। भारत के ऑप्टिकल ग्लास और बैटरी उद्योग आयात के भरोसे रहेंगे। जिरकोनियम या सीरियम कुछ कमियों को भरते हैं, लेकिन दक्षता कम हो जाती है।
- **सीरियम:** भारतीय मोनाजाइट रेत में प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली एक नरम, हल्की धातु। यह कार के निकास को स्वच्छ बनाती है और कांच की सतहों को बेदाग बनाती है। प्रदूषण नियंत्रण और कांच चमकाने के लिए आवश्यक। विकल्प टाइटेनियम डाइऑक्साइड उतनी अच्छी पॉलिश नहीं देता।
- **प्रासियोडायमियम:** यह वह है जो भारत को सबसे अधिक परेशान कर रहा है। नियोडायमियम के साथ पाया जाने वाला एक हरा-धूसर पाउडर। यह विमान के मिश्र धातुओं को मजबूत करता है और ईवी मोटर्स में उपयोग किए जाने वाले शक्तिशाली चुंबक बनाता है। कमी का मतलब घरेलू ईवी उत्पादन में कमी और विदेशी चुंबक आयात पर निर्भरता है। नियोडायमियम के साथ मिश्र धातु बनाना आंशिक रूप से भरपाई कर सकता है, लेकिन वह भी उतना ही दुर्लभ है।
- **नियोडायमियम:** ओडिशा की तटीय रेत के छोटे पॉकेट में पाई जाने वाली एक गुलाबी चमक वाली चांदी जैसी धातु। यह स्थायी चुम्बकों का हृदय है – जिसका उपयोग पवन टरबाइन, इलेक्ट्रिक कारों और हार्ड ड्राइव में किया जाता है। भारत के नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा रडार कार्यक्रमों में इसकी कमी से मंदी का खतरा है। फेराइट चुम्बकों का उपयोग विकल्प के रूप में किया जाता है लेकिन वे कमजोर और भारी होते हैं।
- **प्रोमेथियम:** एक रेडियोधर्मी ट्रेस तत्व जो ज्यादातर परमाणु रिएक्टरों में उप-उत्पाद के रूप में बनाया जाता है। कमी परमाणु बैटरी और वैज्ञानिक उपकरणों को प्रभावित करती है। ट्रिटियम और प्लूटोनियम आइसोटोप कुछ अनुप्रयोगों में इसे बदल सकते हैं।
- **समेरियम:** एक धूसर धात्विक धूल, दुर्लभ लेकिन उन चुम्बकों के लिए महत्वपूर्ण जो फाइटर जेट, मिसाइल और उपग्रहों जैसी अत्यधिक गर्मी का प्रतिरोध करते हैं। कमी भारत के एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन श्रृंखलाओं को लगभग रोक देती है। कोबाल्ट-आधारित चुंबक आंशिक राहत प्रदान करते हैं लेकिन अत्यधिक गर्मी में विफल हो जाते हैं।
- **यूरोपियम:** एक चमकदार सफेद धातु जो प्रकाश के नीचे लाल दिखती है। यह टीवी और कंप्यूटर स्क्रीन को रंग देती है, और नकली मुद्रा का पता लगाने में भी मदद करती है। कमी का मतलब है कि भारत के डिस्प्ले और सुरक्षा प्रिंटिंग उद्योग रुक जाएंगे। सिंथेटिक रासायनिक फास्फोरस तेजी से फीके पड़ते हैं और अधिक लागत वाले होते हैं।
- **गैडोलिनियम:** एक सघन धूसर धातु जो चुंबकत्व को पसंद करती है – यही वह है जो एमआरआई स्कैन को रोशन करती है और परमाणु रिएक्टरों में आवारा न्यूट्रॉन को सोखती है। कमी चिकित्सा इमेजिंग लागत बढ़ा सकती है और परमाणु आधुनिकीकरण को धीमा कर सकती है। विकल्प आयरन ऑक्साइड एमआरआई एजेंटों में काम कर सकता है, लेकिन कम स्पष्टता के साथ।
- **टेरबियम:** डिस्प्रोसियम के साथ खनन की गई एक चमकदार धातु, जो स्क्रीन में हरी चमक और ईवी चुम्बकों की दक्षता के लिए जिम्मेदार है। कमी का मतलब है कि स्वच्छ ऊर्जा और डिस्प्ले उद्योग दोनों अपनी धार खो देंगे। इसका समाधान डिस्प्रोसियम आंशिक रूप से प्रतिस्थापित करता है, हालांकि कम कुशलता से।
- **डिस्प्रोसियम:** एक चांदी जैसी सफेद, नरम धातु जो चुम्बकों को उच्च ताप में शक्ति बनाए रखने में मदद करती है। इसके बिना, भारत की उष्णकटिबंधीय जलवायु में पवन टरबाइन और ईवी अत्यधिक गरम हो जाएंगे और फेल हो जाएंगे। इसकी कमी भारत की हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए खतरा है। इसके विकल्प चुंबक रीडिज़ाइन और कूलिंग सिस्टम थर्मल नुकसान को कम करते हैं लेकिन लागत बढ़ाते हैं।
- **होल्मियम:** सभी ज्ञात सामग्रियों में सबसे मजबूत चुंबकत्व वाला एक नरम, चांदी जैसा तत्व, जिसका उपयोग फाइबर लेजर और सटीक कटिंग टूल्स में किया जाता है। इसकी कमी संचार फाइबर निर्माण और उच्च-सटीक मशीनरी को प्रभावित करती है। एर्बियम कुछ लेजर में इसकी जगह ले सकता है, लेकिन कम शक्ति के साथ।
- **एर्बियम:** ट्रेस रेत में पाई जाने वाली एक हल्की गुलाबी, कांच जैसी दिखने वाली धातु। यह फाइबर ऑप्टिक केबल में सिग्नल को बूस्ट करती है, जिससे भारत का इंटरनेट ट्रैफिक चलता है। इसके बिना इंटरनेट की गति और टेलीकॉम बुनियादी ढांचा धीमा हो जाएगा। वैकल्पिक एम्पलीफायर मौजूद हैं लेकिन वे भारी और ऊर्जा की खपत करने वाले हैं।
- **थुलियम:** एक हल्का चांदी का पाउडर, अत्यंत दुर्लभ – दुनिया भर में हर साल केवल कुछ किलो ही बरामद किया जाता है। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों और वैज्ञानिक लेजर में उपयोग किया जाता है। कमी का प्रभाव भारत की चिकित्सा इमेजिंग और अनुसंधान क्षमता पर पड़ता है। अन्य लेजर सामग्री मौजूद हैं लेकिन कम कामयाब हैं।
- **यिट्टरबियम:** मोनाजाइट रेत के अंशों में पाई जाने वाली पीले रंग की एक नरम धातु। तनाव सेंसर, भूकंपीय मॉनिटर और औद्योगिक लेजर में उपयोग की जाती है। कमी का प्रभाव: बुनियादी ढांचे में सुरक्षा निगरानी और भूकंप का पता लगाने वाली प्रणालियों को खराब करता है। मिश्रित ऋश्श मिश्र धातु काम कर सकते हैं, लेकिन उतने सटीक नहीं।
- **लुटेटियम:** एक चांदी जैसी सफेद धातु, सभी दुर्लभ मृदाओं में सबसे सघन और महंगी, जो केवल मोनाजाइट के सूक्ष्म कणों में पाई जाती है। यह पीईटी स्कैनर को शक्ति प्रदान करती है और तेल शोधन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। कमी का प्रभाव: स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्र की लागत बढ़ाता है। प्लैटिनम-आधारित उत्प्रेरक काम कर सकते हैं लेकिन वे बेहद महंगे हैं।

# सामूहिक मारपीट कर नकदी, सोने की चेन व मोबाइल लूटने का आरोप

- एनएचआई के पास कार रोककर 4-5 युवकों ने की बेरहमी से पिटाई, अस्पताल में कराया गया मेडिकल

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



कविनगर थाना क्षेत्र में सामूहिक मारपीट और लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने अज्ञात 4-5 युवकों पर मारपीट कर 22 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और मोबाइल फोन छीनने का आरोप लगाया है। मामले में कविनगर थाने में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। पीड़ित पंकज कुमार पुत्र अरविंद कुमार, निवासी ग्राम हिसपुरा जनपद हापुड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपनी कार से लाल कुआं की ओर से वेव सिटी जा रहे थे। एनएचआई पर एक ऑटोमोबाइल शोरूम से थोड़ा पहले बीच सड़क पर एक सफेद रंग की ब्रेजा कार खड़ी थी, जिससे उनकी कार टकरा गई। आरोप है कि टक्कर के तुरंत बाद कार से 4-5 अज्ञात युवक नीचे उतरे और बिना किसी बात के पंकज कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे कार से नीचे खींचकर सड़क पर गिरा दिया और सामूहिक रूप से लात-घूंसों व मुक्कों से बेरहमी से पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने उसका गला दबाने की भी कोशिश की और सिर पर कई वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हाथ, आंख और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर चोट के निशान व दर्द बताया गया है।घटना के बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर मेडिकल कराया। पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसकी जेब से 22 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और मोबाइल फोन भी छीन लिया। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ लूट, सामूहिक मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कविनगर पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टेकमेन बिल्डर्स के खिलाफ नागरिकों का फूटा आक्रोश



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

बिना नागरिक स्वीकृति सुविधा शुल्क बढ़ाने और मेंटिनेंस कंपनी बदलने सहित अन्य मांगों को लेकर का आरोप को मोती रेसीडेंसी के नागरिकों ने बिल्डर्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। निवासियों ने बिल्डर्स के खिलाफ वादा खिलाफी का भी आरोप लगाया है। नागरिकों ने इसके संबंध में बिल्डर्स को पत्र लिखकर सुविधाओं सहित जन विरोधी फैसले वापस लेने की मांग किया है। जिससे नागरिकों का आर्थिक शोषण रोका जा सके। मोती रेजिडेंसी गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन में जन सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायत बिल्डर्स और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से किया गया। लेकिन प्रशासनिक उदासीन रवैया बिल्डर्स के मनमाने का कारण बन गया है। नागरिकों ने बिल्डर्स पर बिना नागरिकों की सहमति मेंटिनेंस शुल्क में बढ़ोतरी और सुरक्षा व्यवस्था कंपनी परिवर्तन कर दिया है। जबकि जीडीए द्वारा सुविधा शुल्क के मुद्दे पर निर्देश को लेकर सोसायटी निवासियों ने बिल्डर्स से प्रशासनिक निर्देश के तहत ही कार्य करने की मांग किया है।

# मुंबई में मेट्रो लाइन पर हादसा: कंक्रीट स्लैब गिरने से एक की मौत, कई घायल, सीएम का आश्वासन, नहीं बचेंगे दोषी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई के मुलुंड में मेट्रो रेल की पटिया गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। इस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गहन जांच करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच में सुरक्षा, निर्माण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों आदि पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल सुरक्षा ऑडिट शुरू

मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी ऐसे स्थलों पर तत्काल सुरक्षा ऑडिट शुरू किया जाएगा। पुलिस और नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर मुंबई के मुलुंड इलाके में निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन 4 के गर्डर पुल की पटिया कुछ वाहनों पर गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दोपहर के कुछ समय बाद मुख्य एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार की पटिया एक ऑटो रिक्शा और एक स्कोडा कार पर गिर गई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन 4 दक्षिण-मध्य मुंबई के वडाला से पड़ोसी ठाणे तक निर्माणाधीन मार्ग है।

# म्यूनिख में एस जयशंकर का दौरा: जी7 के विदेश मंत्रियों से मुलाकात में भारत के हितों पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यहां उन्होंने जी7 समूह के विदेश मंत्रियों के साथ अहम बैठक की। यहां उन्होंने भारत के यूएनएससी को सहयोग समेत साझा हितों पर बात की। जयशंकर ने एक्स पर कुछ तस्वीरों को पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने लिखा समुद्री संचार रेखाओं की सुरक्षा, सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले के तौर पर काम करना, बंदरगाह सुरक्षा को मजबूत करने और सबमरीन केबल संरचना के लिए मदद करने में हमारी भूमिका पर बल दिया। इस बातचीत में भारत और जी7 के बीच कई समानताएं और साझा हित पर भी मंथन हुआ। इसके साथ ही एस जयशंकर ने एक गोलमेज बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, म्यूनिख में आस्पेन के राउंडटेबल 'दिल्ली डिसाइड्स: मैपिंग इंडियाज पॉलिसी कैलकुलस' के साथ अहम बैठक की। बहुध्रुवीय मांगों को पूरा करने के लिए एक तेज और बेजोड़ विदेश नीति की जरूरत पर जोर दिया। इस संबंध में इंडिया-ईयू एफटीए और इंडिया-यूएस ट्रेड डील के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। अनंता आस्पेन ने भी एक्स पोस्ट पर विदेश मंत्री का आभार जताते हुए जानकारी दी कि चर्चा में भारत की विकास रणनीति, मुख्य सहयोगी के सामने मौजूद विकल्प, और वैश्विक गतिशीलता में आए बदलाव के साथ सामरिक स्वायत्तता क्यों एक स्थिर सहारा बनी हुई है। भारत में स्थित एक प्रमुख गैर-लाभकारी और गैर-पक्षपाती संगठन है। इसे 2004 में स्थापित किया गया था। यह मूल्य-आधारित नेतृत्व और भारत के विकास से जुड़े सामाजिक-आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता है।

# 1191.30 लाख की लागत से मोहननगर-सीमा बॉर्डर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



14 फरवरी 2026 को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा मोहननगर से सीमा बॉर्डर तक 4.475 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सुनील कुमार शर्मा और जनपद सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस महत्वपूर्ण योजना की कुल लागत 1191.30 लाख रूपये है। सड़क का निर्माण दोनों तरफ से किया जाएगा तथा सभी मेट्रो स्टेशनों के नीचे आरसीसी निर्माण कराया जाएगा, जिससे सड़क मजबूत, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक बने। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 में भी इसी सड़क का निर्माण उनके प्रयासों से कराया गया था। नगर निगम द्वारा सीवर लाइन डाले जाने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अब इसे पुनः सुदृढ़ एवं आधुनिक रूप में बनाया जा रहा है। मंत्री शर्मा ने अपने भाषण में उत्तर प्रदेश सरकार की विकास नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में सड़कों, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण विकास है। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद सहित पूरे गाजियाबाद को आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद आज तीव्र गति से विकास कर रहा है और मजबूत आधारभूत संरचना ही प्रगति की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि यह सड़क लाखों नागरिकों के दैनिक जीवन को सुगम बनाएगी, व्यापार को गति देगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को सशक्त करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से गाजियाबाद विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में और भी अनेक जनहितकारी योजनाएँ धरातल पर उतरेंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। इस मौके पर पार्षदगण, मंडल अध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी का ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन




- जिलाध्यक्ष निर्मित यादव ने कहा कि भारत को इस समझौते के तहत अमेरिका को लगभग 18 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा,

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

आम आदमी पार्टी ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यापार डील को देश और किसानों के हितों के खिलाफ बताया तथा समझौते को रद्द करने की मांग की। पार्टी नेताओं का कहना है कि भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस डील से देश के किसानों और छोटे व्यापारियों पर सीधा असर पड़ेगा, जिससे उनकी आय में कमी आएगी और बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। जिलाध्यक्ष निर्मित यादव ने कहा कि भारत को इस समझौते के तहत अमेरिका को लगभग 18 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा, जबकि अमेरिका की ओर से पहले 25 प्रतिशत डायरेक्ट टैक्स की बात कही गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के प्रभाव से भारत पर आर्थिक दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना था कि भारत पहले ही कई उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स के साथ काम कर रहा है, ऐसे में यह समझौता देश के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

### प्रतिलिपि जलाकर जताया विरोध

प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने व्यापार डील की प्रतिलिपि जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि देश के किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस समझौते की समीक्षा की जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के अंत में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से व्यापार समझौते को तुरंत रद्द करने और देशहित में नई नीति बनाने की मांग की।

# युद्ध बयानबाजी से नहीं, सबूतों से जीते जाते हैं: अनिल चौहान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मौजूदा सर्वोच्च सैन्य अधिकारी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य की रक्षा रणनीति पर महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। पुणे में आयोजित 'जय से विजय' सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज के दौर में युद्ध केवल बयानबाजी या प्रतीकात्मक दावों से नहीं जीते जाते, बल्कि उन्हें ठोस सबूतों और प्रमाणित परिणामों के माध्यम से साबित करना होता है। अपने संबोधन में जनरल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि जीत की घोषणा करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसे प्रमाणित करना भी जरूरी है। उन्होंने परोक्ष रूप से पड़ोसी देशों की ओर संकेत करते हुए कहा कि कुछ लोग केवल दावे करते हैं, जबकि भारत ने अपने ऑपरेशनों में परिणामों को प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में सूचना, तकनीक और पारदर्शिता की भूमिका बेहद अहम हो गई है। ऐसे में किसी भी सैन्य कार्रवाई की विश्वसनीयता उसके प्रस्तुत किए गए तथ्यों और परिणामों से तय होती है।



### हवाई सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की जरूरत

सीडीएस ने बढ़ती तकनीकी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए भारत की एयर डिफेंस प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि ड्रोन, मिसाइल, साइबर और स्पेस आधारित खतरों के इस दौर में पारंपरिक सुरक्षा सोच पर्याप्त नहीं है। आने वाले दशक में भारत की रक्षा नीति को यथार्थवादी आकलन के आधार पर आकार देना होगा। उन्होंने कहा, 'अगले दस वर्षों के लिए हमारी रक्षा व्यवस्था को इस बात का गंभीर विश्लेषण करना होगा कि भविष्य की चुनौतियां क्या होंगी। सुरक्षा वातावरण तेजी से प्रतिस्पर्धात्मक, टकरावपूर्ण, नाजुक और तकनीकी रूप से जटिल होता जा रहा है।

### स्थायी दोस्त या दुश्मन की धारणा पर सवाल

जनरल चौहान ने बदलते वैश्विक परिदृश्य पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते ग्लोबल ऑर्डर में स्थायी मित्र या शत्रु की अवधारणा पर भरोसा करना अब व्यावहारिक नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संबंध परिस्थितियों के अनुसार बदलते हैं, इसलिए भारत को आत्मनिर्भर और आवश्यकता पड़ने पर अकेले कार्रवाई करने के लिए तैयार रहना चाहिए।